www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

राष्ट्रीय संस्करण

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

नई दिल्ली, शुक्रवार, 31 मई, 2024 | वर्ष-17 | अंक-55 | पृष्ठ-10 | मूल्य - 3.00 रुपए





शाह ने तिरुमायम के मंदिरों में की पूजा-अर्चना 02

■ हरियाणा सरकार के पानी नहीं छोड़ने के...
■ एलजी ने की मेधा पाटकर के लिए अधिकतम... 03

■ रूस पर यूक्रेन के हमलों से अमेरिका चिंतित
■ 2023 हिंसा के दोषियों को सख्त सजा दे... 07

पंजाब को बाहरी लोगों की साजिशों से बचाने की... 10

## सार संक्षेप

### पीओके भारत का अभिन्न अंग : विदेश मंत्रालय



**नई दिल्ली।** भारत ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में नियंत्रण रेखा के पार चीनी सेना की मदद से बंकर एवं अन्य बुनियादी सुविधाओं के निर्माण का कड़ा विरोध करते हुए गुरुवार को कहा कि पूरा पीओके भारत का अभिन्न अंग है और यह कदम हमारी क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता के खिलाफ है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने यहां नियमित ब्रीफिंग में कहा, पीओके पर हम अपनी स्थिति पर कायम हैं।

### मणिपुर में बाढ़ से तीन लोगों की मौत कई को बचाया



**इंफाल।** मणिपुर में सोमवार को आए चक्रवाती तूफान 'रेमल' के कारण एक महिला सहित तीन लोगों की मौत हो गई है और हजारों लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। राज्य में नंबुल, इंफाल, इरिल, कोंगबा और नंबोल सहित सभी प्रमुख नदियां बाढ़ के स्तर से ऊपर बह रही थीं। नदी तट के विभिन्न हिस्सों में किला, अस्पताल, प्रतिष्ठित महिला बाज़ार जलमग्न हो गए और अधिकांश सड़कें बाधित हो गई हैं।

### सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 6 जुलाई तक बढ़ी



**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने गुरुवार को कथित शराब घोटाले में गिरफ्तार आप नेता तथा दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 6 जुलाई तक बढ़ा दी। हाल ही में दिल्ली उच्च न्यायालय ने मामले में उन्हें जमानत देने से इनकार कर दिया था।

### दिल्ली अस्पताल अग्निकांड : 14 दिन की हिरासत में मालिक



**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने गुरुवार को बेबी केयर न्यू बोर्न अस्पताल के मालिक और एक सह-आरोपी को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। हाल ही में अस्पताल में लगी भीषण आग से सात बच्चों की मौत हो गई थी। मामले में अस्पताल के मालिक डॉ. नवीन खीची और आग लगने के दौरान ड्यूटी पर मौजूद कर्मचारी आकाश को गिरफ्तार किया गया था।

### होटल व्यवसायी हत्याकांड में छोटा राजन को सजा

**मुंबई।** मुंबई की एक विशेष अदालत ने माफिया डॉन राजेंद्र एस. निखलजे उर्फ छोटा राजन को शहर के होटल व्यवसायी जया शेट्टी की 2001 में हुई हत्या के मामले में गुरुवार को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। विशेष मकोका अदालत के न्यायाधीश ए.एम. पाटिल ने 23 साल पहले हुई हत्या के मामले में छोटा राजन को दोषी ठहराया।

# अंतिम चरण का प्रचार थमा, मतदान कल

## आठ राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेश चंड़ीगढ़ सहित 57 संसदीय सीटों पर पड़ेंगे मत

- 904 उम्मीदवार चुनाव में आजमा रहे अपनी किस्मत
- ओडिशा विधानसभा की 42 सीटों पर भी मतदान
- उत्तर प्रदेश की 13 व बिहार की आठ सीटें भी शामिल



लोकसभा चुनाव

**नई दिल्ली,** 30 मई (देशबन्धु)। भीषण गर्मी और राजनीतिक दलों के एक-दूसरे के खिलाफ तीखे बयानों से भरा अठारहवीं लोक सभा चुनाव के लिए करीब दो महीने तक चला चुनाव प्रचार का सिलसिला गुरुवार शाम छह बजे थम गया। इन चुनावों में सातवें एवं अंतिम चरण में आठ राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेश चंड़ीगढ़ सहित 57 संसदीय सीटों के लिए मतदान शनिवार को होगा। इसके साथ ही उसी दिन ओडिशा विधानसभा के चौथे और अंतिम चरण में 42 सीटों के लिए मतदान कराया जायेगा।

प्रचार अभियान में भाजपा के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ गठबंधन ने कांग्रेस और अन्य दलों के इंडिया समूह पर परिवारवाद, तुष्टिकरण और भ्रष्टाचार को लेकर आक्रमण किया। विपक्ष ने भाजपा नीत सरकार पर चुनावी बांड में भ्रष्टाचार, धार्मिक विभाजन की राजनीति और विपक्षी नेताओं के खिलाफ जांच एजेंसियों के इस्तेमाल के साथ-साथ संविधान को बदलने का मंसूबा रखने के आरोप लगाए। सातवें चरण में 57 लोकसभा सीटों पर 904 उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। इस चरण में केन्द्रशासित प्रदेश चंड़ीगढ की एक सीट के लिए मतदान कराया जाएगा। इसके अलावा ओडिशा विधानसभा की कुल 147 सीटों के चुनाव के अंतिम चरण में 42 सीटों पर मुकाबला सत्तारूढ बीजू जनता दल (बीजद), भाजपा और कांग्रेस के बीच है।

राज्य विधानसभा के चुनाव के पहले, दूसरे और तीसरे चरण में 13 मई को 28 और 20 मई को 35 और 25 मई को 42 सीटों पर वोट डाले गये थे। सातवें एवं अंतिम चरण में उत्तर प्रदेश की 13 सीटों पर 144, पंजाब की 13 सीटों पर 328, पश्चिम बंगाल की नौ सीटों के लिये 124, बिहार की आठ सीटों पर 134, ओडिशा की छह सीटों पर 66, हिमाचल प्रदेश की चार सीटों पर 37, झारखंड की तीन सीटों पर 52 और केन्द्रशासित प्रदेश चंड़ीगढ की एक सीट पर 19 उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। सात चरणों में कराये जा रहे लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण का मतदान एक जून को होगा। नतीजे चार जून को आएंगे।

### मोदी, रविशंकर व चन्नी चुनाव मैदान में

लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण में एक जून को मतदान होना है। इस चरण में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत, अनुराग ठाकुर, रवि किशन, रवि शंकर प्रसाद, संजय टंडन, कांग्रेस के अखिलेश प्रताप सिंह, अजय राय, तृणमूल कांग्रेस महासचिव अभिषेक बनर्जी, पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी और भोजपुरी कलाकार पवन सिंह समेत कई केंद्रीय मंत्रियों की किस्मत का फैसला इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन में बंद होगा।

### अब तक 486 सीटों पर हो चुका मतदान

लोक सभा की कुल 543 सीटों में से 486 सीटों पर मतदान की प्रक्रिया खत्म हो चुकी है। पहले चरण में 102 सीटों 66.14 प्रतिशत, दूसरे चरण में 88 सीटों पर 66.71, तीसरे चरण में 93 सीटों पर 65.68, चौथे में 96 सीटों पर 67.71 प्रतिशत, पांचवें में 49 सीटों 62.20 प्रतिशत और छठे चरण में 58 संसदीय सीटों पर 63.37 प्रतिशत मतदान हुआ है। सातवें एवं अंतिम चरण में एक जून को मतदान कराये जाएंगे। चुनाव परिणाम चार जून को आएंगे।

अखनूर के टंगली मोड़ क्षेत्र में बड़ा हादसा

# श्रद्धालुओं की बस खाई में गिरी, 22 की मौत

■ सुरेश एस डुग्गर



उप्र से शिवखोड़ी धाम जा रहे थे श्रद्धालु

**जम्मू,** 30 मई (देशबन्धु)। रियासी में स्थित शिवखोड़ी धाम जा रहे यूपी के श्रद्धालुओं की यात्री बस जम्मू के अखनूर में गहरी खाई में गिरने से 22 लोगों की मौत हो गई। 69 के करीब जख्मी गंभीर हालत में हैं। जम्मू-पूंछ राष्ट्रीय राजमार्ग पर अखनूर के टंगली मोड़ क्षेत्र में बड़ा सड़क हादसा हो गया। यहां एक यात्रियों से भरी बस गहरी खाई में जा गिरी। इस हादसे में अब तक 22 लोगों के मारे जाने की खबर है। करीब 69 यात्री घायल बताए जा रहे हैं। इनमें 20 को जीएमसी जम्मू रेफर किया गया है। अधिकारियों के मुताबिक दुर्घटना जिले के चौकी चोरा इलाके में तंगली मोड़ पर हुई। उन्होंने बताया कि बस लगभग 150 फीट नीचे खाई में लुढ़क गई। अधिकारियों ने बताया कि हादसे में 22 लोग मारे गए और 69 घायल हो गए। ट्रांसपोर्ट कमिशनर राजिन्द्र तारा सिंह ने 15 के मरने की पुष्टि की है। जानकारी के अनुसार, बस का नंबर है- यूपी 86ईसी 4078 बताया गया है। तीखे मोड़ पर सामने से आ रही एक बस के आने से हादसे वाली बस का चालक का संतुलन बिगड़ गया और यह हादसा हो गया। बस के गिरते ही चीख-पुकार मच गई। आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। पुलिस को भी सूचित किया गया। तुरंत में राहत और बचाव अभियान चलाया गया।

#### 90 से अधिक यात्री थे सवार

मौके पर पहुंचे लोगों ने बस के शीशे तोड़ कर लोगों को बाहर निकाला गया। फिर रस्सी और कुछ को पीठ पर लाद कर सड़क तक पहुंचाया गया। बताया जा रहा है कि बस में लगभग 90 से अधिक यात्री सवार थे।

# किसानों ने मोदी की रैली का विरोध किया





- तीन स्थानों पर किसानों ने प्रदर्शन किया
- पंजाब के होशियारपुर में मोदी ने की रैली

**होशियारपुर,** 30 मई (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पंजाब के होशियारपुर में रैली स्थल तक न पहुँचने देने के कारण किसानों ने तीन स्थानों पर विरोध प्रदर्शन किए हैं। किसानों ने श्री मोदी की रैली का विरोध करने की घोषणा की थी। दोआबा किसान कमेटी के अध्यक्ष जंगवीर सिंह, भारतीय किसान यूनियन राजेवल के जिलाध्यक्ष गुरईपाल सिंह और आजाद किसान कमेटी के जिलाध्यक्ष रणधीर सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों किसानों को पुलिस ने टांडा रोड पर विंडसर मैरेज पैलेस के निकट रोक दिया। वह रैली स्थल दशहरा मैदान जा रहे थे। उन्होंने वहीं सड़क के किनारे धरना शुरू कर दिया और नारेबाजी करने लगे। इसी तरह बीकेयू दोआबा के अध्यक्ष मंजीत सिंह राय के नेतृत्व में प्रदर्शनकारी किसानों के एक और समूह को पुलिस ने होशियारपुर-चंडीगढ़ रोड पर स्वर्ण फार्म्स के निकट रोक लिया। तीसरा समूह किसान मजदूर संघर्ष कमेटी (पिद्दी समूह) परमजीत सिंह भूल के नेतृत्व में था, जिसे पुलिस ने होशियारपुर-दासुया रोड पर काकोन टीपॉइंट पर रोक लिया। किसानों ने धरना शुरू कर दिया, जिसके बाद पुलिस उन्हें एक बस में बैठकर दासुया ले गयी और कुछ समय बाद उन्हें छोड़ दिया गया।

### ध्यान लगाने कन्याकुमारी पहुंचे मोदी

चुनाव के प्रचार थमने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शाम को कन्याकुमारी पहुंच गए। प्रधानमंत्री ने सबसे पहले भगवती देवी अम्मन मंदिर (कन्याकुमारी मंदिर) में दर्शन-पूजन किया। इसके बाद विवेकानंद शिला जाकर एक जून तक ध्यान लगाएंगे।

मनमोहन सिंह ने मतदाताओं के नाम लिखा खत

# मोदी की हेट स्पीच से प्रधानमंत्री पद की गरिमा गिरी



> अतीत में किसी भी प्रधानमंत्री ने समाज के किसी खास वर्ग या विपक्ष को निशाना बनाने के लिए इस तरह के घृणित,असंसदीय और असभ्य शब्दों का इस्तेमाल नहीं किया है : मनमोहन सिंह

**नई दिल्ली,** 30 मई (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव के आखिरी चरण से पहले पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने मतदाताओं के नाम खत लिखकर बड़ा धमाका किया है। राजनीतिक हलकों में उनके खत को लेटर बम की संज्ञा दी जा रही है। मतदाताओ खासकर पंजाब के मतदताओं से कांग्रेस के पक्ष में मतदान की अपील करते हुए सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर घृणा फैलाने वाला भाषण देने का आरोप लगाते हुए पद की गरिमा को कम करने का आरोप लगाया। उन्होंने इस बात को खारिज किया कि प्रधानमंत्री रहते उन्होंने कभी किसी समुदाय को विशेष दर्जा देने की बात कही थी। मनमोहन सिंह ने कहाकि वे इस चुनाव पर बारीकी से नजर रख रहे है। अब तक उन्होंने पाया कि प्रधानमंत्री घृणास्पद भाषणों के सबसे शातिर रूप का इस्तेमाल कर रहे हैं। जो कि पूरी तरह से विभाजनकारी प्रकृति के हैं। पूर्व प्रधानमंत्री ने कहाकि मोदी सार्वजनिक चर्चाओं की गरिमा और इस तरह प्रधानमंत्री पद की गरिमा को कम करने वाले पहले प्रधानमंत्री हैं। अतीत में किसी भी प्रधानमंत्री ने समाज के किसी खास वर्ग या विपक्ष को निशाना बनाने के लिए इस तरह के घृणित,असंसदीय और असभ्य शब्दों का इस्तेमाल नहीं किया है। मनमोहन सिंह ने कहाकि उनके नाम को लेकर प्रधानमंत्री ने कुछ झूठे बयान भी दिए हैं।

### मोदी ने जनता के मुद्दों को पीछे धकेला : खड़गे



**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने गुरुवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरे चुनाव प्रचार के दौरान खुद को महिमा मंडित किया, बेरोजगारी एवं महंगाई जैसे जनता के मुद्दों को दरकिनार किया ,आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन किया और प्रधानमंत्री पद की गरिमा को हटाया। श्री खड़गे ने आज यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि श्री मोदी ने चुनाव प्रचार के दौरान जनता के मुद्दों को पीछे धकेला और सिर्फ विपक्ष पर निशाना साधकर खुद को महिमा मंडित करने का काम किया है। इस चुनाव में श्री मोदी ने पूरी तरह से जनता को गुमराह करने का काम किया है और बेरोजगारी, महंगाई तथा दूसरे जनहित के मुद्दों को नजरअंदाज किया।

# केजरीवाल की जमानत याचिका पर ईडी को नोटिस

- एक जून को होगी अगली सुनवाई
- एएसजी ने जवाब के लिए समय मांगा



**नई दिल्ली,** 30 मई (एजेंसियां)। दिल्ली की एक अदालत ने गुरुवार को कथित शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सीएम अरविंद केजरीवाल की नियमित जमानत याचिका पर ईडी को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। राउज एवेन्यू कोर्ट की स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने मेडिकल आधार पर एक हफ्ते के लिए अंतरिम जमानत मांगने वाली उनकी याचिका पर भी एजेंसी से जवाब मांगा है। जज ने ईडी को नोटिस जारी कर नियमित और अंतरिम जमानत याचिकाओं पर जवाब मांगा। ईडी की ओर से कोर्ट में पेश हुए एडिशनल सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) एसवी राजू ने जवाब दाखिल करने के लिए और समय मांगा। राजू ने कहा कि सीएम केजरीवाल ने महत्वपूर्ण जानकारी का खुलासा नहीं किया है। ईडी को इन मुद्दों को कोर्ट के ध्यान में लाने की जरूरत है। राजू ने कहा कि सीएम केजरीवाल हिरासत में नहीं हैं। उन्हें सुप्रीम कोर्ट से अंतरिम जमानत मिली है। वह आज पंजाब में चुनाव प्रचार कर रहे हैं। उनके स्वास्थ्य ने उन्हें चुनाव प्रचार करने से नहीं रोका। उन्होंने आखिरी तारीख पर जमानत याचिका दायर की है, ताकि हमें बहुत कम समय मिले। उनका आचरण उन्हें आज किसी भी आदेश का हकदार नहीं बनाता। जज कावेरी बावेजा ने सीएम केजरीवाल की जमानत याचिकाओं के संबंध में ईडी के जवाब और आगे की दलीलों पर विचार करने के लिए अगली सुनवाई एक जून को निर्धारित की है। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने 10 मई को लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सीएम केजरीवाल को एक जून तक अंतरिम जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया था। सुप्रीम कोर्ट की रजिस्ट्री ने बुधवार को मेडिकल जांच कराने के लिए अंतरिम जमानत अवधि सात दिन बढ़ाने की मांग वाली उनकी अर्जी को स्वीकार करने से इनकार कर दिया था।

सपा नेता आजम खान को झटका

# डूंगरपुर मामले में दस साल की मिली सजा



■ 2019 में दर्ज हुआ था यह मामला

**रामपुर,** 30 मई (एजेंसियां)। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आजम खान को डूंगरपुर प्रकरण के एक मुकदमे में एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट (सेशन ट्रायल) ने गुरुवार को 10 साल की सजा सुनाई। गुरुवार को सुनवाई के दौरान सपा नेता वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सीतापुर जेल से जुड़े।

दरअसल, सपा नेता आजम खान के खिलाफ 2019 में डूंगरपुर बस्ती में रहने वाले लोगों ने बस्ती को खाली कराने के नाम पर लूटपाट, चोरी, मारपीट समेत अन्य धाराओं में गंज थाने में 12 मुकदमे दर्ज कराए थे। इनमें से तीन मुकदमों में फैसला आ चुका है। दो मामलों में सपा नेता बरी हो चुके हैं, जबकि एक मामले में उन्हें सात साल कैद की सजा सुनाई जा चुकी है। शासकीय अधिवक्ता ने बताया कि यह मामला 2019 में दर्ज हुआ था। जबकि, घटना 2016 की थी। वादी का आरोप था कि उनके घर में घुसकर जान से मारने की कोशिश और लूटपाट की गई।

पोर्श दुर्घटना में आया नया मोड़

# नाबालिग लड़के की मां भी जांच के घेरे में

**पुणे,** 30 मई (एजेंसियां)। पुणे पोर्श दुर्घटना में नया मोड़ आया है। दुर्घटना में आरोपी नाबालिग लड़के की मां शिवानी विशाल अग्रवाल की भूमिका की पुणे पुलिस जांच कर रही है। यह भूमिका सबूतों को नष्ट करने से संबंधित है।

पुणे पोर्श दुर्घटना में दो लोगों (लड़का-लड़की) की मौत हो गई थी। अधिकारियों ने बताया कि ससून जनरल अस्पताल के अधिकारियों ने 19 मई को नाबालिग लड़के के ब्लड सैंपल कूड़ेदान में फेंक दिए थे। उस दिन उन्होंने कथित तौर पर वहां मौजूद उसकी मां और दो अन्य लोगों के ब्लड सैंपल लिए थे।

पुलिस सामने आ रही खामियों को गंभीरता से लेते हुए शिवानी के ब्लड सैंपल एकत्र करेगी। कानूनी मंजूरी मिलने के बाद मामले में उसके खिलाफ कार्रवाई करेगी। 19 मई को पोर्श दुर्घटना के लिए उनके बेटे को गिरफ्तार किया गया था।

मौसम | भीषण गर्मी के बीच आई राहत की खबर

# मानसून ने केरल में दी दस्तक

**नई दिल्ली,** 30 मई (एजेंसियां)। देश के 7 राज्यों में गुरुवार (30 मई) को हीटवेव का रेड अलर्ट जारी किया गया है। इनमें पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान के कुछ हिस्सों, बिहार, झारखंड, ओडिशा शामिल हैं। उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश के कुछ हिस्सों, जम्मू संभाग, हिमाचल प्रदेश, महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ में ऑरेंज अलर्ट है। उत्तर-पश्चिमी राज्यों में भीषण गर्मी के बीच राहत की खबर आई है।



27 जून तक दिल्ली आने की संभावना

केरल में मानसून पहुंच चुका है। इसके साथ ही अरुणाचल प्रदेश, त्रिपुरा, नगालैंड, मेघालय, मिजोरम, मणिपुर और असम में भी मानसून की एंट्री हो चुकी है। दिल्ली में मानसून 27 जून तक आएगा। इस बार मानसून पूर्वानुमान के एक दिन पहले आया है। आईएमडी ने 31 मई तक इसके केरल में पहुंचने की संभावना जताई थी। मानसून जल्दी आने का कारण रेमल साइक्लोन बताया जा रहा है, जो 26 मई को पश्चिम बंगाल और बांग्लादेश में आया था। इससे पहले 30 मई, 2017 को साइक्लोन मोरा के कारण मानसून समय से पहले आया था। 2023 में केरल में मानसून की एंट्री सात दिनों की देरी के बाद 8 जून को हुई थी। ?आमतौर पर केरल में 1 जून को मानसून प्रवेश करता है और 5 जून तक देश के अधिकांश हिस्से को कवर कर लेता है।

### दिल्ली में गर्मी के कारण पहली मौत

दूसरी तरफ, दिल्ली में गर्मी से हीटस्ट्रोक के कारण आज पहली मौत दर्ज की गई। 40 साल के एक व्यक्ति ने राम मनोहर लोहिया अस्पताल में दम तोड़ दिया। उसे सोमवार (27 मई) की रात भर्ती कराया गया था। डॉक्टर ने बताया कि वह बिना कूलर या पंखे वाले कमरे में रह रहा था और उसे तेज बुखार था। डॉक्टर के मुताबिक, मृतक के शरीर का तापमान 107 डिग्री फारेनहाइट पहुंच गया था, जो सामान्य से लगभग 10 डिग्री ज्यादा है। व्यक्ति बिहार के दरभंगा का रहने वाला था।

# देश

**उवाच**

भारत हमेशा फिलिस्तीन के लोगों के साथ खड़ा रहा है और अब ऐसा करने का समय आ गया है। ऐसा करके भारत न केवल अपने नैतिक दायित्वों को कायम रखेगा बल्कि वैश्विक समुदाय में आशा और एकजुटता के प्रतीक के रूप में अपनी स्थिति को भी मजबूत करेगा।

–फारूक अब्दुल्ला, नेकां के अध्यक्ष



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 45.0 | 32.0 |
| मुंबई | 32.0 | 30.0 |
| कोलकाता | 32.0 | 29.0 |
| चेन्नई | 37.0 | 310.0 |

# कृषि उत्पादों के बाजार में किसानों की भागीदारी बढ़नी चाहिए : धनखड़

- उपराष्ट्रपति ने राष्ट्र की अर्थव्यवस्था में कृषि व किसानों के महत्व का किया उल्लेख
- गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विवि में शिक्षकों के साथ किया संवाद

**देहरादून,** 30 मई (देशबन्धु)। उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कृषि उत्पादों के बाजार में किसानों की भागीदारी बढ़ाने का आह्वान करते हुए गुरुवार को कहा कि विकसित भारत के निर्माण में खेती किसानी की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। धनखड़ ने नैनीताल में गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में शिक्षकों के साथ संवाद किया।

राष्ट्र की अर्थव्यवस्था में कृषि और किसानों के महत्व का उल्लेख करते हुए उप राष्ट्रपति ने कहा कि भारत को 2047 में विकसित राष्ट्र बनाने के महायज्ञ में सबसे महत्वपूर्ण आहुति किसान की होगी। उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने किसानों को कृषि उत्पादों के व्यवसाय, उनसे जुड़े उद्योगों में भागीदार बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि किसानों को कृषि उत्पादों के बाजार और उनके मूल्य संवर्धन में शामिल होना चाहिए। धनखड़ ने विश्वविद्यालय के शिक्षकों को किसानों में उच्च मूल्य वाली उपज और नई तकनीकों के उपयोग के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर भी ध्यान केंद्रित किया। गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय देश का प्रथम कृषि विश्वविद्यालय है जिसकी स्थापना वर्ष 1960 में हुई थी। हरित क्रांति में इस विश्वविद्यालय ने अहम भूमिका निभाई। मीडिया से मुखातिब होते हुए उन्होंने कहा कि बदलते परिवेश में किसान अपने को तकनीकी रूप से आगे बढ़ाए। उन्होंने कहा कि बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था में किसानों को अपना योगदान देना है तो किसानों को तीन बातों के लिए वचनबद्ध होना पड़ेगा।

किसानों को कृषि के साथ ही कृषि उद्योगों से जुड़ना होगा। किसान अपना उत्पाद तुरंत बेच देते हैं, जिससे उनको उपज का उचित मूल्य नहीं मिल पाता है और उन्हें आर्थिक रूप से नुकसान उठाना पड़ता है। उन्होंने अधिक लाभ कमाने के लिए वेयर हाउसिंग बनाने की सलाह दी। उन्होंने कहा यह देखा जाता है कि किसान दूध और छाछ तक ही सीमित रहता है। अब समय आ गया है कि दूध से आइसक्रीम, पनीर और सभी प्रकार के दुग्ध उत्पाद तैयार कर बाजार में बेचें।



## कृषि उत्पाद स्टालों का किया निरीक्षण

पंतनगर एयरपोर्ट पर उत्तराखण्ड के राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय के कुलाधिपति लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) गुरमीत सिंह तथा कुलपति डॉ. मनमोहन सिंह चौहान के साथ ही जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने उनका स्वागत किया। इसके उपरांत धनखड़ तराई भवन पहुंचे। यहां उन्होंने अपनी धर्मपत्नी डॉ. सुदेश धनखड़ के साथ चंदन का पौधारोपण किया। इसके बाद उप राष्ट्रपति ने नाहेप भवन में कृषि उत्पाद स्टालों का निरीक्षण किया और कृषि संग्रहालय का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने विवि के स्थापना से लेकर अभी तक की पूरी जानकारी ली। संग्रहालय से धनखड़ काफी प्रभावित हुए।

**भारत को 2047 में विकसित राष्ट्र बनाने के महायज्ञ में सबसे महत्वपूर्ण आहुति किसान की होगी : उपराष्ट्रपति**

## जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने रेबीज को अधिसूचित रोग घोषित किया

**श्रीनगर,** 30 मई (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने मानव रेबीज को अधिसूचित रोग (जिसके बारे में प्रशासन को जानकारी देनी आवश्यक होती है) घोषित कर दिया है। स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा गुरुवार को जारी एक अधिसूचना में कहा गया है कि जम्मू और कश्मीर के उपराज्यपाल ने महामारी रोग अधिनियम 1987 (1987 का अधिनियम संख्या 3) की धारा 2 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए 'मानव रेबीज' को प्रदेश में एक अधिसूचित बीमारी घोषित किया है। मेडिकल कॉलेज सहित सभी निजी और सरकारी स्वास्थ्य सुविधाओं को निर्देश दिया गया है कि वे मानव रेबीज के सभी संदिग्ध, संभावित और पुष्टि किए गए मामलों की तुरंत संबंधित जिले के सीएमओ को रिपोर्ट करें और एक प्रति राज्य नोडल अधिकारी राष्ट्रीय रेबीज नियंत्रण को दें। एशिया में रेबीज से होने वाली मौतों में 59.9 प्रतिशत और वैश्विक स्तर पर 35 प्रतिशत मौतें भारत में होती हैं।

Government of Jammu & Kashmir
Department of Health and Medical Education

# तीन लेफ्टिनेंट कर्नलों सहित 16 जवानों के खिलाफ मामला दर्ज

**श्रीनगर,** 30 मई (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर में सीमावर्ती कुपवाड़ा जिले के एक थाने में सोमवार रात हुए हमले में शामिल होने के आरोप में तीन लेफ्टिनेंट कर्नल सहित 16 सैन्यकर्मियों को नामजद किया गया है। इन पर एक पुलिसकर्मी का अपहरण करने और अन्य पुलिसकर्मियों को लात, डंडे तथा राइफल बट से पीटने और घायल करने का आरोप लगाया गया है।

सेना के जवानों पर हत्या के प्रयास, दंगा, अपहरण और डकैती समेत भादस के अन्य आरोपों में मामला दर्ज किया गया है। हमले में पांच पुलिसकर्मी उस समय घायल हो गए जब सेना के जवान कथित तौर पर रात 11.40 बजे के आसपास पुलिस स्टेशन में अनधिकृत रूप से घुस आए।

प्राथमिकी में नामजद अधिकारियों में '160 प्रादेशिक सेना' के लेफ्टिनेंट कर्नल अंकित सूद, राजू चौहान और निखिल शामिल हैं। पुलिस की ओर से दर्ज प्राथमिकी में कहा गया है कि तीन अधिकारियों के नेतृत्व में '160 प्रादेशिक सेना' के बड़ी संख्या में सशस्त्र और वर्दीधारी जवान अनाधिकृत रूप से पुलिस स्टेशन कुपवाड़ा के परिसर में घुस गए। प्राथमिकी में लिखा है, उन्होंने सामूहिक रूप से और बिना किसी उकसावे के गैरकानूनी रूप से एकत्र होकर पुलिस स्टेशन में मौजूद कर्मचारियों और अधिकारियों पर राइफल बट, लात और डंडों से गंभीर हमला किया। इसमें कहा गया कि सूचना तुरंत वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को दी गई जो उन्हें बचाने के लिए पुलिस स्टेशन पहुंचे।



- कुपवाड़ा थाने में सेना के जवानों पर चार पुलिसकर्मियों की पिटाई का मामला

## सैन्य प्रवक्ता ने आरोप को बताया निराधार

श्रीनगर स्थित सेना की 15वी कोर के प्रवक्ता ने कहा कि पुलिस और सैन्य जवानों के बीच विवाद व पुलिसकर्मियों की पिटाई करने का आरोप निराधार है। प्रवक्ता ने कहा, एक ऑपरेशनल मामले पर पुलिस कर्मियों और क्षेत्रीय सेना इकाई के बीच मामूली मतभेद को सौहार्दपूर्ण ढंग से सुलझा लिया गया है।

## सार संक्षेप

### दो आतंकवादी सहयोगियों को लगाया जीपीएस ट्रैकिंग डिवाइस

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने गुरुवार को अनंतनाग जिले में दो आतंकवादी सहयोगियों को ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम ट्रैकिंग डिवाइस लगाया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि अदालत के आदेशानुसार, अनंतनाग पुलिस ने आज गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम मामले में जमानत पर रिहा किये गये आतंकवादी सहयोगियों पर जीपीएस ट्रैकिंग डिवाइस लगाया, जिससे पता लगाया जा सके कि वे कहीं जमानत शर्तों का उल्लंघन तो नहीं कर रहे हैं।

### अहमदाबाद सिविल अस्पताल के एसी में लगी आग

**अहमदाबाद।** गुजरात में अहमदाबाद शहर के सिविल अस्पताल में गुरुवार को एसी मशीन में आग लगने से अफरा तफरी मच गई। अग्निशमन विभाग के कर्मी ने बताया असारवा स्थित सिविल अस्पताल के केंसर वार्ड गेट नं. सात के निकट ब्लॉक सी की पांचवीं मंजिल पर एसी मशीन में आज सुबह अचानक आग लग गयी। सूचना मिलते ही दमकल की तीन गाड़ियों के साथ दमकल कर्मी मौके पर पहुंच गए व करीब बीस मिनट की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। इस दौरान किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।

### कोल्हापुर में सिंचाई बांध की नहर में तीन पर्यटक डूबे

**कोल्हापुर।** महाराष्ट्र के कोल्हापुर जिले में राधानगरी तहसील के ओलवन-भटवाड़ी क्षेत्र में सिंचाई बांध के नहर में गुरुवार को दो महिलाओं सहित तीन पर्यटक डूब गए। तीन पर्यटक नहर में नहाने गए थे व नहाते समय पानी की गहराई का ठीक से अंदाजा नहीं लगा पाने के कारण सभी डूब गए। मृतकों ने ओलवन-भटवाड़ी गांव में नहर के किनारे भोजन करने का फैसला किया और रिश्तेदारों से भोजन लाने की बात कहा। पुलिस ने बताया कि जब उनके रिश्तेदार भोजन लेकर आए, तो उन्होंने शवों को पानी में तैरते देखा। राधानगरी पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और स्थानीय ग्रामीणों की मदद से शवों को बाहर निकाला।

### आलमगीर आलम को न्यायिक हिरासत में जेल भेजा

**रांची।** झारखंड में ईडी ने टेंडर कमीशन घोटाले में गिरफ्तार ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम की रिमांड अवधि समाप्त होने पर आज यहां पीएमएलए कोर्ट में पेश किया । पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने मंत्री श्री आलम को न्यायिक हिरासत में बिरसा मुंडा केंद्रीय जेल भेज दिया। इससे पूर्व मंत्री आलमगीर आलम को मेडिकल जांच के बाद ईडी के अधिकारी कोर्ट लेकर पहुंचे थे। ईडी मंत्री को तीन बार 14 दिनों के रिमांड पर लेकर पूछताछ कर चुकी है।

## ओडिशा आतिशबाजी हादसे में मृतकों की संख्या तीन पहंची

**भुवनेश्वर,** 30 मई (एजेंसियां)। ओडिशा के पुरी शहर में 21 दिवसीय चंदन यात्रा के समापन दिवस पर बुधवार को आतिशबाजी हादसे में घायल एक व्यक्ति की कटक के अस्पताल में मौत के बाद मृतकों की संख्या बढ़कर तीन हो गई है। तीर्थ नगरी पुरी में नरेंद्र टैंक के पास बुधवार रात एक पटाखा विस्फोट में लगभग 30 लोग गंभीर रूप से झुलस गए। घायलों में ज्यादातर बच्चे शामिल थे। सभी घायलों को पहले पुरी जिला मुख्यालय अस्पताल में भर्ती कराया गया था, लेकिन बाद में उन्हें भुवनेश्वर और कटक में स्थानांतरित कर दिया गया क्योंकि पुरी अस्पताल में इलाज की सुविधा नहीं थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, 21 दिवसीय चंदन यात्रा के समापन दिवस के अवसर पर आतिशबाजी का प्रदर्शन किया जा रहा था, तभी एक पटाखा दिशा चूक गया और पटाखों के ढेर पर जा गिरा, जिससे क्षेत्र में भीषण विस्फोट हुआ। यात्रा के सामापन दिवस के मौके पर सैकड़ों भक्त उत्सव और अग्नि प्रदर्शन को देखने के लिए एकत्र हुए थे। सूत्रों ने कहा कि अधिकांश घायल व्यक्तियों को भुवनेश्वर के एक निजी अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया जहां दो ने दम तोड़ दिया। अन्य को एससीबी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया जहां एक और घायल की इलाज के दौरान मौत हो गई।



**चंदन यात्रा के समापन दिवस पर हुआ था हादसा**

नालंदा में मोदी व नीतीश कुमार पर बरसे तेजस्वी यादव ,कहा

# महंगाई व बेरोजगारी बनेगी हार की वजह

- राजद नेता ने सरकार की कार्यप्रणाली पर उठाए सवाल

**पटना/नालंदा,** 30 मई (देशबन्धु)। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने नालंदा में मोदी व नीतीश पर हमला बोला। उन्होंने उन तीन कारणों का खुलासा किया है, जिसके आधार पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चुनाव में हार होगी। तेजस्वी यादव ने कहा कि यही तीन वजह है जो नरेंद्र मोदी को चुनाव हरवा रही है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी को उनकी तीन महबूबा चुनाव हरवा रही हैं। नरेंद्र मोदी अपनी तीनों महबूबा से सबसे अधिक प्यार करते हैं। नरेंद्र मोदी की पहली महबूबा बेरोजगारी है, दूसरी महबूबा गरीबी और तीसरी महबूबा महंगाई है। ये तीनों महबूबा मिलकर नरेंद्र मोदी को चुनाव हरवा रही हैं। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़ा किया। उन्होंने कहा कि बिहार का प्रशासन मुख्यमंत्री आवास के बदले राजभवन से चल रहा है। बिहार का प्रशासन का काम राजभवन से गवर्नर देख रहे हैं। अधिकारियों को बुलाकर उनसे समीक्षा कर रहे हैं।

तेजस्वी यादव ने नीतीश पर हमला बोले हुए कहा कि बिहार के विधानसभा चुनाव में चाचा बोला करते थे कि पैसा कहां से लाएंगे। भाजपा ने जब चाचा को लात मारकर बाहर कर दिया था, तो हमने समर्थन देकर सरकार बनवाई थी। उन्होंने पिता जी से माफी मांगी थी। उसके बाद वह फिर पलट गए। तीनों ही नेताओं ने इंडिया गठबंधन से भाकपा माले के नालंदा लोकसभा प्रत्याशी डॉ.संदीप सौरव के पक्ष में आमजन से वोट करने की अपील किया। जेडीयू वाले लोग अपनी सीटों पर लगे हुए हैं और बीजेपी के लोग अपनी सीटों को बचाने में जुटे हैं। यह चीजे बता रही हैं कि चार जून के बाद कुछ बड़ा होगा। उन्होंने कहा कि जब से हमने कहा है कि हमारे चाचा अपनी पार्टी को बचाने के लिए चार जून को कोई बड़ा निर्णय ले सकते हैं, तब से वह प्रचार में नहीं निकले हैं। तेजस्वी यादव ने कहा कि अंतिम चरण के चुनाव प्रचार के आखिरी दिन कुल 251 सभाएं मेरी पूरी हो गई। इस बार देश में इंडी गठबंधन की सरकार बनने जा रही है। हमलोग तीन सौ सीटें पार कर गए हैं। तेजस्वी यादव ने सभा में मौजूद जनता से पूछा कि देश में पिछले दस साल से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार है। बिहार में 17 साल से डबल इंजन की सरकार चल रही है। आप खुद से पूछिए कि आपके यहां कितना विकास हुआ है। इस क्षेत्र से जेडीयू के ही सांसद चुनकर आते रहे हैं। हमने संदीप सौरव को यहां से उतारा है।



**बिहार का प्रशासन मुख्यमंत्री आवास के बदले राजभवन से चल रहा है : तेजस्वी यादव**

## मीडिया डाल सकती है ध्यान में बाधा

प्रधानमंत्री मोदी के कन्याकुमारी दौरे पर तेजस्वी ने कहा कि मोदी जी अपनी मार्केटिंग करने कन्याकुमारी पहुंच गए हैं। नरेंद्र मोदी फोटो खींचवाने और शूटिंग करवाने के लिए कन्याकुमारी गए हैं। पिछली बार गुफा में बैठकर फोटो खींचवा रहे थे। इस बार वह कन्याकुमारी गए हैं, तो प्रधानमंत्री से निवेदन है कि मीडिया और कैमरा पर प्रतिबंध लगाएं। शांति से वहां जाकर ध्यान करें, ध्यान करने में बाधा नहीं होने दें।

# मध्य प्रदेश में एक जुलाई से मानसून सत्र



- मोहन यादव सरकार पेश करेगी पूर्ण बजट

**भोपाल,** 30 मई (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश विधानसभा का मानसून सत्र एक जुलाई को शुरू होगा। 19 जुलाई तक चलने वाले इस सत्र में 14 बैठकें आयोजित होंगी। इस दौरान डॉ. मोहन यादव सरकार आर्थिक सर्वेक्षण, पूर्ण बजट और विभागीय प्रतिवेदन पेश करेगी। संसदीय कार्य विभाग के प्रस्ताव पर राज्यपाल मंगुभाई पटेल के अनुमोदन के बाद विधानसभा सचिवालय ने अधूसिचना जारी कर दी है। मानसून सत्र की बैठकें एक से पांच जुलाई तक लगातार चलेंगी। छह और सात जुलाई को शनिवार-रविवार का अवकाश रहेगा। इसके बाद 13-14 जुलाई और 17 जुलाई को अवकाश रहेगा। सत्र में 14 बैठकें होंगी। लोकसभा चुनावों के बाद होने वाला यह सत्र हंगामेदार रहने की संभावना है। इस समय पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के साथ-साथ कई विधायक लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं। कांग्रेस ने अपने कुछ विधायकों को लोकसभा चुनाव में उम्मीदवार बनाया है। यदि विधायक लोकसभा चुनाव जीतते हैं तो उनकी सीटें खाली हो सकती हैं।

### 1.45 लाख करोड़ का लेखानुदान

राज्य सरकार ने लोकसभा चुनाव से पहले लेखानुदान पेश किया था। सरकार ने जुलाई 2024 तक विभागों के नियमित खर्च के लिए 1.45 लाख करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की थी। जुलाई से पहले सरकार को पूर्ण बजट पेश करना होगा। विधायकों को भी प्रश्न पूछने के लिए कम से कम 25 दिन का समय देना होता है। इस वजह से सत्र की अधिसूचना जारी कर दी गई है।

### बजट की तैयारियों में जुटा वित्त विभाग

वित्त विभाग ने बजट की तैयारी शुरू कर दी है। सभी विभागों से बजट के प्रस्ताव मंगाए गए हैं। साथ ही सभी विभागों के साथ उप-सचिव स्तरीय बैठकें चल रही हैं। यह बैठकें पांच जून तक चलेंगी। इसके बाद विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठकें होंगी।


## शाह ने तिरूमायम के मंदिरों में की पूजा-अर्चना

**पुडुकोट्टई,** 30 मई (एजेंसियां)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को तमिलनाडु के पुडुकोट्टई जिले में तिरुमायम किला परिसर स्थित श्री सत्यमूर्ति पेरुमल, श्री सत्यगिरीश्वर और श्री कोट्टई भैरवर को समर्पित ऐतिहासिक चट्टानी मंदिरों में पूजा-अर्चना की। शाह वाराणसी से विशेष विमान से गुरुवार अपराह्न तिरुचिरापल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचे। वहां से वह हेलिकॉप्टर से पड़ोसी शिवगंगा जिले के कनाडुकथान गए, जिसके बाद कड़ी सुरक्षा के बीच सड़क मार्ग से तिरुमायम किला पहुंचे। गृह मंत्री का संबंधित मंदिरों के पुजारियों ने 'पूर्ण कुंभ' सम्मान के साथ पारंपरिक स्वागत किया। उन्होंने 108 दिव्य देशम (भगवान विष्णु को समर्पित मंदिर) में से एक श्री सत्यमूर्ति पेरुमल मंदिर और भगवान शिव को समर्पित प्रसिद्ध शैव मंदिर श्री सत्यगिरीश्वर मंदिर में पूजा-अर्चना की। बाद में उन्होंने किले के उत्तरी हिस्से में स्थित श्री कोट्टई भैरवर मंदिर में भी पूजा की। बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों ने शाह का स्वागत किया। उनके साथ तमिलनाडु भाजपा अध्यक्ष के.अन्नामलाई और वरिष्ठ पार्टी नेता एच.राजा भी थे।



# कर्नाटक में हेराफेरी मामले में दो सरकारी अधिकारी निलंबित

**बेंगलुरु,** 30 मई (वार्ता) कर्नाटक सरकार ने कर्नाटक महर्षि वाल्मीकि अनुसूचित जनजाति विकास निगम लिमिटेड (केएमवीएसटीडीसीएल) में 85 करोड़ रुपए की हेराफेरी के आरोप में गुरुवार को इसके प्रबंध निदेशक जेजी पद्मनाभ और लेखा अधिकारी जी. परशुराम को विभागीय जांच होने तक निलंबित कर दिया। सीआईडी इन आरोपों की जांच कर रहा है। सरकारी आदेश में बताया गया है कि पांच मार्च से 23 मई के बीच अज्ञात व्यक्तियों ने निगम के बैंक खाते से बड़ी धनराशि निकाली। श्री पद्मनाभ हालांकि, 22 मई को धोखाधड़ी वाले हस्तांतरण के बारे में पता होने के बावजूद 27 मई तक सरकार को सूचित करने में विफल रहे, जिसके कारण उन्हें निलंबित कर दिया गया। आदेश में श्री पद्मनाभ की इस बात पर आलोचना की गई है कि जब जाली दस्तावेजों के माध्यम से 14 गुमनाम खातों में 86.62 करोड़ रुपयों का हस्तांतरण किया गया तो उन्होंने तुरंत कार्रवाई नहीं की। इसके अलावा, पद्मनाभ ने बताया कि वापस की गई धनराशि का स्रोत बताए बिना निगम के खाते में पांच करोड़ लौटा दिए गए थे। सरकारी आदेश में बताया गया है कि पद्मनाभ ने राज्य सरकार को अनधिकृत निकासी को दर्शाने वाले बैंक स्टेटमेंट जमा नहीं किए और अगर कोई कनिष्ठ अधिकारी इसके लिए जिम्मेदार था, तो उसके खिलाफ तत्काल अनुशासनात्मक कार्रवाई भी नहीं की।




- केएमवीएसटीडीसीएल में 85 करोड़ की हेराफेरी का आरोप

**राजनीति** | पंजाब में लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण में बदले सियासी समीकरण

# तीन और 13 की लड़ाई में उलझा पंजाब का चुनावी मैदान

**नई दिल्ली, 30 मई (एजेंसियां)। लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण में शनिवार को पंजाब की सियासत में नए राजनीतिक समीकरणों की बड़ी परीक्षा है। यह भाजपा के लिए किसी अग्नि परीक्षा से कम नहीं है। क्योंकि बीते करीब तीन दशक में यह पहला मौका है, जब भाजपा ने अपने पुराने सहयोगी अकाली दल से अलग होकर पंजाब की राजनीति** में सियासी मोहरे सजाए हैं। खास बात यह है कि कभी तीन सीटों पर चुनाव लड़ने वाली भाजपा इस बार सभी 13 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। सियासी जानकारों का कहना है कि भाजपा के रणनीतिकारों ने इस बार तीन के अंकों वाली सियासत में खूब दांव लगाया है। यह पहला मौका है, जब भाजपा अपने पुराने सहयोगी शिरोमणि अकाली दल से अलग होकर चुनाव लड़ रही है। राजनीतिक जानकार बताते हैं कि इसी बदले सियासी गुणा गणित को भाजपा अपने लिए मुफीद मान रही है। जबकि अकाली दल इस बदले हुए सियासी समीकरण को अपने लिए फायदेमंद मानकर चल रहे हैं। चहल कहते हैं कि भाजपा पंजाब में अपने पुराने सहयोगी अकाली दल के साथ मिलकर 13 लोकसभा सीटों में से तीन सीटों पर चुनाव लड़ती थी।

इसमें अमृतसर, गुरदासपुर और होशियारपुर लोकसभा सीट शामिल थी लेकिन इस बार भाजपा और अकाली दल का गठबंधन टूटा, तो भाजपा ने सभी तेरह सीटों पर ताल ठोक दी। यह पहला मौका है जब भाजपा सभी सीटों पर चुनाव लड़ रही है। हालांकि भाजपा के रणनीतिकारों की मानें, तो यह सियासी फैसला राजनीतिक तौर पर बहुत फायदेमंद होने वाला है। इसकी वजह बताते हुए भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता जगमोहन थिंड कहते हैं कि जिस तरीके से पूरे देश में भाजपा ने अलग-अलग राज्यों में अपनी स्थिति मजबूती से दर्ज की है, ठीक उसी तरह इस बार भाजपा पंजाब में मजबूत उपस्थिति दर्ज कराने वाली है। जगमोहन तर्क देते हैं कि उनकी पार्टी को 13 सीटों पर चुनाव लड़ने का न सिर्फ फायदा होगा, बल्कि वह ज्यादा से ज्यादा सीटें भी जीतेंगे। भाजपा ने इस बार जिन प्रत्याशियों का चयन किया है, उसमें बाहरी दलों से ज्यादा लोग आए हैं।

सियासी गलियारों में चर्चाएं इस बात की हैं कि कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के नेताओं को अपने साथ जोड़कर भाजपा ने सियासी दांव तो ठीक से चला है। हालांकि सियासी जानकारों का मानना है कि बदले राजनीतिक समीकरणों में भाजपा ही नहीं बल्कि कांग्रेस, आम आदमी पार्टी और शिरोमणि अकाली दल अपनी-अपनी मजबूत दावेदारी ठोंक रहे हैं। इस बार पंजाब में जहां अकाली और भाजपा अलग-अलग चुनाव लड़ रहे हैं वहीं कांग्रेस और आम आदमी पार्टी भी गठबंधन के साथ होकर भी आमने सामने के चुनावी मैदान में है। पंजाब के लोकसभा चुनाव में इस बार पूरी तरह से सियासत बदली हुई है।




- सियासी रण में भाजपा के आगे सबसे बड़ी चुनौती

उल्टा पुल्टा

बब्लू- बेकार ही लोग कहते हैं कि पत्नियां अपनी गलती नहीं मानती है...
डब्लू- अच्छा... तुम्हारी पत्नी क्या कहती है?
बब्लू- कहती है गलती हो गई तुमसे शादी करके...

# हरियाणा सरकार के पानी नहीं छोड़ने के चलते परेशानी बढ़ी : आतिशी

**नई दिल्ली,** 30 मई (देशबन्धु)। रिकॉर्ड तापमान के बीच हरियाणा की भाजपा सरकार द्वारा दिल्ली के हिस्से के पानी में भारी कटौती करने से दिल्ली में पैदा हुए जल संकट से निपटने के लिए

**■ आतिशी ने वजीराबाद तालाब का किया स्थलीय निरीक्षण**

जल मंत्री आतिशी ने वजीराबाद तालाब का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि हरियाणा दिल्ली के हक का पूरा पानी नहीं दे रहा है। इसके चलते यमुना का जल स्तर समान्य से 3.5 फीट से ज्यादा नीचे आया गया है।

गुरुवार को यमुना का समान्य जल स्तर 674 फीट से घटकर 670.3 फीट पर आ गया है। इससे कई इलाकों में पानी को लेकर त्राही-त्राही मची हुई है। हरियाणा से यमुना में छोड़े जाने वाला पानी वजीराबाद, चंद्रावल व ओखला वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट को मिलता है और यहां ट्रीट कर घरों में भेजा जाता है। जब हरियाणा से पानी ही कम मिलेगा तो वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट कहां से पानी उत्पादित करेंगे? हम दिल्ली को जल संकट से जूझते हुए नहीं देख सकते। इसलिए हरियाणा और केंद्र सरकार को दोबारा चिट्ठी लिख रहे हैं। साथ ही,



**हमने हरियाणा सरकार को भी चिट्ठी लिखी है, हम केंद्र सरकार से भी संपर्क करेंगे कि दिल्ली को उसके हिस्से का पानी जरूर मिलना चाहिए : आतिशी, जलमंत्री दिल्ली**

दिल्लीवालों से अपील है कि अगर आप सावधानी से पानी का इस्तेमाल करते हैं तो हम बाकी हिस्सों को भी सप्लाई कर पाएंगे। आतिशी ने कहा कि हमने हरियाणा सरकार को भी चिट्ठी लिखी है। आज हम केंद्र सरकार से भी संपर्क करेंगे कि दिल्ली को उसके हिस्से का पानी मिलना चाहिए। दरअसल, हरियाणा सरकार द्वारा दिल्ली को मिलने वाले पानी में भारी कमी कर दी है। इससे दिल्ली में जल संकट गहरा गया है। इससे निपटने के लिए दिल्ली की जल मंत्री आतिशी ने कमर कस ली है, ताकि दिल्लीवालों को कोई परेशानी का सामना न करना पड़े। रिकॉर्ड तापमान के बीच गुरुवार को मंत्री आतिशी ने वजीराबाद तालाब का स्थलीय निरीक्षण किया। यहीं से दिल्ली के वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट्स को यमुना का कच्चा पानी दिया जाता है और वो ट्रीट करते हैं। इसके बाद दिल्ली के अलग-अलग इलाकों में सप्लाई किया जाता है। निरीक्षण के दौरान मंत्री आतिशी ने डीजेबी के अफसरों को बेहतर तरीके से जल प्रबंधन करने का निर्देश दिया, ताकि दिल्ली के हर इलाके तक लोगों के जरूरत का साफ पानी मुहैया कराया जा सके। वजीराबाद वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण करने के उपरांत जल मंत्री आतिशी ने कहा कि दिल्ली अपनी पूरी पानी की सप्लाई के लिए यमुना नदी पर निर्भर है।

यमुना नदी में वही पानी आता है जो हरियाणा से छोड़ा जाता है। आज मैंने यमुना से वजीराबाद के तालाब में आने वाली कच्चे पानी का मौका मुआयना किया है। यहां 674 फीट पर पानी का स्तर होना चाहिए। यहां लगे वॉटर मीटर से पता चल रहा है कि गुरुवार को वजीराबाद तालाब का जल स्तर अपने सामान्य स्तर से 3.5 फीट से ज्यादा नीचे आ गया है। आज वजीराबाद में 670.3 फीट पर यमुना का जल स्तर है। पिछले साल 30 मई 2023 को वजीराबाद पर जल स्तर 674.5 फीट पर पानी था। यमुना में आने वाला पानी वजीराबाद, चंद्रावल और ओखला वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट को मिलता है।

## हरियाणा से दिल्ली के हक का पानी लेने के लिए सुप्रीम कोर्ट जाएगी केजरीवाल सरकार

**नई दिल्ली।** यमुना में दिल्ली के हिस्से का पूरा पानी छोड़ने की मांग को लेकर हो रही बातचीत और चिट्ठी का हरियाणा सरकार पर कोई असर नहीं पड़ा है। लिहाजा केजरीवाल सरकार ने अब सुप्रीम कोर्ट जाने का निर्णय लिया है। जल मंत्री आतिशी ने कहा कि दिल्ली के हक के पानी की मांग को लेकर हम सुप्रीम कोर्ट जा रहे हैं। हरियाणा सरकार द्वारा यमुना में पर्याप्त पानी नहीं छोड़ रहा है। इस वजह से दिल्ली में जल संकट गहराता जा रहा है। इससे निपटने के लिए सरकार ने कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं।

सरकार ने वॉटर टैंकर वॉर रूम बनाया है, जहां से दिल्लीवासी 1916 पर कॉल कर पानी के टैंकर मंगा सकते हैं। पानी की बर्बादी रोकने के लिए डीजेबी की 200 टीमें बनाई गई है। निर्माण साइटों, कार वाशिंग और कार रिपेयर सेंटर पर डीजेबी के पोर्टेबल पानी के इस्तेमाल पर रोक लगा दी गई है। आदेश का पालन न करने पर उसे सील कर दिया जाएगा।

## पानी की किल्लत को लेकर भाजपा महिला मोर्चा ने किया आतिशी के घर के बाहर प्रदर्शन



**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में भीषण गर्मी के बीच लोगों को पानी की किल्लत से भी दो चार होना पड़ रहा है। पानी की किल्लत को लेकर दिल्ली प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को दिल्ली की जल मंत्री आतिशी के घर के बाहर धरना प्रदर्शन किया। महिला कार्यकर्ताओं ने घर के बाहर मिट्टी के मटकों के साथ आम आदमी पार्टी सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया और केजरीवाल के खिलाफ नारे लगाए।

महिला मोर्चा का आरोप है कि दिल्ली में हो रही पानी की किल्लात के लिए अरविंद केजरीवाल सरकार जिम्मेदार है। भाजपा दिल्ली प्रदेश की महिला मोर्चा की अध्यक्ष ऋचा पांडे ने कहा कि पानी की कमी दूर करने के लिए अरविंद केजरीवाल सरकार ने समय रहते कोई ठोस प्रयास नहीं किया, जिसका नतीजा है कि आज दिल्ली की जनता पानी के लिए हाय-हाय कर रही है। संगम विहार से बवाना तक, कोंडली से बिजवासन तक और पालम से नरेला तक हर ओर पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है। सरकार एवं निजी टैंकर माफिया हर ओर लूट का खेल कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अप्रैल के महीने से ही पता चल गया था कि दिल्ली में इस बार भीषण गर्मी पड़ने वाली है और गर्मी के कारण पानी की कमी होगी, यह सबको पता था। अरविंद केजरीवाल सरकार ने ना ही इस मामले में कोई ठोस कदम उठाया और ना ही समर एक्शन प्लान पर ही कोई काम किया, जिसका नतीजा है कि आज दिल्ली की जनता इस भीषण गर्मी में भी पानी जैसी मूलभूत जरूरतों के लिए परेशान है।

## सार संक्षेप

### संत दर्शन सिंह, प्रेम और विनम्रता के प्रतीक : संत राजिन्दर सिंह



**नई दिल्ली।** महान सूफी-संत शायर दयाल पुरुष संत दर्शन सिंह जी महाराज के 35वें बरसी भंडारे का कार्यक्रम कृपाल बाग, दिल्ली में आयोजित किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में भाई-बहन उनकी याद में एकत्रित हुए और उन्होंने उनके साथ बीते अपने रूहानी अनुभव बताते हुए उन्हें अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर संत राजिन्दर सिंह जी महाराज ने विडियो द्वारा प्रसारित सत्संग में कहा कि, संत दर्शन सिंह जी महाराज प्रेम और निस्वार्थ सेवा के प्रतीक थे, जिन्होंने लाखों लोगों के दिलों में प्रभु के प्रेम को जागृत कर दिया। उन्होंने कहा कि संत दर्शन सिंह जी महाराज रूहानियत के ऐसे प्रकाश स्तंभ थे, जिन्होंने लाखों लोगों को पिता-परमेश्वर की ओर वापस जाने का मार्ग दिखाया। उनकी शायरी हम सबके लिए एक दिव्य उपहार है, जिसमें अध्यात्म की गहराई को बड़े ही सरल शब्दों में बयान किया गया है ।

### रिलायंस पर्सनल एक्सीडेंट 360शील्ड लॉन्च

**नई दिल्ली।** भारत में साधारण बीमा क्षेत्र की प्रमुख कंपनियों में से एक, रिलायंस जनरल इंश्योरेंस ने अपने नए प्रोडक्ट, रिलायंस पर्सनल एक्सीडेंट 360शील्ड के लॉन्च की घोषणा की है। यह एक पर्सनल एक्सीडेंट इंश्योरेंस पॉलिसी है, जिसे लोगों और उनके परिवारों को बेमिसाल सुरक्षा प्रदान करने के इरादे से डिज़ाइन किया गया है। यह सुरक्षा कवर वाकई बेहद खास है, जिसे आपको और आपके अपनों को न केवल व्यक्तिगत दुर्घटना के प्रभावों से बचाने के लिए डिज़ाइन किया गया है, बल्कि यह दुर्घटना के बाद एक बड़े झटके के रूप में परिवार के सामने आने वाले गंभीर प्रभावों से भी सुरक्षा देता है। इस प्रोडक्ट के लॉन्च के मौके पर, रिलायंस जनरल इंश्योरेंस के सीईओ राकेश जैन ने अपनी राय जाहिर करते हुए कहा कि हम हर हाल में यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि, हमारा हर देशवासी और उनके परिवार लोग अचानक सामने आने वाली किसी भी तरह घटना से सुरक्षित रहें। रिलायंस पर्सनल एक्सीडेंट 360 शील्ड को इस तरह से डिजाइन किया गया है, जो जरूरी कवरेज प्रदान करने के साथ-साथ मुसीबत की घड़ी में हर तरह से सहायता भी प्रदान करता है।

### नगर निगम ने अग्नि सुरक्षा के लिए जारी किए निर्देश

**नई दिल्ली।** हाल ही में हुई अग्नि दुर्घटनाओं के मद्देनज़र, दिल्ली नगर निगम ने अपने भवनों में आग लगने से बचाव के लिए आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए हैं। ये उपाय अस्पतालों, डिस्पेंसरियों , स्कूलों, सामुदायिक केंद्रों,बहु-स्तरीय पार्किंग स्थलों, ज़ोनल कार्यालयों और अन्य इमारतों में लागू किए जाएंगे जहां बड़ी संख्या में लोग एकत्रित होते हैं। सभी संबंधित अधिकारियों को अग्नि सुरक्षा निर्देशों को लागू करने का निर्देश दिया गया है जिसमें अग्निशमन प्रणाली का निरीक्षण, विद्युत लोड ऑडिट, स्मोक डिटेक्टर, फायर अलार्म और ऑटोमैटिक वाटर स्प्रिंकल लगाना शामिल है।

### आज एनडीसीसी करेगी सुविधा शिविर का आयोजन

**नई दिल्ली।** नगरपालिका परिषद एनडीएमसी अपने क्षेत्र के निवासियों और सेवा उपयोगकर्ताओं के हित में सूचना, सुविधा और शिकायत निवारण प्रदान करने के लिए अपना अगला सुविधा शिविर शनिवार, 1 जून को सुबह 10.30 बजे से 12.30 बजे तक एनडीसीसी कन्वेंशन सेंटर, जय सिंह रोड, नई दिल्ली में आयोजित करेगी। इस शिकायत निवारण सुविधा कैम्प में विभिन्न विभागों के हेल्पडेस्क सेवा उपयोगकर्ताओं, कर्मचारियों, आरडब्ल्यूए, एमटीए और एनडीएमसी के निवासियों की शिकायतों का निवारण और सुविधा प्रदान करने के लिए उपलब्ध रहेंगे।

## केजरीवाल अगर बीमार हैं तो वह गर्मी में प्रचार कैसे कर रहे हैं : वीरेन्द्र सचदेवा

**नई दिल्ली,** 30 मई (देशबन्धु)। दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है कि दिल्ली में आम आदमी पार्टी के आतिशी जैसे नेताओं को राजनीति के मानकों को गिराते देखकर दुख और अचम्भा दोनों हो रहे हैं।

वह शब्द और बाते जो आतिशी ने कॉन्फ्रेंस में बोली हैं, जिसमें उन्होंने केजरीवाल को जेल में मारा जा सकता है का आरोप लगाया है, वह दुखद है और एक मंत्री के लिए अनुचित है। तिहाड़ जेल दिल्ली सरकार की एक जेल है और वहां रखे गए कैदियों को न्यायिक हिरासत में रखा जाता है। केवल कोई आतिशी जैसा गैरजिम्मेदार व्यक्ति ही कह सकता है कि खुद अपनी सरकार की जेल में न्यायिक हिरासत में एक मुख्यमंत्री को मारा जा सकता है।

जब आप यह आरोप लगाते हैं कि न्यायिक हिरासत में एक व्यक्ति को मार दिया जा सकता है तो आप न्यायपालिका पर भी संदेह कर रहे



हैं। दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष ने कहा कि हर दिन हम सुन रहे हैं कि आतिशी एवं आम आदमी पार्टी के नेता दावा कर रहे हैं कि मुख्यमंत्री केजरीवाल की किटोन बढ़ गए हैं और वह खतरनाक बीमारियों का सामना कर सकते हैं, लेकिन क्या आतिशी बता सकती हैं कि क्या मुख्यमंत्री केजरीवाल उतने ही बीमार हैं जितना कि वह दावा कर रही हैं, तो फिर वह पंजाब और दिल्ली में चल रही खतरनाक लू के माहौल में प्रचार कैसे कर रहे हैं।

## प्रधानमंत्री ने 2019 का रिकॉर्ड तोड़ा, इस बार की 200 से ज्यादा रैलियां

**नई दिल्ली,** 30 मई (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चुनावी रैलियों का अपना नया रिकार्ड कायम किया है। 2024 के लोकसभा चुनाव में उन्होंने 200 से ज्यादा चुनावी रैलियों के साथ धुआंधार साक्षात्कार भी दिए। चुनाव आयोग द्वारा 16 मार्च को घोषित किए गए चुनाव कार्यक्रमों के बाद मोदी ने रैलियों और रोड शो के माध्यम से कुल 206 सार्वजनिक कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। बता दें कि 2019 में कुल 68 दिनों के प्रचार में प्रधानमंत्री मोदी ने 145 सार्वजनिक कार्यक्रमों को संबोधित किया था। लेकिन इस बार उन्होंने बडे अंतर अपना रिकार्ड संशोधित करते हुए 75 दिनों प्रचार में 206 रैलियां की। तकरीबन 74 साल की उम्र में मोदी ने न केवल रैलियो की संख्या बल्कि उनके द्वारा तय की गई दूरियों के मामले में भी अन्य तमाम नेताओं को बहुत पीछे छोड़ दिया।



■ भीषण गर्मी में दिल्ली के चाणक्यपुरी इलाके में टैंकर से पानी लेते शहरवासी।
फोटो : इम्तियाज खान

## एलजी ने की मेधा पाटकर के लिए अधिकतम सजा की मांग

**नई दिल्ली,** 30 मई (एजेंसियां)। दिल्ली की एक अदालत ने गुरुवार को नर्मदा बचाओ आंदोलन (एनबीए) की कार्यकर्ता मेधा पाटकर को सजा सुनाने की प्रक्रिया सात जून तक के लिए स्थगित कर दी। मेधा पाटकर को दिल्ली के

**■ मेधा पाटकर को सजा सुनाने की प्रक्रिया सात जून तक के लिए स्थगित**

उपराज्यपाल (एलजी) वी.के. सक्सेना द्वारा दायर मानहानि एक मामले में दोषी ठहराया गया है।

24 मई को साकेत कोर्ट के मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट राघव शर्मा ने पाटकर को दोषी ठहराया था। सन 2000 में यह विवाद तब शुरू हुआ था, जब सक्सेना अहमदाबाद स्थित एनजीओ नेशनल काउंसिल फॉर सिविल लिबर्टीज के प्रमुख थे। गुरुवार को सजा के मामले में दोनों पक्षों ने अपनी



दलीलें पूरी की। न्यायाधीश ने मामले की अगली सुनवाई सात जून तय की है। सक्सेना ने पाटकर के लिए अधिकतम सजा की मांग करते हुए इस संबंध में दलीलें दीं। उन्होंने पाटकर के आपराधिक इतिहास का उल्लेख करते हुए कहा कि कानून की अवहेलना उनकी आदत बन चुकी है। झूठी दलीलों के लिए सुप्रीम कोर्ट भी उन्हें फटकार लगा चुका है। एलजी सक्सेना की ओर से कहा गया कि कानून की लगातार अवहेलना करने के कारण पाटकर को कठोर सजा दी जानी चाहिए। उन्होंने पाटकर को 'आदतन अपराधी' बताते हुए वर्ष 2006 के एक अन्य मानहानि मामले का उल्लेख किया। यह मामला अभी भी अदालत के समक्ष लंबित है। शिकायतकर्ता ने यह भी दावा किया कि पाटकर समाज व नैतिकता की भी कोई चिंता नहीं करती हैं। ऐसे में समाज में एक उदाहरण स्थापित करने के लिए मामले में उन्हें अधिकतम सजा दी जानी चाहिए।

मानहानि का यह मामला साल 2000 में शुरू हुआ। पाटकर ने सक्सेना के खिलाफ विज्ञापनों को प्रकाशित करने के लिए केस किया था। पाटकर का दावा था कि ये विज्ञापन उनके तथा एनबीए के लिए अपमानजनक थे। इसके जवाब में, सक्सेना ने पाटकर के खिलाफ मानहानि के दो मामले दायर किए।

## कॉमिक के पात्र सुपर कमांडो ध्रुव और डोगा फिर होंगे जीवंत

**नई दिल्ली,** 30 मई (देशबन्धु)। पिछले चार दशक से भारतीय कॉमिक बुक सुपरहीरोज का सफलता पूर्वक प्रकाशन कर रहा राज कॉमिक्स इस वर्ष इस संस्था ने लाइव-एक्शन लघु फिल्म श्रृंखला, द अलायंस: प्रोजेक्ट मेटामोरफोसिस चैप्टर 1 के लॉन्च की घोषणा की है। 31 मई को रिलीज के लिए निर्धारित, यह महत्वाकांक्षी परियोजना सुपर कमांडो ध्रुव और डोगा जैसे लोकप्रिय पात्रों को टीवी स्क्रीन पर प्रस्तुत करने जा रही है। प्रकाशक का मानना है कि यह लघु फिल्म श्रृंखला नई पीढ़ी के लिए भारतीय कॉमिक्स के आकर्षण को फिर से जगाएगी। फिल्म की शुरुआती किस्त 'राज कॉमिक्स बाय संजय गुप्ता यूट्यूब चैनल पर उपलब्ध होगी। राज कॉमिक्स के कलात्मक और रचनात्मक विभाग को संभालने वाले संजय गुप्ता, जो इन प्रतिष्ठित पात्रों में जीवन फूंकने के लिए समर्पित एवं एक दूरदर्शी व्यक्ति हैं।




## अमृता विश्व विद्यापीठम ने एआई व डेटा साइंस में शुरू किए बीटेक और एमटेक कोर्स

**नई दिल्ली,** 30 मई (देशबन्धु)। अमृता विश्व विद्यापीठम ने अमृता अस्पताल, फरीदाबाद में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डेटा साइंस में बीटेक और एमटेक कार्यक्रम शुरू करने की घोषणा की है। ये पाठ्यक्रम एआईसीटीई, सरकार द्वारा अनुमोदित हैं। अमृता विश्व विद्यापीठम को 2023 नेशनल इंस्टीट्यूशन रैंकिंग फ्रेमवर्क में भारत में 7वां सर्वश्रेष्ठ समग्र विश्वविद्यालय का दर्जा दिया गया है।

एआई और डेटा साइंस में नवीन कार्यक्रमों के बारे में बात करते हुए अमृता विश्व विद्यापीठम के स्कूल ऑफ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के डीन प्रोफेसर कमल बिजलानी कहा कि शिक्षा और उद्योग में एआई का महत्व लगातार बढ़ रहा है। बाजार में जेनरेटिव एआई और चैटजीपीटी ओपनएआई, माइक्रोसॉफ्ट, जेमिनी गूगल, लामा मेटा और अन्य जैसे मुफ्त एआई टूल के आने से जेनरेटिव एआई में ऊंचाई हासिल करने के लिए एआई प्रौद्योगिकी दिग्गजों के बीच लड़ाई तेज हो गई है।

इस एआई औद्योगिक क्रांति में, प्रत्येक संगठन अपने निजी डेटा के आधार पर त्वरित सटीक उत्तर प्रदान करने के लिए एआई टूल का उपयोग करना चाहेगा। अमृता विश्व




विद्यापीठम के स्कूल ऑफ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के रजिस्ट्रार सहायक प्रोफेसर प्रवीण बिस्ट ने कहा कि फरीदाबाद के अमृता अस्पताल में हमारे परिसर में पढ़ने से छात्रों को कई फायदे मिलेंगे, जो देश की सबसे बड़ी स्वास्थ्य सुविधाओं में से एक है। अस्पताल विभिन्न एआई पायलट परियोजनाओं के संचालन के लिए बड़ी संख्या में अवसर प्रदान करता है। छात्रों को एक बड़े स्वास्थ्य सेवा नेटवर्क के संचालन से अवगत कराया जाएगा, जिससे निरंतर आधार पर वास्तविक उद्योग अनुभव प्राप्त होगा।


**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर-201308 (उ0प्र0)
**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है उप जिलाधिकारी सदर से प्राप्त परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र 1229/एस0टी0-एस0डी0एम0/2022, दिनांक 15.10.2022 मृतक स्व0 सुरेश चन्द पुत्र स्व0 खचेडू नि0 ग्राम समसपुर परगना दनकौर तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर की मृत्यु दिनांक 26.09.2011 को हो चुकी है, उप जिलाधिकारी सदर से प्राप्त परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र 864/एस0टी0-एस0डी0एम0/2017 दिनांक 27.04.2017, स्व0 खचेडू पुत्र हरवंशा नि0 ग्राम समयपुर परगना दनकौर तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर की मृत्यु दिनांक 19.01.2020 को हो चुकी है, जिसके अनुसार निम्न प्रकार मृतक के स्थान पर उनके वारिसानों के नाम दर्ज किये जाने प्रस्तावित है।

| ग्राम का नाम | खाता संख्या | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के परिवारिक सदस्यों के नाम | आयु लगभग | मृतक से संबंध |
|---|---|---|---|---|---|---|
| दनकौर | 182 | 223m | स्व0 श्री खचेडू पुत्र हरवंशा नि0 ग्राम नि0 ग्राम समसपुर परगना दनकौर तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर | श्री ऋषि पाल | 57 | पुत्र |
| | | | | श्री रमेशचन्द | 50 | पुत्र |
| | | | | श्रीमति माया | 60 | पुत्री |
| | | | | श्रीमती चन्द्रा | 60 | पुत्री |
| | | | | श्रीमती सुनीता स्व0 सुरेशचन्द | 57 | पुत्रवधु |
| | | | | श्रीमती संध्या स्व0 सुरेशचन्द | 30 | पौत्री |
| | | | | श्री अमित कुमार स्व0 सुरेशचन्द | 29 | पौत्र |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड एवं 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा।

तहसीलदार यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर-201308 (उ0प्र0)
**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की 54वीं बोर्ड बैठक दिनांक 14.12.2015 मे लिये गये निर्णय के कम में ग्राम कुरैब में उप जिलाधिकारी जेवर से प्राप्त वारिसान प्रमाण पत्र संख्या 351/एस.टी.-एस.डी.एम./2024 दिनांक 10.05.2024 के अनुसार निम्न प्रकार मृतक के स्थान पर उनके वारिसानों के नाम दर्ज किये जाने प्रस्तावित है।

| क्रम संख्या | ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम व पता | वारिसानो का नाम | मृतक से संबंध | आयु लगभग | विशेष |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | कुरैब | 837 | श्री अजीज खॉ पुत्र अब्दुल नि0 ग्राम नगला जहानू, मजरा कुरैब, परगना व तहसील जेवर जनपद गौतमबुद्धनगर | रहीसुददीन<br>हसरूददीन<br>जसरूददीन<br>महबूब<br>उमर शेहद | पुत्र<br>पुत्र<br>पुत्र<br>पुत्र<br>पुत्र | 52 वर्ष<br>44 वर्ष<br>36 वर्ष<br>33 वर्ष<br>38 वर्ष | |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम अंतर धनराशि संबंधी अभिलेखो में दर्ज करा दिया जायेगा।

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण

**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, पी 2 सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जपनद गौतमबुद्धनगर-201308 उ0प्र0
**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पारसौल में उप जिलाधिकारी सदर से प्राप्त परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र संख्या 383/एस0टी0-एस0डी0एम0-सदर/2022, दिनांक 15.01.2022 मृतक स्व0 कर्मवीर सिंह पुत्र कुंवरपाल, नि0 पारसौल, तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर के स्थान पर उनके वारिसानों के नाम निम्न प्रकार दर्ज किया जाना प्रस्तावित है-

| ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काशतकार का नाम | मृतक के पारिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से संबंध | आयु लगभग |
|---|---|---|---|---|---|
| पारसौल | 103<br>99 | स्व0 कर्मवीर पुत्र कुवरपाल नि0 पारसौल, तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर | श्रीतमी सत्यपाली | पत्नी | 49 वर्ष |
| | | | श्री कैलाश मलिक | पुत्र | 30 वर्ष |
| | | | श्री सुभाष मलिक | पुत्र | 38 वर्ष |
| भट्टा | 80 | | श्रीमती रीता | पुत्री | 37 वर्ष |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अदंर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड, व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औ0 वि0 प्राधिकरण

**उत्तर रेलवे**
आज़ादी का अमृत महोत्सव
**TENDER NOTICE**
ireps के माध्यम से निविदा आमंत्रण

| | एनआईटी | 03A&B/22-23 दिनांक : 30.05.2024 | |
|---|---|---|---|
| 1 | काम का नाम (स्थान के साथ): क्रमांक A. एडीईएन/उत्तर रेलवे, केंद्रीय अस्पताल, नई दिल्ली के तहत एसएसई/डब्ल्यू/एनआरसीएच के अनुभाग में एनआरसीएच में मुख्य भवन के बाहरी हिस्से की मरम्मत और सुधार और अन्य विविध कार्य।<br>B. एडीईएन/उत्तर रेलवे, केंद्रीय अस्पताल, नई दिल्ली के अंतर्गत एसएसई/वर्क्स/एनआरसीएच में 30.06.2025 को समाप्त होने वाली अवधि के लिए केंद्रीय अस्पताल का वार्षिक क्षेत्र कार्य। | | |
| 2 | काम की अनुमानित लागत (रुपये) | 1. रूपये 1,89,99,996.70 | 2. रूपये 97,99,726.45 |
| 3 | अग्रिम राशि (रुपये) | 1. रूपये 2,45,000 | 2. रूपये 1,96,000 |
| 4 | काम की समाप्ति अवधि | 1. 08 महीने | 2. 12 महीने |
| 5 | निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने के लिए दिनांक और समय | 21.06.2024 को 15.00 बजे तक तथा 21.06.2024 को 15.00 बजे निविदा खोलना | |
| 6 | वेबसाइट के विवरण का नोटिस बोर्ड स्थान निविदा का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | यह निविदा आई.आर.ई.पी.एस वेबसाइट अर्थात www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। | |

No. 128-W/269/OET/22-23/NRCH/NIT 03 Dated: 27-05-2024 1616/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# कैपिटल ज़ोन

उवाच "

प्राचीन शिव मंदिर दूधेश्वर नाथ मठ मंदिर जहां भारी संख्या में श्रद्धालु आते हैं इस विषय को ध्यान में रखते हुए निगम अधिकारियों तथा महंत श्री नारायण गिरी जी के मध्य हुई वार्ता के क्रम में जस्सीपुरा फ्लाईओवर के नीचे मंदिर को जाने वाले मार्ग को सुचारु किया गया है तथा श्रद्धालुओं के लिए अलग से पार्किंग की व्यवस्था भी कराई गई है।

**विक्रमादित्य सिंह मलिक, नगर आयुक्त**

## उद्योगों के विकास के लिए बैंकों का सहयोग बेहद जरूरी : सुरेंद्र सिंह नाहटा

**नोएडा,** 30 मई (देशबन्धु)। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग (एमएसएमई) देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं, लेकिन बैंकिंग सेक्टर के सहयोग के बिना उद्योगों के विकास की कल्पना नहीं की जा सकती। उद्योगों के विकास में बैंकों के योगदान को नकारा नहीं जा सकता।



आज देशभर में अनेक लघु और सूक्ष्म उद्योग ऐसे हैं, जो बैंकों के सहयोग के चलते ही उन्नति की राह पर अग्रसर हैं। एमएसएमई इंडस्ट्रियल एसोसिएशन और केनरा बैंक की ओर से सेक्टर-27 स्थित होटल फोरच्यून में आयोजित एमएसएमई आउटरीच कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह नाहटा ने यह बाते कहीं। इस मौके पर केनरा बैंक के महाप्रबंधक राजेश कुमार सिंह ने कहा कि हम ग्राहकों को बेहतर सेवाएं प्रदान करने के लिए वचनबद्ध हैं और केनरा बैंक ईमानदारी से काम करता है। उद्यमियों के हित में ही नहीं बल्कि उद्योगों में काम करने वाले कर्मचारियों के लिए भी बैंक की ओर से योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिससे उनके जीवन को भी संवारा जा सके।

## सार संक्षेप

### स्पेक्ट्रम मेट्रो में खुला महिंद्रा का नया स्टोर



**नोएडा।** स्पेक्ट्रम मेट्रो में खुला महिंद्रा का नया स्टोर ऑटोमोबाइल निर्माण कंपनी महिंद्रा ने सेंट्रल नोएडा के सेक्टर-75 में स्थित नोएडा के स्पेक्ट्रम मेट्रो मॉल में अपना नया स्टोर लॉन्च किया है। स्पेक्ट्रम मेट्रो में ब्रांडों की सूची में यह सबसे नया जुड़ाव है। यह स्टोर 3875 वर्ग फुट के सुपर एरिया और 1940 वर्ग फुट के कारपेट एरिया में फैला है और यह ग्राउंड फ्लोर टॉवर डी के फेज -1 में स्थित है। महिंद्रा के उद्घाटन पर स्पेक्ट्रम मेट्रो के वाइस प्रेसिडेंट (सेल्स एंड मार्केटिंग) अजेंद्र सिंह ने कहा, स्पेक्ट्रम मेट्रो नोएडा में महिंद्रा का नया स्टोर लॉन्च करना हमारे गुणवत्तापूर्ण उत्पादों तक पहुंच बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मॉल के भीतर इसकी शुरुआत होना ग्राहकों की सुविधा और संतुष्टि के प्रति हमारी प्रतिबद्धता के अनुरूप है।

### पुलिस ने मुठभेड़ के बाद दो बदमाशों को किया गिरफ्तार

**नोएडा।** बदमाशों और पुलिस के बीच मुठभेड़ हो गई। पुलिस ने एक बदमाश को गोली मारी। जिसके बाद उसे घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया। वहीं इसका दूसरा साथी अंधेरा का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। जिसे बाद में कांबिंग करके गिरफ्तार किया गया। घायल अवस्था में पकड़े गए बदमाश की पहचान आकाश पुत्र राज कुमार निवासी साहिबाबाद के रहने वाले के तौर पर हुई है। इसके ऊपर करीब 24 मुकदमे दर्ज है। इसके पास से आधा दर्जन मोबाइल फोन बरामद किए गए। साथ ही एक आई फोन भी मिला। जिसे दिल्ली के लाजपत नगर से छीना गया था। पुलिस एडीसीपी हृदेश कठेरिया ने बताया कि पुलिस को इनपुट मिला था कि दो बदमाश थाना फेज-2 क्षेत्र में लूट की वारदात को अंजाम देने जा रहे है। कुलेसरा बॉर्डर पर पुलिस फोर्स चेकिंग कर रहे थे।

### ऐसी में ब्लास्ट होने से फ्लैट में लगी आग, भगदड़ जैसे बने हालात

**नोएडा।** नोएडा की एक बहुमंजिला इमारत में एसी फटने से गुरुवार सुबह भीषण आग लग गई। आग से फ्लैट में रखा सामान जल गया। अपार्टमेंट के लोग भागकर बाहर आए। पुलिस और फायर बिग्रेड को सूचना दी। नोएडा सेक्टर-100 में लोटस बुलेवर्ड सोसाइटी है। टावर नंबर-28 में 10वीं फ्लोर के फ्लैट में सुबह करीब 10 बजे स्प्लिट एसी में आग लग गई। जब तक घर के लोग कुछ समझ पाते तब तक एसी में ब्लास्ट हो गया। तेज धमाके से वहां भगदड़ जैसे हालत हो गए। आस पास के फ्लैट के लोग भागकर बाहर आए। अपार्टमेंट की सिक्योरिटी ने अलार्म बजाकर तुरंत सभी फ्लैट खाली करवाए। इधर, फ्लैट में बेडरूम व अन्य कमरों तक आग पहुंच गई। धुएं और आग की तपिश से बिल्डिंग का फायर सिस्टम एक्टिव हो गया। इसने आग को आगे बढ़ने से रोक लिया। शुक्र रहा कि बिल्डिंग का फायर सिस्टम एक्टिव हो गया। आग बाकी फ्लैट्स तक नहीं पहुंच पाई। वरना, 10वीं मंजिल होने के चलते फायर बिग्रेड के लिए मुश्किल हो रही थी। दमकल की गाड़ियों के बाद हाइड्रोलिक को बुलाया गया। चीफ फायर ऑफिसर प्रदीप चौबे ने बताया कि सुबह 10 बजकर 11 मिनट पर अपार्टमेंट में आग की सूचना मिली। कमरे में स्प्लिट एसी में आग के बाद ब्लास्ट हुआ।

## हाईपावर कमेटी के सामने तीनों प्राधिकरण ने किसान मुद्दों की रखी रिपोर्ट

- **करीब तीन घंटे चली बैठक, हाइपावर कमेटी की मानी जा रही अंतिम बैठक**
- **बैठक के बाद राजस्व परिषद के अध्यक्ष अपनी फाइनल रिपोर्ट शासन को भेजेंगे**

**नोएडा,** 30 मई (देशबन्धु)। जनपद में किसानों की समस्याओं को लेकर गुरुवार को हाई पावर कमेटी की एक बैठक नोएडा प्राधिकरण के बोर्ड रूम में हुई। इस बैठक की अध्यक्षता राजस्व परिषद के अध्यक्ष रजनीश दुबे ने की। बैठक में नोएडा प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम, ग्रेटरनोएडा और यमुना प्राधिकरण के सीईओ अलावा डीएम गौतमबुद्ध नगर मौजूद रहे। हाईपावर कमेटी की ये चौथी बैठक थी। इसे अंतिम बैठक के रूप में देखा जा रहा है। इसके बाद कमेटी अपनी रिपोर्ट शासन को सौंपेगी। आचार संहिता हटने के बाद वहां से निर्णय लिया जाएगा। बढ़ी दर से मुआवजा, विकासित भूखंड और आबादी निस्तारण को लेकर किसान 2019 से लगातार प्रदर्शन कर रहे थे। इस साल भी करीब 124 दिन तक किसानों ने प्रदर्शन किया। जिसके बाद किसान संगठनों ने नोएडा-ग्रेटरनोएडा एक्सप्रेस वे जाम किया और दिल्ली कूच का ऐलान किया। इसके बाद पुलिस कमिश्नर की हस्ताक्षेप के बाद मांगों को लेकर एक हाई पावर कमेटी का गठन किया गया। इस कमेटी की ये चौथी बैठक थी। इससे पहले तीन बैठक नोएडा में हो चुकी है। इस बैठक से पहले ही नोएडा-ग्रेटरनोएडा और यमुना प्राधिकरण के सीईओ ने अलग-अलग बैठक कर किसानों से जुड़े मुद्दे और मांगों की एक रिपोर्ट तैयार की थी। इस रिपोर्ट को ही आज राजस्व परिषद के अध्यक्ष के सामने रखा गया। बैठक में एक-एक करके सभी मांगों को देखा गया। और रिपोर्ट तैयार करने की बात कही गई। बताया गया कि रिपोर्ट तैयार की शासन को भेजी जाएगी।

### एक-एक कर तीनों प्राधिकरण ने सब्मिट की रिपोर्ट

तीनों प्राधिकरण के सीईओ ने एक-एक कर अपनी रिपोर्ट सब्मिट की। नोएडा के किसानों की मांग थी कि उनको 10 प्रतिशत विकसित प्लाट दिया जाए। यदि ऐसा करते है तो करीब 700 हेक्टेयर जमीन किसानों को आवंटित करनी पड़ेगी। इसके एवज में यदि पैसा दिया जाए तो करीब 6 से 7 हजार करोड़ रुपए बैठेगा। ये रिपोर्ट प्राधिकरण ने सौंपी। इसी तरह तीनो प्राधिकरण ने अपनी रिपोर्ट सब्मिट की।

### एक समान नीति पर की गई चर्चा

तीनों प्राधिकरण में किसानों की मांगों का निपटारा करने के लिए एक समान नीति बनाने पर चर्चा की गई। इसमें कहा गया कि जनपद के किसानों की समस्या एक समान है। इसलिए तीनों प्राधिकरण में एक समान नीति बनाकर उनका निस्तारण किया जाए। ताकि बाद में कोई परेशानी न हो। इसके अलावा अन्य पॉलिसी को एक समान करने पर विचार किया गया। हालांकि निर्णय शासन स्तर पर ही लिया जाएगा।

### क्या है किसानों की मांग इसे समझते है

ग्रेटरनोएडा में किसानों का 10प्रतिशत प्लाट का मुद्दा गजराज सिंह के आदेश में तय हो चुका है। आदेश के अनुसार रिट याचिकाओं में आच्छादित किसानों को अनिवार्य तौर पर 10 प्रतिशत प्लाट मिलना था एवं अन्य प्रभावित किसानों को प्राधिकरण के विवेक अनुसार अतिरिक्त मुआवजे और 10 प्रतिशत प्लाट का लाभ दिया जाना था।

प्राधिकरण ने ठाकुर जयवीर सिंह की कमेटी की सभी किसानों को अतिरिक्त मुआवजा और 10 प्रतिशत प्लाट देने की सिफारिश में से अतिरिक्त मुआवजे की सिफारिश को अपनाते हुए सभी प्रभावित किसानों को मुआवजा वितरण कर दिया। लेकिन 10 प्रतिशत आबादी को अभी तक नहीं दिया इसके संबंध में किसान सभा ने साल 2023 में 124 दिन लगातार आंदोलन किया। परिणाम में ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने 10 प्रतिशत का प्रस्ताव पारित कर शासन को संदर्भित किया। आंदोलन के दूसरे चरण में उक्त कमेटी गठित की गई है। जिसकी सिफारिश के आधार पर शासन 10 प्रतिशत प्लाट के प्रस्ताव पर फैसला लेगा।

दूसरा मुद्दा नए भूमि अधिग्रहण कानून के संबंध में रखा गया। जिसमें समिति को अवगत कराया गया कि कानून का उल्लंघन करते हुए 2014 से अभी तक सर्किल रेट में रिवीजन नहीं हुआ। ग्राम सभाएं जानबूझकर खत्म की गई हैं। कानून के अनुसार 20त्न प्लाट के नियम का उल्लंघन हुआ है। अधिग्रहण प्रभावित हर परिवार को नौकरी देने के नियम का भी उल्लंघन हुआ है। समिति से निवेदन है कि नए कानून का पालन करते हुए इसे लागू कराया जाए।

तीसरे मुद्दे के अंतर्गत प्राधिकरण में अधिग्रहण से प्रभावित किसानों को दिए जाने वाले न्यूनतम 120 वर्ग मीटर प्लाट साइज को कम करते हुए 40 वर्ग मीटर और बाद में 117 वीं बोर्ड बैठक में 40 वर्ग मीटर को भी समाप्त करने का मुद्दा उठाया। मद्दे के अंतर्गत समिति को अवगत कराया गया कि 3 सितंबर 2010 के शासनादेश के अंतर्गत न्यूनतम 120 वर्ग मीटर का प्लाट दिया जाना अनिवार्य है। अवगत कराया गया कि ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की 56वीं बोर्ड बैठक में 120 वर्ग मीटर के न्यूनतम साइज के प्लाट की नीति को पुन: बहाल किया जाए।

नोएडा के किसानों की 10 प्रतिशत प्लॉट, 64.7 प्रतिशत मुआवजा 1997 से सभी को दिया जाए। आबादी का संपूर्ण निदान किया जाए। मूल 5 प्रतिशत के प्लॉट सभी को दिए जाएं। पुश्तैनी गैर पुश्तैनी का भेद खत्म किया जाए। 100 प्रतिशत उठे हुए मुआवजे में 10 प्रतिशत जमा कर करके उसको पत्र की श्रेणी में लाया जाए। किसानों के 5 प्रतिशत की प्लॉट पर कामर्शियल गतिविधि को अनुमति दी जाए।

## मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जीआईपी मॉल की अनसोल्ड कामर्शियल स्पेस अटैच

**नोएडा,** 30 मई (देशबन्धु)। नोएडा में प्रवर्तन निदेशालय ने गुरुवार को मनी लॉन्ड्रिंग जांच के तहत मनोरंजन सेवाएं देने वाली कंपनी की 290 करोड़ रुपए से अधिक की संपत्ति कुर्क की है। जिसमें नोएडा का जीआईपी मॉल की अनसोल्ड कामर्शियल स्पेस भी शामिल है।

कंपनी इंटरनेशनल एम्यूजमेंट लिमिटेड (इंटरनेशनल रीक्रिएशन एंड एम्यूजमेंट लिमिटेड (आईआरएएल) की होल्डिंग कंपनी) पर गुरुग्राम में सेक्टर 29 और 52 में दुकानों या अन्य स्थान के आवंटन के वादे पर लगभग 1,500 निवेशकों से 400 करोड़ रुपए से अधिक इकट्ठा करने का आरोप है। हालांकि, उक्त कंपनी परियोजना को पूरा करने में 'विफल' रही। साथ ही कंपनी ने 'निवेशकों का पैसा हड़प लिया और धनराशि को संबंधित व्यक्तियों, संस्थाओं के पास जमा कर दिया। जिसका उपयोग व्यक्तिगत लाभ के लिए किया गया। इंटरनेशनल रीक्रिएशन एंड एम्यूजमेंट लिमिटेड के निदेशकों और प्रमोटर ने निवेशकों के धन को अन्य संबंधित संस्थाओं के साथ मिलकर बेचने में 400 करोड़ रुपए से अधिक की हेराफेरी की।

### व्यक्तिगत लाभ के लिए किया जा रहा इस्तेमाल

साथ ही, निवेशकों को मासिक सुनिश्चित रिटर्न का भुगतान भी नहीं किया जा रहा था। ईडी की जांच से पता चला कि इकाई ने निवेशकों के पैसे की




- **कंपनी ने 400 करोड़ रुपए की थी हेराफेरी**

हेराफेरी की और धन को संबंधित व्यक्तियों/संस्थाओं के पास पार्क कर दिया, जिसका इस्तेमाल व्यक्तिगत लाभ के लिए किया गया। इसके अलावा, आईआरएएल की बैलेंस शीट से व्यावसायिक अग्रिम को खत्म करने के लिए प्रमोटर निदेशकों और ईओडी (खरीद इकाई) के बीच पिछली तारीख का समझौता किया गया।जिसमें एंटरटेनमेंट सिटी लिमिटेड नोएडा में द ग्रेट इंडिया प्लेस मॉल (जीआईपी) की अनसोल्ड कमर्शियल स्पेस के रूप में करीब 3,93,737.28 वर्ग फुट है। रोहिणी में एडवेंचर आइलैंड लिमिटेड में 45,966 वर्ग फुट का कॉमर्शियल स्पेस। इंटरनेशनल एम्यूजमेंट एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के नाम पर जयपुर की दौलतपुर गांव तहसील में 218 एकड़ जमीन को अटैच किया गया।

## भीषण गर्मी के चलते बिजली कटौती से लोग परेशान

खोड़ा, 30 मई (देशबन्धु)। सूर्यदेव के टेढ़े तेवर और भीषण गर्मी का ताप उसके विपरीत निकाय क्षेत्र में बिजली कटौती से लोगों की परेशानियां बढ़ गई है। बिजली की आंखमिचौली से लोगों की नींद में खलल पैदा हो रही है। लोगो को जागकर रात्रि गुजारनी पड़ती है दिन हो रात्रि लोगो को बिजली कटौती से राहत नहीं मिल रही है विद्युत निगम के अधिकारियों द्वारा किए गए सभी दावे फेल साबित हो रहे है। ट्रांसफार्मरों की बढ़ाई गई क्षमता और जर्जर तारों के बदलने का भी कोई खास फायदा उपभोक्ताओं को नही दिख रहा है दिन हो अथवा रात्रि घंटे दो घंटे के अंतराल पर बिजली गुल हो जाती है। घर और दुकानों पर इन्वर्टर के सहारे कूलर पंखों पर लोड पड़ने पर वो भी हाफने लगे है। दोपहर एक बजे शिव पार्क सरस्वती विहार वंदना विहार आजाद विहार में बिजली गायब हो गई। डेढ़ बजे दस मिनट के लिए सप्लाई दी गई। दो बजे कटने के बाद तीन बजे दुबारा दी गई। बिजली की सप्लाई आने और कटने का क्रम थमने का नाम नहीं ले रहा है। शिव पार्क निवासी जितेंद्र शुक्ला ने बताया कि शाम होते ही नियमित रूप से बिजली काट दी जाती है।बिजली के कटते ही सड़कों पर अंधेरा पसर जाता है। सुनसान जगह पर अंधेरा होने की वजह से असामाजिक तत्वों से खतरा बना रहता है। विद्युत निगम के उपखंड अधिकारी प्रथम पी के सिंह का कहना है कि विद्युत निगम की तरफ से कोई कटौती नहीं की जाती है लोकल फाल्ट होने पर ही बिजली कटौती की जाती है।

## पॉलिथीन के साथ-साथ अवैध रूप से चल रहे तंदूर पर भी निगम ने कसा शिकंजा

**गाजियाबाद,** 30 मई (देशबन्धु)। नगर निगम ने कवि नगर जोन अंतर्गत बड़ी कार्रवाई देखने में आई है जहां प्रतिबंधित प्लास्टिक के विरुद्ध अभियान चलाया गया वहीं अवैध रूप से चल रहे तंदूर को भी बंद कराया गया है। वायु गुणवत्ता सुधार तथा स्वच्छ पर्यावरण बनाने



- **कवि नगर जोन के अंतर्गत हुई बड़ी कार्रवाई**
- **सवा लाख रुपए वसूला जुर्माना**

**वायु गुणवत्ता सुधार तथा स्वच्छ पर्यावरण का आधार बनाने में जुटा निगम : नगर आयुक्त**

के लिए गाजियाबाद नगर निगम की कार्रवाई योजना के क्रम में चल रही है।

कवि नगर जोन अंतर्गत सी ब्लॉक मार्केट, बी ब्लॉक मार्केट कवि नगर, संजय नगर सेक्टर-23, गोविंदपुरम मार्केट एरिया तथा राजनगर सेक्टर-9 मे पॉलिथीन मुक्त अभियान चलाया गया तथा मार्केट एरिया में चल रहे तंदूर को भी बंद कराया गया पूरी कार्रवाई के तहत लगभग 130000 का जुर्माना भी वसूल है तथा शहर वासियों को दुकानदारों को पॉलिथीन का उपयोग न करने की अपील की गई है, अभियान के दौरान मौके पर प्रवर्तन दल टीम, स्वास्थ्य विभाग की टीम तथा जोन की टीम भी उपस्थित रही।

## अधिकारी गौ आश्रय स्थलों पर नियमित भ्रमण करें : प्रमुख सचिव

- **गौवंशो की सुरक्षा हेतु हर संभव प्रयास किया जाए : जिलाधिकारी**

**गाजियाबाद,** 30 मई (देशबन्धु)। प्रदेश के प्रमुख सचिव पशुधन रविंद्र की अध्यक्षता में गौवंशों की सुरक्षा व योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में बैठक आयोजित हुई। जिसमें प्रमुख सचिव ने निर्देश दिए कि अधिकारी गौ आश्रय स्थलों पर नियमित भ्रमण करें।

प्रमुख सचिव ने बैठक में कहा कि गौआश्रय स्थलों के समस्त मृत गौवंशों का अभिलेख रखा जाए तथा शव का समुचित विधि से निस्तारण कराया जाए। प्रत्येक गौआश्रय स्थल से उसके आसपास की कुछ गांवो को सम्बद्ध किया जाए तथा सम्बद्ध गांव के निराश्रित गौवंश को ही गौआश्रय स्थल पर संरक्षित कराया जाए। पशुओं में अनिवार्य रूप से टैग लगाने के लिए उन्होंने सभी पशु चिकित्सा अधिकारियों / उपमुख्य पशु चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया तथा टैंग न लगवाने वाले पशुपालकों की सूची साक्ष्य के साथ उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। भविष्य में बिना टैग वाले पशुओं को किसी प्रकार का स्वास्थ्य प्रमाण पत्र अथवा विभागीय सुविधा न देने के निर्देश दिए।

सभी गौ आश्रय स्थलों पर लक्ष्य के अनुसार भूसे स्थानीय दर पर अभिलंब क्रय करने के निर्देश दिए। कहा कि यदि जनपद में भूसे की कमी हो तो उसके स्थान पर कम दाम पर साईलेज क्रय करें। साईलेज की पौष्टिकता भूसे से अधिक होती है।



अधिकारी गो आश्रय स्थलों पर नियमित भ्रमण करें तथा लू के प्रकोप से बचाव की व्यवस्थाओं का नियमित अनुश्रवण करते हुए कमियों को दूर कराये। निराश्रित पशुओं की चिकित्सा में किसी प्रकार की कोई लापरवाही न हो इसके लिए उन्हें नियमित रूप से चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाए।

जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने कहा कि पशुधन की सुरक्षा हेतु हर संभव प्रयास किया जाए।

मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल ने जनपद में निराश्रित गोवंश संरक्षण, सहभागिता योजन्तर्गत लाभान्वित पशु पालकों, भरण पोषण धनराशि भुगतान, भूसा संग्रह तथा पशुपालन विभाग की विभाग की योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। बैठक में मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी एवं जनपद के सभी उपमुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी एवं पशु चिकित्सा अधिकारियों ने भाग लिया किया।



## मंडलायुक्त ने लिया मतगणना की व्यवस्थाओं का जायजा

**गाजियाबाद,** 30 मई (देशबन्धु)। चार जून को लोकसभा चुनाव की तैयारी अंतिम चरण में हैं। मेरठ मंडल आयुक्त श्रीमती सेल्वा कुमारी जे. ने गुरुवार को मतगणना स्थल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मतगणना स्वच्छता, पारदर्शिता के साथ शांतिपूर्ण संपन्न करायें। इसी के साथ उन्होंने मतगणना स्थल का सूक्ष्मता से जायजा लिया उन्होंने निर्देशित किया कि सुरक्षा के मद्देनजर लगी जालियां कटीली एवं धारदार नहीं होनी चाहिए। जिससे कि किसी भी प्रकार का कोई नुकसान हो। उन्होंने कहा कि निर्वाचन में लगे कार्मिक एवं मीडिया कर्मियों सहित अन्य लोगों को मूलभूत सुविधाओं की परेशानी नहीं होनी चाहिए। निरीक्षण के दौरान एडीएम ई श्री रणविजय सिंह, अपर नगर आयुक्त श्री अरुण कुमार, जिला आपूर्ति अधिकारी डॉक्टर सीमा बालियान एवं जिला सूचना अधिकारी योगेंद्र प्रताप सिंह के साथ अन्य अधिकारी/कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

**मतगणना स्वच्छता, पारदर्शिता के साथ शांतिपूर्ण संपन्न कराएं : सेल्वा कुमारी जे.**

## नगर आयुक्त के निर्देशन में निगम अधिकारियों व महंत नारायण गिरी की हुई बैठक

**गाजियाबाद,** 30 मई (देशबन्धु)। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश अनुसार दूधेश्वर नाथ मठ मंदिर के महंत नारायण गिरी से गाजियाबाद नगर निगम अधिकारियों ने बैठक की। जिसमें जस्सीपुरा फ्लावर के नीचे बनी हुई पार्किंग तथा मंदिर को जाने वाले मार्ग को सुचारु करने के लिए चर्चा हुई, विषय को गहनता से समझते हुए सभी ने अपने-अपने सुझाव रखे मौके पर पूर्व पार्षद जाकिर सैफी भी उपस्थित रहे दूधेश्वर नाथ मठ मंदिर प्राचीन शिव मंदिर है जहां भारी संख्या में श्रद्धालुओं का आवागमन रहता है जिसको देखते हुए मंदिर को जाने वाला मार्ग सुचारू रहे निर्णय लिया गया, जस्सीपुरा फ्लाईओवर के नीचे पार्किंग से अलग मार्ग को सुचारु किया गया तथा श्रद्धालुओं के लिए किसी प्रकार की परेशानी न हो अन्य अवैध अतिक्रमण हटाने का भी निर्णय लिया गया।



**दूधेश्वर नाथ मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं हेतु होगी निशुल्क पार्किंग व्यवस्था : नगर आयुक्त**

**मंदिर जाने वाले मार्ग को किया गया सुचारू**

नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि प्राचीन शिव मंदिर दूधेश्वर नाथ मठ मंदिर जहां भारी संख्या में श्रद्धालु आते हैं इस विषय को ध्यान में रखते हुए निगम अधिकारियों तथा महंत श्री नारायण गिरी जी के मध्य हुई वार्ता के क्रम में जस्सीपुरा फ्लाईओवर के नीचे मंदिर को जाने वाले मार्ग को सुचारु किया गया है तथा श्रद्धालुओं के लिए अलग से पार्किंग की व्यवस्था भी कराई गई है जो की पूरी तरह से नि:शुल्क रहेगी। गाजियाबाद नगर निगम द्वारा विशेष सहयोग करते हुए मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए आवागमन सरल बना रहे तथा अवैध अतिक्रमण हटाने के लिए भी कार्यवाही अमल में लाई जाए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं तथा रेडी पटरी व्यापारियों को भी व्यवस्थित करने के लिए निर्देश दिए गए हैं, यू टर्न पर सिगनेज लगाया जाएगा जिससे श्रद्धालुओं को आवागमन में सरलता रहेगी। महंत नारायण गिरी द्वारा समस्या के समाधान के उपरांत बैठक में उपस्थित निगम अधिकारियों को धन्यवाद स्वरूप आशीर्वचन दिए गए तथा मंदिर के आसपास गाजियाबाद नगर निगम द्वारा कराई जा रही सफाई व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था, जलकल व्यवस्था के लिए निगम की कार्यशैली की सराहना भी की गई। बैठक में अपर नगर आयुक्त अवनिन्दर कुमार, मुख्य अभियंता निर्माण एन के चौधरी, प्रभारी पार्किंग डॉक्टर संजीव सिन्हा व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## नोएडा के 50 हजार लोग हादसे का कर रहे इंतजार

- **फायर ऑडिट में 370 सोसाइटी में 121 में आग बुझाने के नहीं इंतजाम, 30 दिन का दिया गया समय**

**नोएडा,** 30 मई (देशबन्धु)। नोएडा के लोट्स बुलेवर्ड सोसाइटी के एक फ्लैट में ऐसी फटने से आग लगी। फायर उपकरण काम करने लगे इसलिए आग पर काबू पाया और जनहानि नहीं हुई। लेकिन आपको जानकर हैरानी होगी कि नोएडा ग्रेटरनोएडा में करीब 121 सोसाइटी ऐसी है जिनमें फायर सेफ्टी के पर्याप्त इंतजाम नहीं है। ये हम नहीं बल्कि फायर सेफ्टी की ऑडिट रिपोर्ट बता रही है। सीएफओ प्रदीप चौबे ने बताया कि हाल ही में अग्निशमन विभाग ने जनपद की 370 सोसाइटी फायर ऑडिट किया। जिनमें से 121 सोसाइटी में कमियां पाई गई।

इन सोसाइटी में हाइराइज इमारत है। साथ ही करीब 50 हजार से ज्यादा लोग रह रहे है। यानि यहा हादसा हुआ तो बड़ी घटना हो सकती है। सीएफओ ने बताया कि इन सोसाइटी को नोटिस जारी करते हुए 30 दिन का समय दिया गया है। इसके बाद यदि मानको के अनुरूप फायर सेफ्टी उपकरण नहीं मिले तो इनकी बिजली काटने जैसी सख्त कार्यवाही की जाएगी।

वहीं बिजली विभाग भी इस मामले सतर्क है। दरअसल जनपद में वर्तमान में करीब 2400 मेगावाट की डिमांड है। सप्लाई भी इतनी है। लेकिन सोसाइटी ने अब तक लोड नहीं बढ़वाया। इसके चलते आए दिन लोकल फाल्ट के चलते बिजली सप्लाई बाधित होना और ओवर लोड होने से तार टूटने जलने की शिकायत मिलती है। ऐसी 15 सोसाइटी है जिनको नोटिस जारी किए गए। यहां कभी भी हादसा हो सकता है।

उवाच "

उनका संगठन इसका पूरा विरोध करेगा। उन्होंने कहा कि जल्द ही यदि फास्टैग को वहां से नहीं हटाया गया, तो संबंधित विभाग के खिलाफ बड़े स्तर पर आंदोलन भी क्षेत्र किसानों के साथ मिलकर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिसको लेकर संगठन में लोगों को भी जोड़ा जा रहा है। उसी के तहत मोहम्मदपुर गुर्जर गांव में मीटिंग कर सैकड़ो लोगों को संगठन की सदस्यता दिलाई गई है। उन्होंने कहा कि अब गांव-गांव जाकर लोगों को आंदोलन के लिए जागरूक किया जाएगा। **रमेश कसाना, किसान एकता संघ राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी**



# ग्रेनो-छह फुटओवर ब्रिज के निर्माण में अगले माह आएगी तेजी

**ग्रेटर नोएडा,** 30 मई (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा व ग्रेटर नोएडा वेस्ट में व्यस्ततम स्थानों पर बनने वाले छह फुटओवर ब्रिज के निर्माण में अगले माह तेजी आएगी। तकनीकी परीक्षण के साथ डिजाइन का काम लगभग पूरा कर लिया गया है। चार जून के बाद निर्माण शुरू होगा। ऐसे में जान जोखिम में डालकर रोड पार करने वाले लोगों को राहत मिल जाएगी। वहीं ग्रेटर नोएडा वेस्ट में एक मूर्ति गोल चक्कर व यथार्थ अस्पताल के पास का फुटओवर ब्रिज बनकर तैयार हो गया है। आचार संहिता की वजह से परियोजना की रफ्तार कुछ धीमी पड़ गई थी।

दरअसल शहरवासियों की मांग व जरूरत को देखते हुए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने ग्रेटर नोएडा वेस्ट के एक मूर्ति गोल चक्कर व ग्रेटर नोएडा की जगत फार्म मार्केट समेत आठ स्थानों पर फुटओवर ब्रिज के निर्माण की योजना बनाई है। जिनमें से एक मूर्ति गोल चक्कर व यथार्थ अस्ताल के पास का फुटओवर ब्रिज का निर्माण पूरा हो गया है। वहीं सूरजपुर-कासना रोड पर कैलाश अस्पताल के सामने, गामा शॉपिंग कॉम्प्लेक्स जगत फार्म मार्केट के समीप बनने वाले फुटओवर ब्रिज के लाइन के लिए अवार्ड हो चुका है। कंपनी द्वारा इसके डिजाइन का काम चल रहा है। प्राधिकरण के अधिकारी के मुताबिक सेक्टर ओमेगा-1 में ओमेगा शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के समीप, कलेक्ट्रेट ऑफिस के सामने और दुर्गा टॉकिज इंडियन ऑयल पेट्रोल के सामने बनने वाले फुटओवर ब्रिज के लिए प्राप्त तीन निविदाओं का तकनीकी परीक्षण किया जा रहा है। इसके अलावा निराला स्टेट टाउनशिप और अर्थ एसईजेड टेकजोन 4, सुपरटेक इको विलेज और एथार्थ अस्पताल के पास बनने वाले फुटओवर का काम अवार्ड कर दिया गया है। इसके भी डिजाइन का काम चल रहा है। आचार संहिता लागू होने से पहले ही निविदा प्रक्रिया का काम पूरा कर लिया गया था। इस दौरान परियोजनाएं से जुड़ी सभी औपचारिकताएं पूरी कर ली गई है। अधिकारी के बाद अब निर्माण कार्य में तेजी आगी।



- **तकनीकी परीक्षण के साथ डिजाइन का काम लगभग पूरा**
- **फुटओवर ब्रिज बनने से लोगों को मिलेगी राहत**
- **ग्रेनो वेस्ट में एक मूर्ति गोलचक्कर व यथार्थ अस्पताल के पास फुटओवर ब्रिज बनकर तैयार**

फुटओवर ब्रिज के निर्माण में अब तेजी आएगी। इसको लेकर तैयारी शुरू कर दी गई है। निर्माण एजेंसी को दिशा निर्देश दिए गए हैं। आठ में से दो फुटओवर ब्रिज बनकर तैयार हो गए हैं। अगले कुछ महीने में परियोजना को पूरा कर लिया जाएगा : **हिमांशु वर्मा, ओएसडी, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण**

# ग्रेनो प्राधिकरण ने तुगलपुर में डूब क्षेत्र में अवैध निर्माण पर चलाया बुलडोजर

**ग्रेटर नोएडा,** 30 मई (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने गुरुवार को तुगलपुर के डूब क्षेत्र में लगभग 5 हेक्टेयर जमीन पर अवैध निर्माण पर बुलडोजर चलाया। प्राधिकरण के वर्क सर्किल चार की टीम ने अवैध निर्माण को ढहा दिया।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने अधिसूचित एरिया में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। परियोजना विभाग अतिक्रमण हटाने की लगातार कार्रवाई कर रहा है। वरिष्ठ प्रबंधक नागेंद्र सिंह ने बताया कि गुरुवार को वर्क सर्किल चार की टीम ने तुगलपुर के डूब क्षेत्र के खसरा नंबर-724 725 व 703 की लगभग पांच हेक्टेयर जमीन पर हुए अवैध निर्माण पर बुलडोजर चलाया। कुछ कालोनाइजर डूब क्षेत्र में कॉलोनी काटने की कोशिश कर रहे थे, जिसे प्राधिकरण ने गुरुवार को तोड़ दिया गया। परियोजना विभाग के महाप्रबंधक व ओएसडी हिमांशु वर्मा ने चेतावनी दी है कि प्राधिकरण की अधिसूचित एरिया में जमीन कब्जाने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने परियोजना विभाग के सभी वर्क सर्किल प्रभारियों को अपने एरिया में जमीन पर अतिक्रमण रोकने के लिए कड़ी नजर रखने और अतिक्रमण की सूचना मिलते ही कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।



- **कॉलोनाइजर डूब क्षेत्र में कॉलोनी काटने की कर रहे थे कोशिश**
- **वर्क सर्किल 4 की टीम ने लगभग 5 हेक्टेयर जमीन को अतिक्रमण से मुक्त कराया**

# अंकित सिंह ने यूपीएससी में हासिल की ऑल इंडिया 5वीं रैंक

**ग्रेटर नोएडा,** 30 मई (देशबन्धु)। गलगोटियास विश्वविद्यालय के 2015 बैच से बीटेक मैकेनिकल इंजीनियरिंग (एमई) स्नातक के छात्र अंकित सिंह ने अखिल भारतीय रैंक (एआईआर-5) के साथ 'संघ लोक सेवा आयोग' (यूपीएससी) इंजीनियरिंग सेवा परीक्षा 2023 को सफलतापूर्वक उत्तीर्ण किया है। गलगोटियास विश्वविद्यालय के सीईओ डॉ. ध्रुव गलगोटिया ने अंकित को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमें अंकित सिंह की उत्कृष्ट उपलब्धि पर अविश्वसनीय रूप से गर्व है। यूपीएससी की परीक्षा को उत्तीर्ण करना एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, और ऑल इंडिया रैंक-5वीं (एआईआर-5) हासिल करना उनकी असाधारण क्षमताओं और अथक प्रयासों का प्रमाण है। अंकित हमेशा एक प्रतिभाशाली छात्र रहे हैं और हम उसकी कड़ी मेहनत को इतने उल्लेखनीय तरीके से फल मिलता देखकर रोमांचित हैं। अंकित सिंह अपनी इस महान सफलता का श्रेय अपने माता पिता, अपने परिवार और अपने दोस्तों को देते हैं। और उन्होंने आगे कहा कि मेरा गलगोटियास विश्वविद्यालय, और मेरे सभी अध्यापक गण मेरी प्रेरणा के स्त्रोत हैं। अंकित उत्तर प्रदेश के जिला सुल्तानपुर के एक ग्राम टटेरीपुर चन्दा के रहने वाले हैं। अंकित कहते हैं कि जीवन में कड़ी मेहनत, सच्ची लग्न और सकारात्मक सोच मनुष्य को सदैव उन्नति के शिखर की ओर ले जाती है।



- **गलगोटिया विवि से कर चुके हैं इंजीनियरिंग**
- **अंकित सिंह को विवि के सीईओ ने किया सम्मानित**

# यमुना एक्सप्रेस वे के रैम्प पर लगे फास्टैग को हटाने के लिए किसानों ने दी आन्दोलन की चेतावनी

**दनकौर,** 30 मई (देशबन्धु)। दनकौर क्षेत्र में स्थित यमुना एक्सप्रेस वे पर गलगोटिया विवि के पास रैम्प पर टोल टैक्स के लिए फास्टैग लगाया गया है। जिसका स्थानीय लोगों के साथ किसान संगठन ने भी विरोध किया है। किसानों का कहना है कि उनकी जमीन एक्सप्रेस वे में ली गई है। जिसका अभी तक अतिरिक्त मुआवजा भी नहीं मिला है। जिसको लेकर क्षेत्र के मोहम्मदपुर गुर्जर गांव में गुरुवार को किसान एकता संघ के नेतृत्व में किसानों ने मीटिंग की है। जिसमें जल्द ही फास्टैग को वहां से नहीं हटाने पर बड़ा आंदोलन करने की चेतावनी संबंधित विभाग को दी है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सोरन प्रधान के नेतृत्व में किसानों ने बैठक की। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि किसानों से उनकी बेशकीमती जमीन को यमुना एक्सप्रेस वे के लिए कई वर्ष पहले काफी सस्ते रेट पर लिया गया था। अभी तक किसानों को उनका मुआवजा भी नहीं मिला है। किसान एकता संघ के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी रमेश कसाना का कहना है कि उनका संगठन इसका पूरा विरोध करेगा। उन्होंने कहा कि जल्द ही यदि फास्टैग को वहां से नहीं हटाया गया, तो संबंधित विभाग के खिलाफ बड़े स्तर पर आंदोलन भी क्षेत्र किसानों के साथ मिलकर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिसको लेकर संगठन में लोगों को भी जोड़ा जा रहा है। उसी के तहत मोहम्मदपुर गुर्जर गांव में मीटिंग कर सैकड़ो लोगों को संगठन की सदस्यता दिलाई गई है। उन्होंने कहा कि अब गांव-गांव जाकर लोगों को आंदोलन के लिए जागरूक किया जाएगा। इस मौके पर देशराज नागर, पंडित प्रमोद शर्मा, विक्रम नागर, देवेंद्र नागर, सतीश कनारसी, उमेद एडवोकेट, सहदेव चोटी वाला, जयप्रकाश नागर, डॉ. अजय शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।



# राज्य स्तरीय सब जूनियर वुशू प्रतियोगिता का आयोजन

**ग्रेटर नोएडा,** 30 मई (देशबन्धु)। ग्रैड्स इंटरनेशनल स्कूल, ग्रेटर नोएडा के सातवीं कक्षा के छात्र सत्यम अधाना ने 24वीं उत्तर प्रदेश राज्य स्तरीय सब जूनियर वुशू प्रतियोगिता में 2 रजत एवं 1 स्वर्ण पदक जीत कर राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए अपना स्थान पक्का कर लिया है। वह 2018 से वुशु का अभ्यास कर रहे हैं। उन्होंने 14 से अधिक टूर्नामेंट खेले हैं और जिला और राज्य स्तर पर 23 से अधिक स्वर्ण पदक जीते हैं। अब एक स्वर्ण पदक और जीत कर उनके पदकों की संख्या 24 हो गई है। उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर एक कांस्य पदक भी जीता था। पूरे ग्रैड्स परिवार को इस चमकते सितारे पर बहुत गर्व है। उन्होंने 23 से 26 मई, 2024 तक लखनऊ में जूनियर और सब-जूनियर स्टेट वुशु चैंपियनशिप में राज्य स्तर पर जिले से अपने क्षेत्र का प्रतिनिधित्व भी किया। 23वीं उत्तर प्रदेश राज्य स्तरीय जूनियर एवं 24वीं सब जूनियर वुशु प्रतियोगिता में गौतम बुद्ध नगर ने ओवर ऑल ट्रॉफी अपने नाम कर ली। के.डी. सिंह बाबू स्टेडियम के बैडमिंटन हॉल में उत्तर प्रदेश वुशू संघ के तत्वाधान में संपन्न वुशू प्रतियोगिता में गौतम बुद्ध नगर 74 अंक ले कर ओवर ऑल चैंपियन बना। मेरठ की टीम 55 अंक लेकर उपविजेता तथा लखनऊ की टीम 32 अंक के साथ तीसरे स्थान पर रही। सत्यम प्रतियोगिता में भाग ले कर दो दिन पहले ही ग्रेटर नोएडा लौटे हैं। उनके दमदार प्रदर्शन से परिवार में हर्ष का माहौल है।



- **सत्यम अधाना ने जीता एक स्वर्ण व दो रजत पदक**

# रोडवेज बस व ट्रैक्टर ट्राली में टक्कर, एक की मौत, कई घायल

**रबूपुरा,** 30 मई (देशबन्धु)। गुरुवार को यमुना एक्सप्रेस वे पर ईंट से भरे ट्रैक्टर ट्राली व रोडवेज बस के बीच टक्कर हो गई। हादसे में ट्रैक्टर पर बैठे मजदूर की मौत हो गई। जबकि दोनों वाहनों के चालक व दर्जनों यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद एक्सप्रेस वे पर चारों तरफ ईंट बिखरने से घण्टों तक जाम लगा रहा। मौके पर पहुंची पुलिस व सुरक्षा कर्मियों ने काफी मशक्कत के बाद एक्सप्रेस वे पर यातायात सुचारू कराया। पुलिस अनुसार गांव भाईपुर निवासी दीपक मथुरा के बाजना स्थित ईंट भट्टे से ट्रैक्टर ट्रॉला में ईंट भरकर अपने गांव आ रहा था। उसके साथ गांव का ही रहने वाला मजदूर मोंटी भी था जो ईंट के ऊपर बैठा हुआ था। बताया जाता है कि ट्रैक्टर ट्राला में क्षमता से कहीं अधिक ईंट भरी हुई थी और वह काफी तेज रफ्तार में आ रहा था। यमुना एक्सप्रेस वे फलेदा कट पर चालक ने जैसे ही ट्रैक्टर को नीचे उतरने के लिए मोड़ा, तभी पीछे से आ रही आगरा रोडवेज की तेज रफ्तार बस उसमें टकरा गई। इससे ट्रॉला में ईंट के ऊपर बैठा मजदूर मोंटी (20) उछलकर दूर जा गिरा और गंभीर चोटें लगने से उसकी मौत हो गई। उधर बस का चालक व दर्जनों यात्री और ट्रैक्टर चालक भी घायल हो गए। हादसे में ट्रैक्टर के परखच्चे उड़ गए और तमाम ईंट एक्सप्रेसवे पर चारों तरफ बिखर गईं। इससे एक्सप्रेस वे पर जाम लग गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों की मदद से घायलों को नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।





# जीबीयू ने शारदा विवि को 24 रन से हराकर जीता मैच

**ग्रेटर नोएडा,** 30 मई (देशबन्धु)। नॉलेज पार्क स्थित शारदा विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण विभाग की तरफ से अंतर विश्वविद्यालय शारदा टी-10 क्रिकेट लीग में गुरुवार को दो मैच हुए। पहले मैच में गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय ने शारदा विश्वविद्यालय को 24 रनों से हरा दिया। मैच में 14 रन और 4 विकेट लेने पर जीबीयू के खिलाड़ी हर्षित आर्य को मैन ऑफद मैच चुना गया। पहले मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए जीबीयू की टीम ने निर्धारित ओवर में 9 विकेट खोकर 70 रन बनाए। टीम की तरफ से बल्लेबाज सिद्धू कसाना ने 3 चौके और 1 छक्के की मदद से 18 रन और हर्षित आर्या 1 चौके, 1 छक्के की मदद से 14 रन बनाएं। शारदा की टीम के गेंदबाज सचिन गौतम ने 16 रन और शिवम कुमार ने 14 रन देकर 3-3 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी शारदा की टीम 9 विकेट खोकर 46 रन बना पाई। टीम की तरफ से बल्लेबाज अंकित ने 10 रनों का योगदान दिया। जीबीयू के गेंदबाज हर्षित आर्य ने 12 रन देकर 4 विकेट लिए।

**हर्षित आर्य को 14 रन बनाने व 4 विकेट लेने पर मैन ऑफ द मैच**



# यमुना में मिले शव की हुई शिनाख्त, शव परिजनों को सौंपा

**ग्रेटर नोएडा,** 30 मई (देशबन्धु)। नॉलेज पार्क थाना क्षेत्र में यमुना में मिले शव की शिनाख्त हो गई। वह कासना के निवासी ऋषि वाल्मीकि (42) का था। ऋषि 19 मई को घर से मजदूरी के लिए निकला था। उसकी पोस्टमार्टम रिपोर्ट में कहा गया है कि डूब कर मौत हुई है। गुरुवार को उसका शव थाना नॉलेज पार्क पुलिस ने कासना पुलिस को सौंप दिया। कासना पुलिस ने बताया कि परिजनों से जानकारी हुई है कि ऋषि कई-कई दिनों तक घर से मजदूरी के लिए बाहर चला जाता था। इस बार भी जब वह कई दिनों तक नहीं आया तो परिजनों ने अनुमान लगाया कि मजदूरी करने के लिए आसपास गया होगा। ऋषि मोबाइल भी नहीं रखता था, जिससे उससे परिवार वालों का संपर्क नहीं हो पाता था।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से टेंपो चालक की मौत

**ग्रेटर नोएडा,** 30 मई (देशबन्धु)। नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस वे पर बुधवार को सफीपुर अंडरपास के समीप किसी अज्ञात वाहन ने टेंपो में टक्कर मारी दी। हादसे में टेंपो चालक की घटना स्थल पर दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को लेकर भेजा है। पुलिस अज्ञात वाहन और आरोपी चालक की तलाश में जुटी है। नॉलेज पार्क थाना पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक मथुरा का रहने वाला धर्मवीर टेंपो चलाता था। पुलिस के मुताबिक धर्मवीर टेंपो लेकर दिल्ली से आगरा जा रहा था। नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस वे पर बुधवार की सुबह सफीपुर अंडरपास के समीप पहुंचा तो किसी अज्ञात वाहन ने टेंपो में टक्कर मार दी। हादसे में धर्मवीर की घटना स्थल पर दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। इस मामले में मृतक धर्मवीर के भाई तेजवीर ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है पुलिस आरोपी चालक की तलाश में जुटी है।

# गंगा नहाने गई महिला के घर को चोरों ने किया साफ

**ग्रेटर नोएडा,** 30 मई (देशबन्धु)। ईकोटेक-3 थाना क्षेत्र में बुधवार की रात गांव हबीबपुर में एक घर से चोरों ने लाखों रुपए का सामान चोरी कर ले गए, घटना के समय परिवार हरिद्वार में गंगा स्नान के लिए गया हुआ था। परिवार जब लौट कर आया तो उसे घर पर अस्त व्यस्त सामान के अलावा जिस लोहे की रॉड से ताला तोड़ा गया था, वह भी मिली। पीड़िता ने चोरी की रिपोर्ट अज्ञात चोरों के खिलाफ दर्ज कराई है। गांव हबीबपुर की निवासी कोमल शर्मा ने बताया कि उनके पति सुभाष शर्मा की मृत्यु हो चुकी है। वह परिवार के अन्य सदस्यों के साथ रहती हैं। तीन दिन पहले वह पूरे परिवार के साथ हरिद्वार गई थीं। बुधवार की सुबह उन्हें पड़ोसियों ने फोन करके बताया कि उनके मकान का ताला टूटा पड़ा है। बुधवार की शाम को 5 बजे जब वह घर पर लौटे तो देखा कि घर में सामान अस्त व्यस्त है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि घर में रखा 15 हजार रुपए कैश, सोने चांदी के कुछ आभूषण, घर का कीमती सामान आदि चोरी हो गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# स्कार्पियो की चपेट में आने से व्यक्ति घायल

**ग्रेटर नोएडा,** 30 मई (देशबन्धु)। सूरजपुर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत तेज रफ्तार स्कार्पियो सवार चालक ने आटो में टक्कर मार दी। स्कार्पियो की टक्कर से आटो पलट गया, जिसमें बैठे एक व्यक्ति को गंभीर चोट आई है। दुर्घटना के बाद स्कार्पियो चालक मौके से फरार हो गया। पीड़ित आटो चालक ने स्कार्पियो सवार चालक के खिलाफ पुलिस से शिकायत की है। पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित आटो चालक प्रदीप राणा ने बताया कि वह मंगलवार देर शाम परीचौक से सवारी लेकर सूरजपुर गोलचक्कर आ रहा था। दुर्गा गोलचक्कर के समीप पीछे से आ रही तेज रफ्तार स्कार्पियो कार ने टक्कर मार दी। आटो क्षतिग्रस्त हो गया। हादसें में आटो में बैठे एक युवक विनित के सिर में गंभीर चोट आई है। उसका उपचार शारदा अस्पताल में चल रहा है।

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उत्तर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

# युवा व उम्रदराज में तेजी से बढ़ रहा है डिमेंशिया के मामले

**ग्रेटर नोएडा,** 30 मई (देशबन्धु)। भारत एक बड़े जन स्वास्थ्य संकट का सामना कर रहा है। विशेषज्ञों का अनुमान है कि 2050 तक दुनिया भर में डिमेंशिया के रोगियों की संख्या लगभग तिगुनी हो जाएगी। यह चिंताजनक प्रवृत्ति लाखों भारतीयों और उनके परिवारों के लिए भी एक गंभीर खतरा है, जिस पर तत्काल ध्यान और सक्रिय उपाय करने की आवश्यकता है। यह बीमारी तेजी से युवाओं को भी अपनी गिरफ्त में ले रही है, विशेषज्ञ इसका बड़ा कारण खराब लाइफस्टाइल को मानते हैं। फोर्टिस हॉस्पिटल, नोएडा में न्यूरोलॉजी की डायरेक्टर डॉ. ज्योति बाला शर्मा कहती हैं कि डिमेंशिया को समझना महत्वपूर्ण है, क्योंकि उच्च रक्तचाप, मधुमेह, मोटापा और अवसाद जैसे जोखिम कारक युवा आबादी को तेजी से प्रभावित कर रहे हैं। जिसकी प्रमुख वजह युवाओं की खराब लाइफ स्टाइल है। जिसकी वजह से उनके ऊपर डिमेंशिया का खतरा मंडरा रहा है। हमारे यहां कई युवा भी अकसर भूलने की समस्या को लेकर आते हैं। इससे पता चलता है कि आने वाले वर्षों में हम डिमेंशिया को कम उम्र के लोगों को प्रभावित करते हुए देख सकते हैं। डिमेंशिया रोगियों और उनकी देखभाल करने वालों के लिए विशेष देखभाल और सहायता की महत्वपूर्ण आवश्यकता को पहचानते हुए, फोर्टिस हॉस्पिटल नोएडा ने एक मेमोरी क्लिनिक शुरू किया है। यह क्लिनिक व्यापक सेवाएं प्रदान करता है, जिसमें मेमोरी स्क्रीनिंग, निदान, संज्ञानात्मक व्यायाम और व्यक्तिगत देखभाल शामिल हैं। इस पहल का उद्देश्य रोगियों के जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाना है और साथ ही उनके परिवारों को आवश्यक सहायता प्रदान करना है। न्यूरोलॉजी के डायरेक्टर डॉ. कपिल कुमार सिंघल कहते हैं, डिमेंशिया की घटनाएं बढ़ती उम्र के साथ बढ़ती हैं। अध्ययन के अनुसार, 2050 तक, भारत में लगभग 20 प्रतिशत आबादी 60 वर्ष से अधिक आयु की होगी। 2050 तक डिमेंशिया रोगियों की संख्या लगभग 2-3 गुना बढ़ जाएगी।




- **मेडिकल एक्सपटर्स ने जताई चिंता**
- **नोएडा के फोर्टिस अस्पताल ने शुरू किया मेमोरी क्लिनिक**

# एकेटीयू के छात्रों को कराएगा समर इंटर्नशिप

**पांच जून तक करें पंजीकरण**

**ग्रेटर नोएडा,** 30 मई (देशबन्धु)। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय अपने छात्रों को नई उभरती तकनीकी में दक्ष बनाने पर जोर दे रही है। छात्र नई तकनीकी के जानकार होंगे तो रोजगार मिलने में आसानी होगी। इस दिशा में कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय के निर्देशन में विश्वविद्यालय ने सॉफ्ट प्रो इंडिया कंप्यूटर टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेज कंपनी से एमओयू किया था। जिसके तहत कंपनी अब संबद्ध संस्थानों के बीटेक सीएस और आईटी ब्रांच के छात्रों को निःशुल्क ऑनलाइन समर इंटर्नशिप कोर्स कराने जा रही है। इंटर्नशिप करने के लिए छात्रों को 5 जून तक पंजीकरण कराना होगा। यह इंटर्नशिप चार से छह सप्ताह का होगा। इसमें पिछले साल 50 प्रतिशत स्कोरिंग करने वाले छात्र हिस्सा ले सकेंगे। छात्रों को कंपनी की ओर से विशेषज्ञ प्रशिक्षण देंगे। डीन ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेंट प्रो. नीलम श्रीवास्तव के अनुसार ऐसे कोर्स से छात्रों को काफी लाभ मिलता है।

**सॉफ्ट प्रो इंडिया कंप्यूटर टेक्नोलॉजी निःशुल्क कराएगी चार से छह सप्ताह का ऑनलाइन इंटर्नशिप**


**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर-201308 (उ0प्र0)
**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम अट्टा गुजरान में उप जिलाधिकारी सदर जनपद गौतमबुद्धनगर से प्राप्त परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र संख्या 325/एस0टी0/एस0डी0एम0/2024 दिनांक 02.05.2024 के अनुसार निम्न प्रकार मृतक स्व0 श्री भूपसिंह पुत्र श्री गरीबा निवासी ग्राम अट्टा गुजरान, तहसील व जनपद गौतमबुद्धनगर व मृतक के पुत्र स्व0 श्री दिनेश पुत्र स्व0 श्री भूप सिंह के स्थान पर उनके वारिसानों के नाम दर्ज किये जाने प्रस्तावित है।

| ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के परिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से संबंध | आयु लगभग |
|---|---|---|---|---|---|
| जगनपुर अफजलपुर | 730 731 | स्व0 श्री भूपसिंह पुत्र श्री गरीबा, निवासी ग्राम अट्टा गुजरान तहसील व जनपद गौतमबुद्धनगर | श्रीमती पन्नो | पत्नी | 57 वर्ष |
| | | | श्री विनोद कुमार | पुत्र | 40 वर्ष |
| | | | श्री प्रमोद | पुत्र | 41 वर्ष |
| | | | श्रीमती कविता | पुत्री विवाहित | 35 वर्ष |
| अटटा गुजरान | 450म | | श्रीमती बबीता उर्फ रीना | पुत्री विवाहित | 33 वर्ष |
| | | | श्रीमती ममतेश | पुत्री विवाहित | 31 वर्ष |
| | | | श्रीमती बाला | पुत्री विवाहित | 30 वर्ष |
| | | | श्रीमती प्रियंका | पुत्री विवाहित | 25 वर्ष |

उपरोक्त परिवार सदस्यों के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व अन्य अनुमन्य लाभ संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा। यदि उच्च स्तरीय जांच के कम में प्रश्नगत भूमि पर कृषक का स्वत्व समाप्त है तो इस विारिसान को स्वतः निरस्त समझा जायेगा।

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औ0 वि0 प्राधिकरण

**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर-201308 (उ0प्र0)
**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पारसौल में उप जिलाधिकारी सदर से प्राप्त परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र संख्या UB/एस0टी0-एस0डी0एम0-सदर/2014-15, दिनांक 04.08.2015 मृतक स्व0 ओमवीर पुत्र कुवंरपाल, नि0 पारसौल तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर के स्थान पर उनके वारिसानों के नाम निम्न प्रकार दर्ज किया जाना प्रस्तावित है।

| ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के पारिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से संबंध | आयु लगभग | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| पारसौल | 103 | स्व0 ओमवीर पुत्र कुवरपाल नि0 पारसौल, तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर | श्रीमती सुमन | पत्नी | 40 वर्ष | |
| | | | श्री अंकित | पुत्र | 19 वर्ष | |
| | 99 | | श्री अनिल | पुत्र | 17 वर्ष | संर0 माता स्वयं श्रीमती सुमन |
| भट्टा | 80 | | श्री अमित | पुत्र | 15 वर्ष | |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखो में दर्ज करा दिया जायेगा।

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

# { संपादकीय }

नई दिल्ली, शुक्रवार 31 मई 2024

*संस्थापक-सम्पादक* : स्व. मायाराम सुरजन

## कांग्रेसियों को सतर्कता की ज़रूरत

संगठन के प्रति असंदिग्ध निष्ठा और विद्वता के बावजूद कांग्रेस के नेता मणिशंकर अय्यर को बयान देते वक्त अधिक संयम व सावधानी बरतने की ज़रूरत है। निवर्तमान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिये एक बार व्यक्तिगत अपमान भरी टिप्पणी कर वे पार्टी का ऐसा बड़ा नुकसान कर चुके हैं जिसकी भरपायी कभी नहीं हो सकी थी। फिर, कोई भी बयान देते वक्त उन्हें इस बात को अब तक समझ जाना चाहिये था कि सामने खड़े मोदी और उनकी भारतीय जनता पार्टी विपक्षी दलों का फायदा उठाने में पारंगत है। अब की बार चीन को लेकर उनका आया बयान अधिक संवेदनशील है। और तो और, ऐसे वक्त में यह बयान आया है जब लोकसभा चुनाव के लिये मतदान का अंतिम चरण 1 जून को होगा। नतीजे 4 जून को आ जायेंगे। आखिरी चक्र में ही वाराणसी सीट पर खुद मोदी उम्मीदवार हैं।

हालांकि अब केवल 57 सीटें बची हैं और मणिशंकर का बयान चुनावी परिणामों पर वैसा असर नहीं करेगा जैसा पिछली बार की उनकी टिप्पणी से हुआ था। चुनाव तो पूरा हो चुका है लेकिन कांग्रेस द्वारा जब मोदी एवं भाजपा नेताओं की बदज़ुबानी को लेकर भी एक बड़ी लड़ाई लड़ी जा रही है, तो सावधानी बेहद आवश्यक है। कांग्रेस ही नहीं, सभी विपक्षी दलों के नेताओं को यह पता भी है कि भाजपा के पास अपना एक सुसंगठित प्रचारतंत्र है; साथ ही उसका समर्थक मीडिया है जो मोदी विरोधी बातों को कई गुना बढ़ाकर दिखलाने व सुनाने में महारत रखता है। उनका यह बयान चाहे कांग्रेस को अब सीधे-सीधे कोई नुकसान नहीं पहुंचाएगा लेकिन विपक्ष की कथित रूप से देशविरोधी छवि बनाने में वह मददगार हो सकता है। वर्तमान दौर यथार्थ नहीं अवधारणाओं और छवियों से परिचालित होता है। इसकी रेस में भाजपा कांग्रेस से आगे है। अलबत्ता लम्बे समय के बाद विमर्श के स्तर पर कांग्रेस व सहयोगी दलों का गठबन्धन इंडिया भाजपा को मात देने में कामयाब दिख रहा है। भाजपा ने अपने पिछले 10 वर्षों के कार्यकाल में मुख्य रूप से यही काम किया है, कि विपक्षियों को राष्ट्रविरोधी साबित किया जाये। अय्यर का बयान कांग्रेस की इसी छवि को सघन करने में भाजपा का मददगार हो सकता है।

शनिवार शाम अय्यर दिल्ली में विदेशी संवाददाता क्लब में एक भाषण दे रहे थे जिसमें उन्होंने चीनी आक्रमण का उल्लेख करते हुए 'कथित' शब्द का प्रयोग किया था। उन्होंने कहा- 'अक्टूबर 1962 में चीनियों ने कथित तौर पर भारत पर आक्रमण किया था।' हालांकि उन्होंने अपने इस बयान के लिये माफी मांगते हुए कहा कि- 'मैं चीनी आक्रमण के पहले कथित शब्द का गलती से प्रयोग करने के लिये बिना शर्त माफी मांगता हूं।' वैसे इस बीच अनुमानों के अनुरूप भाजपा के आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने एक्स पर पोस्ट डाल ही दी। इसमें उन्होंने कहा है कि यह बयान कांग्रेस के चीन के प्रति प्रेम को दर्शाता है जबकि इस हमले के बाद चीन ने भारत की 38 हजार वर्ग किलोमीटर जमीन पर अपना कब्जा कर लिया था। लगे हाथ उन्होंने यह भी आरोप लगा दिया कि जवाहरलाल नेहरू ने चीन के पक्ष में राष्ट्र संघ की सुरक्षा परिषद की सीट छोड़ दी थी। मालवीय के अनुसार राहुल गांधी ने चीन के साथ एक गुप्त एमओयू पर हस्ताक्षर भी किये थे और राजीव गांधी फाऊंडेशन ने चीनी दूतावास से चंदा तक स्वीकार किया था। इसके बाद यूपीए की सरकार ने चीनी वस्तुओं के लिये भारतीय बाजारों को खोल दिया था।

'कथित' शब्द के गलत प्रयोग का असर कितना घातक हो सकता है, इसका भान होते ही कांग्रेस के महासचिव व प्रचार विभाग के प्रमुख जयराम रमेश ने आनन-फानन में इस पर एक बयान दिया कि 'कांग्रेस अय्यर के बयान से खुद को अलग करती है। वह मानती है कि 1962 का चीन द्वारा किया गया हमला उतना ही वास्तविक था जितना 2020 की शुरुआत में चीन द्वारा लद्दाख में की गई घुसपैठ है।' रमेश ने कहा कि 'मोदी ने 19 जून को एक सार्वजनिक बयान में चीनी घुसपैठ को नकार कर न सिर्फ चीन को क्लीन चिट दी वरन भारतीयों का पक्ष कमजोर कर दिया। देपसांग व डैमचोक सहित 2000 वर्ग किमी का इलाका भारतीय सैनिकों की पहुंच से बाहर कर दिया गया है।' उन्होंने सभी से अय्यर की उम्र का भी ख्याल रखने के लिये कहा है। जिस कार्यक्रम में अय्यर ने चीनी आक्रमण के लिये 'कथित' शब्द का प्रयोग करने की चूक की, उसी में अपने भाषण में पाकिस्तान की भी प्रशंसा करते हुए कहा कि 'उनका पाकिस्तान में दिल खोलकर स्वागत हुआ था।' इसे भारत की एक बड़ी सम्पत्ति बतलाते हुए उन्होंने कहा कि 'पिछले 10 वर्षों में पाकिस्तान के साथ वार्ता के कोई प्रयास नहीं हुए।'

वैसे देखा जाये तो अय्यर के भाषण में एक 'कथित' वाला मामला छोड़ दें तो इतना बड़ा बखेड़ा करने का आधार नहीं बनता लेकिन फिलहाल देश जिस दौर से गुजर रहा है उसमें भाजपा के लिये राष्ट्रवाद एक प्रमुख ताकत है और वह हर ऐसे बयान को भुनाने की कोशिश करती है जिससे उसे सियासी फायदा मिले। यह कांग्रेस का दुर्भाग्य ही कहा जायेगा कि ऐसे वक्त में जब वह देश में लोकतंत्र बचाने की सबसे बड़ी लड़ाई लड़ रही है, उसके अपने संगठन के ही कुछ ऐसे वरिष्ठ सिपहसालार उसके लिये अड़चनें उत्पन्न करते हैं। कुछ दिनों पहले इंडियन ओवरसीज़ कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा भी नस्ल तथा इनहेरिटेंस टैक्स सम्बन्धी बयानों द्वारा संगठन की मुश्किलें बढ़ा चुके हैं। वक्त सतर्कतापूर्वक बातें करने का है!


# पिछड़ों का आरक्षण कौन छीन रहा है ?

अब जबकि सिर्फ सातवें चरण में 57सीटों के लिए मतदान बचा है और चुनाव के नतीजे बस हफ्ता भर दूर हैं, इसके अनुमानों में जाना उपयुक्त नहीं होगा कि इस बार के करीब पौने दो महीने लंबे ,चुनाव के पूरे दौर में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में संघ-भाजपा के प्रचार में जैसी बदहवासी दिखाई दी है, उन्हें हार अपनी ओर बढ़ती दिखाई देने का ही नतीजा थी या नहीं। बहरहाल, इतना हम पक्के तौर पर कहेंगे कि खासतौर पर पहले चरण के मतदान के बाद से, खुद प्रधानमंत्री के स्तर पर जो बदहवासी नजर आई है, वह छठे चरण के बाद तक भी ज्यों की त्यों बनी ही हुई है। बदहवासी से हमारा आशय संघ-भाजपा के अपने विराट आर्थिक तथा मीडियाई व अन्य प्रचार संसाधनों समेत, सचमुच सब कुछ प्रचार में झौंक देने के लिए उद्धत होने भर से नहीं है, जिसके लिए मोदी की भाजपा को वैसे भी जाना जाता है। यह इसके बावजूद है कि इस सब कुछ झौंकने में शब्दश: सब कुछ झौंकना शामिल है, तमाम कायदे-कानूनों और मर्यादाओं समेत।

बदहवासी से हमारा आशय, खासतौर पर नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उनके अपना ही कोई सुसंगत नैरेटिव पेश करने के बजाय बहुत दूर तक, विरोधियों के नैरेटिव को झुठलाने पर ही केंद्रित हो जाने से है। वास्तव में चुनाव प्रचार के छोर तक पहुंचते-पहुंचते नौबत यहां तक आ गई है कि राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री का उपहास करते हुए, अपनी सभाओं में यह तक कहना शुरू कर दिया है कि वह जो भी चाहें, नरेंद्र मोदी के मुंह से कहलवा सकते हैं। वह कहेंगे खटाखट, तो प्रधानमंत्री भी अपने भाषण में खटाखट-खटाखट ही करने लगेंगे! और सचमुच प्रधानमंत्री की सभाओं में खटाखट, खटाखट सुनाई देने लगी है।

फिर भी सामाजिक न्याय तथा जाति जनगणना के विपक्षी इंडिया मंच के महत्वपूर्ण एजेंडा के खिलाफ नरेंद्र मोदी ने अपने हमले को, अपने बहुसंख्यकवादी सांप्रदायिक एजेंडे के इर्द गिर्द बुनने की जो कोशिश की है, उसे कोई चाहे तो संघ परिवार का मूल नैरेटिव भी कह सकता है। लेकिन, यह अगर उनका अपना नैरेटिव है तो, यह बहुत ही दरिद्र नैरेटिव है। इस नैरेटिव की दरिद्रता इसमें है कि यह तो उनका सांप्रदायिक चेहरा साफ-साफ सामने ला देता है। यह बात कम से कम दर्ज तो की ही जानी चाहिए रीढ़-विहीनता के अपने सारे प्रदर्शन और सारे टाल-मटोल से लेकर, आदर्श चुनाव संहिता के उल्लंघन के सारे आरोपों को एक ही पलड़े पर तौलने के अपने शर्मिंदा करने वाले पैंतरों के बावजूद, चुनाव आयोग को इसी प्रचार के लिए, नाम लिए बिना ही सही, प्रधानमंत्री समेत कई प्रमुख भाजपा नेताओं के भाषणों/ बयानों को आपत्तिजनक मानना पड़ा है। आयोग ने आइंदा ऐसे भाषणों/ बयानों बचने का निर्देश देने की, भाजपा के अध्यक्ष को सलाह दी है। यह दूसरी बात है कि आयोग ने उक्त सलाह जारी कर अपने कर्तव्य की पूर्ति हो गई मान ली है, जबकि प्रधानमंत्री समेत भाजपा नेताओं द्वारा आदर्श चुनाव संहिता तथा चुनाव कानून के सांप्रदायिक उल्लंघनों में, चुनाव के हरेक चरण के गुजरने के साथ कुछ न कुछ तेजी ही आई है।

सामाजिक न्याय और जाति गणना के मुद्दे पर, अपने मनुवादी-सवर्णवादी रुख का बचाव करने और इस बचाव को सांप्रदायिक हमले के हथियार में तब्दील करने के लिए, प्रधानमंत्री से लगाकर नीचे तक, इसके सरासर बेतुके तथा झूठे दावे के साथ कि इंडिया एलाइंस दलितों, आदिवासियों, पिछड़ों के आरक्षण में से एक हिस्सा छीन लेगा, यह टेक जोड़ दी गई कि छीना हुआ हिस्सा, मुसलमानों को दे देंगे। वैसे छीनकर, मुसलमानों का दे देने के इस हास्यास्पद प्रचार का इस चुनाव के दौरान जिस तरह विकास हुआ है, वह भी कोई कम दिलचस्प नहीं है। इसकी शुरूआत, पहले दो चरणों में राम मंदिर का संघ की कल्पना के अनुसार असर नजर नहीं आने की पृष्ठभूमि में हुई थी, जब जातिगणना और सामाजिक-आर्थिक सर्वे के विपक्ष के प्रस्ताव को खुद प्रधानमंत्री ने जान-बूझकर तोड़-मरोड़कर, बहनों-माताओं का मंगलसूत्र छीन लेंगे, घर में रखा गहना-सोना छीन लेंगे बना दिया और मुसलमानों का नाम लेकर इसका ऐलान कर दिया कि यह सब छीनकर मुसलमानों को दे दिया जाएगा। पर छीनकर दूसरों को दे देने का यह दावा आम तौर इतना ऊटपटांग था कि नरेंद्र मोदी को जल्द ही इसे बदलकर, दलितों, आदिवासियों, पिछड़ों का आरक्षण छीनकर, मुसलमानों को दे देंगे करना पड़ गया। छीने और बांटे जाने का मोर्चा बदल चुका था, फिर भी बांटे जाने के खतरे के स्रोत के रूप में मुसलमान जहां के तहां बने हुए थे और इसी से पैदा होने वाला सांप्रदायिक ध्रुवीकरण, इस पूरी कसरत का मकसद था।



राजेन्द्र शर्मा

सामाजिक न्याय और जाति गणना के मुद्दे पर, अपने मनुवादी-सवर्णवादी रुख का बचाव करने और इस बचाव को सांप्रदायिक हमले के हथियार में तब्दील करने के लिए, प्रधानमंत्री से लगाकर नीचे तक, इसके सरासर बेतुके तथा झूठे दावे के साथ कि इंडिया एलाइंस दलितों, आदिवासियों, पिछड़ों के आरक्षण में से एक हिस्सा छीन लेगा, यह टेक जोड़ दी गई कि छीना हुआ हिस्सा, मुसलमानों को दे देंगे।

बेशक, आरक्षण के बांटे जाने का यह दावा भी कोई कम बेतुका नहीं था। सभी जानते हैं कि जहां तक दलितों तथा आदिवासियों के आरक्षण का सवाल है, उसका आधार संवैधानिक है और उसे बिना संविधान बदले कोई नहीं बदल सकता है। और संविधान बदलने के इरादों का आरोप खुद संघ-भाजपा पर है। दूसरी ओर अन्य पिछड़ा वर्ग के आरक्षण में जरूर राज्यों के लिए कुछ लचीलापन रहा है और इस श्रेणी में मुस्लिम पिछड़ी जातियों को जगह दिए जाने के कुछ दक्षिणी राज्यों के उदाहरण को ही, मोदी एंड कंपनी अपनी सांप्रदायिक दलील बनाती रही है, वह भी बहुत अवसरवादी तरीके से। कर्नाटक में भाजपा की पिछली सरकार के लगभग पूरे कार्यकाल में, पिछड़ों के आरक्षण में मुस्लिम पिछड़ी जातियों की भागीदारी की तीन दशक पुरानी व्यवस्था बिना किसी विवाद के चलती रही थी। लेकिन, चुनाव से ऐन पहले भाजपा की सरकार ने इस पर विवाद खड़ा करते हुए, मुस्लिम पिछड़ों का 4 फीसद आरक्षण खत्म कर दिया और यह हिस्सा प्रभुत्वशाली जातियों में बांटने का ऐलान कर दिया। बाद में सुप्रीम कोर्ट ने इस मनमानी पर कड़ाई से रोक लगा दी और विधानसभा चुनाव के बाद राज्य में आई कांग्रेस सरकार ने, पुरानी व्यवस्था को बहाल कर दिया। पुरानी व्यवस्था की इसी बहाली को प्रधानमंत्री चीख-चीखकर पिछड़ों का आरक्षण छीनने की इंडिया गठबंधन की साजिश का सबूत बता रहे थे।

इस दावे में भी मौकापरस्ती इतनी थी कि बिहार में, जहां कर्पूरी ठाकुर के समय में पिछड़ों के लिए आरक्षण की व्यवस्था की शुरूआत से ही मुस्लिम पिछड़ी जातियां आरक्षण में शामिल रही हैं, नीतीश कुमार के साथ गठजोड़ में शामिल भाजपा इस पर आपत्ति करने की स्थिति में नहीं है। इसी प्रकार, आंध्र प्रदेश में भाजपा के साथ नयी-नयी फिर से गठबंधन में आई तेलुगू देशम् पार्टी इसी सब के बीच, मुस्लिम पिछड़ों के आरक्षण की हिफाजत करने के ऐलान कर रही थी, लेकिन भाजपा वहां भी इस मुद्दे पर चुप लगाए बैठी थी। यहां तक कि खुद मोदी ने चुनाव प्रचार से पहले एक साक्षात्कार में यह दावा किया था कि गुजरात में उनके राज में अठारह मुस्लिम जातियां अन्य पिछड़ा वर्ग के लाभ पाने वालों में शामिल रही थीं। फिर भी खासतौर पर दक्षिण के बाहर, देश के बड़े हिस्से में अपने चुनाव प्रचार में प्रधानमंत्री, यही खतरा दिखाकर हिंदुओं को अपने झंडे के नीचे जमा करने की कोशिश कर रहे थे।

और भी बड़ी विडंबना यह कि चुनाव के आखिरी चरणों तक आते-आते प्रधानमंत्री मोदी ने एक झूठा दावा पेश करना शुरू कर दिया, जिसे उन्होंने अपने दर्जनों छद्म इंटरव्यू में दोहराया भी है। कहा जा रहा है कि मुसलमानों के आरक्षण का भाजपा का विरोध सैद्धांतिक है। सिद्धांत यह है कि भारत का संविधान धर्म के आधार पर आरक्षण की इजाजत नहीं देता है। मुसलमानों को आरक्षण मिलना, धर्म के आधार पर आरक्षण दिया जाना है और यह भाजपा को मंजूर नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी अपनी चुनाव सभाओं में अब एक यही गारंटी देते हैं- जब तक मोदी जिंदा है, आपका आरक्षण किसी को छूने नहीं देगा; धर्म के आधार पर आरक्षण मिलने नहीं देगा! लेकिन, क्या मोदी एंड कंपनी ही नहीं है जो पिछड़ों के आरक्षण से पिछड़ी मुस्लिम जातियों को बाहर रखे जाने के अपने आग्रह के जरिए, इस आरक्षण को धार्मिक आधार पर आरक्षण में तब्दील करने पर तुली हुई है। हां! अगर कोई सांप्रदायिकता के नशे में इतना अंधा हो जाए तो बात दूसरी है कि उसे यह भी नहीं दिखाई दे कि किसी आरक्षण को हिंदुओं तक सीमित कर देना भी, उसे सांप्रदायिक आधार पर आरक्षण बना देगा। सच तो यह है कि सिर्फ पिछड़ों के आरक्षण के मामले में ही नहीं, दलितों तथा आदिवासियों के आरक्षण के मामले में भी संघ-भाजपा की बुनियादी नीति, आरक्षण को हिंदुओं तक सीमित कर, धर्म पर आधारित बनाने की ही रही है। यह कोई संयोग ही नहीं है कि संघ-भाजपा न सिर्फ दलित मुसलमानों-ईसाइयों को आरक्षण का लाभ दिए जाने का हमेशा से विरोध करते आए हैं, आदिवासियों के मामले में भी उन्होंने खासतौर पर दलित आदिवासियों को आदिवासी माने जाने के खिलाफ ही अपनी मुहिम तेज कर दी है। सच तो यह है कि मणिपुर के हालात बिगाड़ने में भी, संघ परिवार की ऐसी ईसाई-आदिवासी विरोधी मुहिम का ही बड़ा हाथ है। वहां मुद्दा आरक्षण से बढ़कर, ईसाई आदिवासियों की जमीनों को हासिल विशेष सुरक्षाओं का है। इस तरह, आरक्षण के प्रावधानों के साथ सांप्रदायिक आधार नत्थी करने वाले ही, इसका शोर मचा रहे हैं कि इंडिया गठबंधन सांप्रदायिक आधार पर आरक्षण दे देगा।

रही बात किसी का आरक्षण छीनकर किसी को देने की, तो विपक्ष आम तौर पर जातिगत जनगणना व आर्थिक-सामाजिक सर्वे द्वारा, जिनसे संघ परिवार को बहुत डर लगता है, विभिन्न तबकों की वास्तविक स्थिति का आकलन किए जाने और आबादी में पिछड़ों के हिस्से को, उनकी हिस्सेदारी का आधार बनाने की मांग करता है। यह कोई संयोग ही नहीं है कि बिहार में ऐसे सर्वे के बाद, तत्कालीन महागठबंधन सरकार ने कुल आरक्षण बढ़ाने के जरिए, पिछड़ों के हिस्से में जरूरी बढ़ोतरी करने का प्रस्ताव किया था। वैसे भाजपा भी खुलकर इसका विरोध नहीं कर पाई थी। सामाजिक न्याय के एजेंडा के एक आवश्यक हिस्से के तौर पर विपक्ष की यह भी मांग रही है कि आरक्षण की सीमा 50 फीसद से बढ़ायी जानी चाहिए। वैसे आरक्षण के दायरे से बाहर, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए 10 फीसद आरक्षण की व्यवस्था के लागू होने के बाद से तो, पहले ही सुप्रीम कोर्ट द्वारा तय की गई 50 फीसद की अधिकतम सीमा टूट चुकी है। और दक्षिण भारत के राज्यों में तो यह सीमा पहले भी लागू नहीं हो रही थी। बहरहाल, वास्तव में अगर दलितों व आदिवासियों समेत, सारे आरक्षण अगर किसी ने सबसे ज्यादा छीने हैं, तो मोदीराज के दस वर्षों ने ही, नौकरियां खत्म कर के और सार्वजनिक सेवाओं व उद्यमों का अंधाधुंध निजीकरण करने के जरिए छीने हैं।

**( लेखक साप्ताहिक पत्रिका लोक लहर के संपादक हैं। )**

# भारतीय चुनाव आयोग की विश्वसनीयता पहुंची सबसे निचले स्तर पर

■ के रवींद्रन

भारत के चुनाव आयोग (ईसीआई) की विश्वसनीयता और जनता का उस पर भरोसा मौजूदा लोकसभा चुनावों में एक नये ऐतिहासिक निचले स्तर पर पहुंच गई है और स्थिति ऐसी हो गई है कि इसे पूरी चुनाव प्रणाली में कुछ विनाशकारी बदलावों के बिना वापस नहीं लाया जा सकता है।

भारत के चुनाव आयोग ने आम चुनाव कराने के लिए अपनी विशाल संख्या और प्रसार के कारण दुनिया भर में प्रशंसा हासिल की है। यह लंबे समय से दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की आधारशिला रहा है, जिसे स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने की बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है। हालांकि, लगातार चुनावों के माध्यम से आयोग की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा है और 2024 के चुनावों ने संस्था की विश्वसनीयता पर एक लंबी छाया डाली है, जिससे सवाल और चिंताएं पैदा हुई हैं, जिनकी गहन जांच और उस पर विचार करने की आवश्यकता है।

विवादों की श्रृंखला और कथित पूर्वाग्रह ने एक ऐसी संस्था में जनता के विश्वास को खत्म कर दिया है जो कभी भारत के लोकतांत्रिक लोकाचार का पर्याय थी। चूंकि राष्ट्र इन घटनाक्रमों के निहितार्थों से जूझ रहा है, इसलिए चुनाव आयोग का भविष्य अधर में लटका हुआ है, और इसे अपनी विश्वसनीयता बहाल करने के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लेने होंगे, जिसमें सत्तारूढ़ दल की कम से कम दिलचस्पी होगी।

2024 के चुनावों की अगुवाई में, ईसीआई ने खुद को एक ऐसे विवाद में उलझा हुआ पाया, जो चुनावी प्रक्रिया की दिशा तय करेगा। चुनाव घोषित होने से ठीक पहले दो नये चुनाव आयुक्तों, ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू की नियुक्ति को संदेह और कानूनी चुनौतियों का सामना करना पड़ा। संभावित अराजकता और अनिश्चितता का हवाला देते हुए इन नियुक्तियों पर रोक लगाने की मांग करने वाली याचिकाओं को खारिज करने के सर्वोच्च नयायालय के फैसले ने संदेह के बढ़ते ज्वार को कम करने में कोई मदद नहीं की।

2023 के कानून के अनुसार, चुनाव आयुक्तों के चयन पैनल से भारत के मुख्य न्यायाधीश को बाहर करने से निराशा और बढ़ गई। पारंपरिक तीन सदस्यीय समिति, जिसमें प्रधानमंत्री, विपक्ष के नेता और सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश शामिल थे, अब दो सदस्यों तक सिमट कर रह गई है, जिसमें न्यायपालिका का प्रतिनिधि स्पष्ट रूप से अनुपस्थित है। स्थापित मानदंडों से इस तरह के विचलन को कई लोगों ने ईसीआई की घटती स्वतंत्रता के संकेत के रूप में देखा।

चुनाव से पहले ही आयोग के प्रदर्शन पर एक लंबी छाया पड़ चुकी थी। बाद के घटनाक्रमों ने साबित कर दिया कि आशंकाएं बिलकुल गलत भी नहीं थीं। जैसे-जैसे चुनाव आगे बढ़े, ईसीआई द्वारा आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) को संभालने की गहन जांच की गई। सत्तारूढ़ दल के पक्ष में पक्षपात के आरोप सामने आये, तथा आलोचकों ने चुनिंदा प्रवर्तन के पैटर्न की ओर इशारा किया। ऐसे उदाहरण हैं जहां सत्तारूढ़ दल के उल्लंघनों को अनदेखा किया गया, जबकि विपक्ष को कड़ी कार्रवाई का सामना करना पड़ा, जिन्हें पक्षपात के सुबूत के रूप में उजागर किया गया।

प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा नेताओं ने आचार संहिता का खुलेआम उल्लंघन किया, लेकिन आयोग ने नज़रंदाज़ करने का नाटक किया। पार्टी प्रमुखों को नोटिस भेजने के आयोग के कृत्य को एक दिखावा माना गया, जिसका उद्देश्य अपराधियों को बचाना था। तटस्थता का दिखावा करने के लिए, इसने कांग्रेस अध्यक्ष को भी ऐसा ही नोटिस भेजा।

चुनाव प्रचार के लिए परंपरागत रूप से प्रतिबंधित पूजा स्थलों की पवित्रता से समझौता किया गया। इन पवित्र स्थलों में राजनीतिक संदेश घुसने की खबरें आईं। इन मामलों पर चुनाव आयोग की बहरी और पूरी चुप्पी थी, जिसके कारण एमसीसी के उल्लंघन पर आंखें मूंदने के आरोप लगे।

अनूप बरनवाल का भूत, चुनाव आयुक्तों को नामित करने के लिए सीजेआई सहित एक समिति के लिए सुप्रीम कोर्ट के निर्देश का संदर्भ, कार्रवाई पर हावी रहा। इस निर्देश से चुनाव आयोग के विचलन को एक जानबूझ कर किया गया कार्य माना गया, जो चुनावी प्रक्रिया की अखंडता को बनाये रखने के लिए आवश्यक जांच और संतुलन को कमजोर करता है।

ऐसे आरोप लगे हैं कि मतदान को अनावश्यक रूप से लंबा खींच दिया गया, जिसके कारण मतदान के सभी चरणों में बहुत कम मतदान हुए। ऐसा प्रधानमंत्री के देश भर में प्रचार करने की सुविधा के लिए किया गया था। चुनाव की अवधि ने स्पष्ट रूप से जनता के साथ-साथ कम संसाधनों वाले राजनीतिक दलों, जैसे कि मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस, को थका दिया, जिसे केंद्रीय एजेंसियों द्वारा दंडात्मक कार्रवाई के कारण धन की कमी का सामना करना पड़ा।

आयोग के अभूतपूर्व पतन से हारने वाले दलों को अपनी हार के लिए बाहरी कारकों को दोषी ठहराने का मौका मिल सकता है। नतीजों के दिन आने में एक सप्ताह से भी कम समय बचा है, लेकिन चुनाव परिणाम, यहां तक कि सत्तारूढ़ दल की भारी जीत भी संदेह और बेईमानी के आरोपों के साथ देखी जायेगी। चुनाव आयोग का यह आग्रह कि चुनाव निष्पक्ष रूप से आयोजित किये गये थे, उन लोगों की चिंताओं को कम करने में कोई मदद नहीं करेगा जो पूरी प्रक्रिया को लोकतंत्र के नाम पर एक भव्य भ्रम के रूप में देखते हैं।

इसका अंतिम परिणाम यह है कि विवादों की श्रृंखला और कथित पूर्वाग्रह ने एक ऐसी संस्था में जनता के विश्वास को खत्म कर दिया है जो कभी भारत के लोकतांत्रिक लोकाचार का पर्याय थी। चूंकि राष्ट्र इन घटनाक्रमों के निहितार्थों से जूझ रहा है, इसलिए चुनाव आयोग का भविष्य अधर में लटका हुआ है, और इसे अपनी विश्वसनीयता बहाल करने के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लेने होंगे, जिसमें सत्तारूढ़ दल की कम से कम दिलचस्पी होगी।

## विश्व तंबाकू निषेध दिवस आज

### समाज की उदासीनता से बढ़ रही नशाखोरी

इंसान जो नशे से दूर है रहता, वही जिन्दगी भरपूर है जीता।
देता दिशा समाज को,और बनता गुरुर देश का।

जिस देश का युवा वर्ग किसी भी प्रकार के नशे- बीड़ी, सिगरेट, स्मोक, हेरोइन जैसे व्यसन में डूबा हो, उस देश का भविष्य अंधेरी काल- कोठरी में जाकर ही दम तोड़ता है। नशा हानिकारक है इसे समाज का हर वर्ग बखूबी जानता है। बावजूद इसके मानवीय समाज में अपनी झूठी प्रतिष्ठा कायम करने के उद्देश्य से इंसान नशे का गुलाम बनने में अपनी शान समझता है। नशा एक ऐसी लत है जो समाज के निम्न वर्ग द्वारा अपना तनाव दूर करने के लिए किया जाता है, तो दूसरी ओर समाज का संपन्न और उच्च वर्ग इसे 'हाई-सोसाइटी और स्टेट्स सिंबल' से जोड़कर देखते हुए उसका दास बन जाता है। नशे की प्रवृत्ति के लगातार बढ़ने के कारणों को खोजने का प्रयास करें तो यह सामाजिक लापरवाही के रूप में सामने आता है। पुलिस प्रशासन से लेकर मानवीय समाज एवं सरकार ने इसे अपराध की श्रेणी में नहीं रखा है। इसे एक सामाजिक बुराई मानते हुए सभी वर्ग इसकी अनदेखी कर रहे हैं। सरकार की बात करें तो वह अपनी राजनैतिक रोटी सेंकने को लेकर इसे रोकने में पूर्णत: असमर्थ दिखाई पड़ती है। समाज के जिम्मेदार लोग यह कहकर कि हम क्या कर सकते हैं ? अपना पल्ला झाड़ते दिखाई पड़ रहे हैं। नशे के खिलाफ मानवीय समाज की इसी उदासीनता के चलते स्कूलों में पढ़ रहे बच्चे भी इसकी गिरफ्त में आ चुके हैं। सख्त कदम उठाते हुए यह निर्णय लेना भी शायद गलत नहीं होगा कि-नशे में डूबे परिवार के सदस्य के कारण उस परिवार का सामाजिक बहिष्कार कर दिया जाए!

भारतवर्ष के संदर्भ में बात करें तो आज हमारा देश बुरी तरह से नशे की समस्या से जूझ रहा है। यह बहुत ही जटिल और बहुआयामी मुद्दा है, जो देश के सार्वजनिक स्वास्थ्य और सामाजिक ताने-बाने को क्षति पहुंचा रहा है। भारत सरकार की नशे की स्थिति पर हालिया आंकड़ों की बात करें तो ये बेहद चौंकाने वाले हैं! आंकड़े बताते हैं कि हमारे देश की लगभग 15 से 20 प्रतिशत आबादी अवसाद, न्यूरोसिस और मनोविकृति जैसी मानसिक बीमारी से पीड़ित है। ऐसे व्यक्ति ही अपने आसपास के समाज पर एक ऐसी लहर उत्पन्न करते हैं जिसके कारण धीरे-धीरे सामाजिक ताना-बाना छिन्न-भिन्न होने लगता है। नशे की लत ही वह कारण है, जिसके वशीभूत नवयुवक आत्महत्या तक कर लेते हैं। नशे की गंभीर स्थिति एवं युवाओं को नकारात्मक रूप से प्रभावित करने वाली परिस्थितियों का आभास करते हुए हमारे देश की सरकार ने ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट, नारकोटिक ड्रग्स एंड साइको-ट्रॉपिक सबस्टेंस एक्ट, के द्वारा नशीली दवाओं की बिक्री आदि के लिए दंड का प्रावधान किया है। बावजूद इसके इन कानूनों की देखभाल करने वाले विभागों ने अपनी जवाबदारी का निर्वहन करने की जरूरत नहीं समझी।

जब हम नशे की विकृति पर चिंतन करने बैठते हैं, तो हमारे मन में दो तरह के प्रश्न उठते हैं । पहला यह कि नशा क्यों ? दूसरा इसके लिए जिम्मेदार कौन ? आज देश का सामान्य नागरिक नशे की लत में पड़कर मुंह और फेफड़ों के कैंसर से अपनी जान गंवा रहा है। इन कारणों की तह में झांकने का प्रयास करें तो आज की युवा पीढ़ी में पश्चिमी हवा ने अपना असर दिखाया है । यही कारण है कि वह भारतवर्ष की मूल संस्कृति से भटक चुका है। यही संस्कारविहीन युवा अपने जीवन के साथ-साथ देश एवं समाज का भी अहित कर रहे हैं!

**सूर्यकान्त मिश्रा**

## आपके पत्र

### मशरूम की खेती बनी महिला किसानों की नयी पहचान

आज मशरूम भोजन व स्वाद की दुनिया में अलग ही पहचान बना रही है। लोगों की जुबान पर मशरूम की सब्जी, खीर, अचार, नमकीन आदि का स्वाद चढ़ता जा रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह बिहार में भी इसकी खेती तेज़ी से बढ़ती जा रही है। नेशनल हॉर्टिकल्चर बोर्ड के आंकड़ों से पता चलता है कि 2021-22 में बिहार में तकरीबन 28,000 मीट्रिक टन मशरूम का उत्पादन हुआ है, जो देश मे उत्पादित कुल मशरूम का 10.82 फीसदी है। पिछले साल बिहार में कुल 23 हजार मीट्रिक टन मशरूम का उत्पादन हुआ था। बिहार सरकार मशरूम की खेती करने वाले किसानों को 50 फीसदी तक का अनुदान दे रही है। इससे सूबे में मशरूम उत्पादन और किसानों की आय में बढ़ोतरी हो रही है। एकीकृत बागवानी मिशन योजना के तहत बिहार सरकार मशरूम की खेती पर उत्पादकों को सब्सिडी देने से किसानों का मनोबल भी बढ़ा है और अब इस क्षेत्र में तेज़ी से महिला किसान आगे आ रही हैं. बिहार के कई ज़िले ऐसे हैं जहां पुरुषों की तुलना में महिला किसानों ने मशरूम उत्पादन कर अपनी अलग पहचान बना ली है।

पिछले दस साल से मनोरमा सिंह सिर्फ वैशाली ही नहीं, बल्कि राज्यभर में मशरूम उत्पादन के लिए जानी जा रही हैं। वे खुद मशरूम उगाती हैं और आसपास के किसानों को इसकी ट्रेनिंग भी देती है। वह स्वयं मशरूम के बीज तैयार करती हैं और जरूरी खाद भी बनाती हैं। वहीं मुजफ्फरपुर जिला हेड चार्टर से करीब 17 किमी दूर कांटी प्रखंड के कोठिया गांव के 45 वर्षीय किसान लाल बहादुर बताते हैं कि आज मशरूम की खेती में पुरुष ही नहीं, बल्कि महिलाएं भी एक अलग पहचान बना रही हैं। लोगों को इसका उत्पादन करना फायदेमंद लग रहा है क्योंकि इसकी खेती करना बहुत आसान होता है। इसे लोग अपने घर में ही बहुत सरलता से उगा सकते हैं। इसकी खेती में लागत कम और मुनाफा अधिक होता है। मशरूम की फसल सिर्फ 25 दिनों में ही तैयार हो जाती है। लाल बहादुर बताते हैं कि शुरुआत में उनमें भी मशरूम की खेती की जानकारी का अभाव था फिर साल 2012 में उनकी मुलाकात पूसा कृषि विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. दया राम से हुई. उनके साथ रहकर उन्होंने मशरूम की खेती करने का प्रशिक्षण लिया। उसके बाद आसपास के गांवों में मशरूम की खेती को लेकर उन्होंने किसानों को जागरूक करने का प्रयास किया।

वह बताते हैं कि शुरू में तो सही जानकारी न होने के कारण लोगों ने उनका साथ नहीं दिया। उन्हें लगता था कि ये एक जंगली पौधा है जिसे आज भी हम गांव में 'गोबरछता' के नाम से जानते हैं। इनकी कुछ किस्में बहुत जहरीली होती हैं। लोगों को बहुत समझाने के बाद जब वे जानने लगे कि मशरूम अलग होता है और गोबर छत्ता अलग होता है, तब जाकर ग्रामीणों ने उनके साथ मिलकर मशरूम की खेती करनी शुरू की। इसमें महिलाओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। उसी गांव की एक महिला किसान लक्ष्मी देवी बताती हैं कि लाल बहादुर जी ने हमें किसानी का एक नया रास्ता दिखाया है। जब तक हमें इसके बारे में जानकारी नहीं थी, तब तक हम मेहनत-मजदूरी करने गांव से बाहर शहर जाते थे फिर भी हमारे घर की आर्थिक हालत उतनी अच्छी नहीं थी, लेकिन जब से हम मशरूम की खेती करने लगे हैं। तब से घर की हालत भी सुधरने लगी है। अब हम महिला किसान अपने घर में रहकर ही खेती करती हैं। कोठिया गांव के कई किसानों ने भी बताया कि लाल बहादुर जी ने उन्हें एक नारा दिया है, 'हर घर में खेती हो मशरूम की, हर थाली में एक व्यंजन हो मशरूम की'। यह सिर्फ एक नारा ही नहीं है बल्कि किसानों विशेषकर महिला किसानों को इस क्षेत्र में आगे आने के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गया है।

**प्रियंका साहू, मुजफ्फरपुर बिहार**

*प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770*

*ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in*

## अफगानिस्तान में पांच मानव तस्कर व 26 अन्य अपराधी गिरफ्तार


**काबुल,** 30 मई (एजेंसियां)। अफगानिस्तान के गृह मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि पुलिस ने पश्चिमी हेरात प्रांत में मानव तस्करी के सिलसिले में पांच संदिग्धों को गिरफ्तार किया। गृह मंत्रालय के प्रवक्ता मुफ्ती अब्दुल मतीन कानी ने सोशल मीडिया पर बताया कि पुलिस ने संदिग्धों को बुधवार को प्रांत के कुशक जिले में एक सैन्य अभियान के दौरान गिरफ्तार किया। प्रवक्ता ने बताया कि हिरासत में लिए गए संदिग्धों ने मनी एक्सचेंजर की तस्करी की योजना बनाई थी। गृह मंत्रालय ने कहा कि पुलिस ने फारयाब, तखार, समांगन, बदगीस, कुंदुज, हेरात और पक्तिया प्रांतों में हत्या और चोरी समेत आपराधिक गतिविधियों में शामिल होने के आरोप में 26 लोगों को भी गिरफ्तार किया है।

# देश विदेश

# रूस पर यूक्रेन के हमलों से अमेरिका चिंतित

**वाशिंगटन,** 30 मई (एजेंसियां)। अमेरिका ने रूस की मिसाइल प्रारंभिक चेतावनी प्रणालियों पर यूक्रेन के हमलों के प्रयासों पर चिंता व्यक्त की है और इससे स्थिति अस्थिर होने का भी खतरा बताया है।

वाशिंगटन पोस्ट ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। रिपोर्ट के मुताबिक एक अधिकारी ने नाम उजागर न करने की शर्त पर बताया कि अमेरिका रूसी बैलिस्टिक मिसाइल प्रारंभिक चेतावनी प्रणालियों के खिलाफ यूक्रेन के हालिया हमलों से चिंतित है। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने पिछले सप्ताह पारंपरिक वायु रक्षा के साथ-साथ पश्चिमी परमाणु प्रक्षेपणों की चेतावनी देने वाले रडार स्टेशनों के खिलाफ दो हमलों के प्रयासों के बारे में यूक्रेन को अपनी चिंताओं से अवगत कराया।



■ ये प्रणलियां यूक्रेन के खिलाफ रूस के युद्ध का समर्थन करने में शामिल नहीं हैं लेकिन वे संवेदनशील स्थान है : रिपोर्ट

उन्होंने कहा कि ये प्रणलियां यूक्रेन के खिलाफ रूस के युद्ध का समर्थन करने में शामिल नहीं हैं लेकिन वे संवेदनशील स्थान हैं क्योंकि रूस को लगता है कि उसकी रणनीतिक निवारक क्षमताओं को निशाना बनाया जा रहा है, जो अमेरिका के खिलाफ परमाणु प्रतिरोध बनाए रखने की रूस की क्षमता को कमजोर कर सकता है।

समाचार पत्र ने यूक्रेनी अधिकारी के हवाले से बताया कि यूक्रेन का सैन्य खुफिया निदेशालय इन हमलों के लिए जिम्मेदार हैं। इससे पहले अमेरिकी मीडिया में आयी रिपोर्टों में बताया गया था कि बाइडेन प्रशासन यूक्रेन पर अमेरिका द्वारा आपूर्ति किए गए हथियारों के साथ रूसी क्षेत्र में लक्ष्यों पर हमला करने के लिए प्रतिबंध हटाने पर विचार कर रहा है, हालांकि पहले के बयानों में कहा गया था कि उसने ऐसा प्राधिकार नहीं दिया है।

## नाटो पूर्वी सीमा की सुरक्षा पर पांच प्रतिशत वायु रक्षा जरुरतों को करता है पूरा



**वाशिंगटन।** उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) अपने पूर्वी हिस्से को बड़े पैमाने पर हमलों से बचाने के लिए अपने वायु रक्षा जरूरतों की महज पांच फीसदी ही पूर्ति कर पाता है। यह जानकारी अमेरिकी अखबार फाइनेंशियल टाइम्स ने अपने रिपोर्ट में दी है। अखबार ने बुधवार को अपनी रिपोर्ट में कहा कि नाटो की नयी रक्षा योजना में मात्रा और तत्परता के लिहाज से वायु और मिसाइल रक्षा आवश्यकताओं में काफी वृद्धि की गई है, जिसमें नयी वायु रक्षा क्षमताओं और लड़ाकू विमानों में निवेश शामिल है। रिपोर्ट में कहा गया है कि सैन्य बजट में कटौती के बाद वायु रक्षा उत्पादन को बढ़ाने के लिए संघर्ष कर रहे सदस्य देशों के कारण नाटो के भंडार में कमी आई है। नाटो को हालांकि भरोसा है कि रूस को रोकने की उसकी क्षमताएं मजबूत हैं। नाटो सदस्य देशों के विदेश मंत्री गुरुवार को प्राग में दो दिवसीय बैठक के लिए एकत्रित होंगे, जिसमें जुलाई में वाशिंगटन में होने वाले गठबंधन के नेताओं के शिखर सम्मेलन की नींव रखी जाएगी। शिखर सम्मेलन में यूरोपीय रक्षा क्षमताओं पर मुख्य जोर दिए जाने की उम्मीद है।

## अमेरिका कर रहा यूक्रेन पर लगे हथियार प्रतिबंधों को हटाने पर विचार



**वाशिंगटन।** अमेरिका के प्रशासन ने कुछ दिन पहले यूक्रेन पर अपने हथियारों से रूसी क्षेत्र में हमला करने पर प्रतिबंध लगा दिया था, लेकिन अब रूस के यूक्रेनी क्षेत्रों की ओर बढ़ते कदमों को देखते हुए अपने हथियारों से प्रतिबंध हटाने पर विचार कर रहा है। पोलिटिको की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका प्रतिबंध हटाने पर इसलिए विचार कर रहा है क्योंकि रूस के सैनिक लगातार यूक्रेनी क्षेत्रों की ओर बढ़ रहे हैं, जिससे यहां के हालात पहले से अधिक बिगड़ते रहे हैं जबकि अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और व्हाइट हाउस के राष्ट्रीय सुरक्षा संचार सलाहकार जॉन किर्बी ने कहा कि नीति में कोई बदलाव नहीं हुआ है। रिपोर्ट के अनुसार, अभी तक प्रतिबंध हटाने पर कोई निर्णय नहीं लिया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, बुधवार को, 60 पूर्व अमेरिकी अधिकारियों और विद्वानों ने राष्ट्रपति जो बाइडेन को एक पत्र भेजा, जिसमें उन्होंने मांग की कि वह यूक्रेन के खार्कोव क्षेत्र के युद्ध के मैदान पर बिगड़ती स्थिति के बीच मौजूदा प्रतिबंधों को हटा दें।

## सुडोकू 6571

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | 9 | | | | | | 1 |
| 2 | | | 8 | | | | | |
| | | 1 | 5 | | 3 | | | |
| 7 | | | | | 1 | 6 | | 3 |
| | | 2 | | | | 8 | | |
| 1 | | 3 | 2 | | | | | 5 |
| | | | 9 | | 6 | 1 | | |
| | | | | | 4 | | | 9 |
| 5 | | | | | | 7 | | 4 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : शुक्रवार 31 मई, 2024 ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 8

### राशिफल

मेष - आप सामाजिक काम में उपस्थित होंगे। मित्रों तथा स्नेहियों के साथ बहुत आनंद मना सकेंगे। मित्रों के पीछे धन खर्च होगा और उनके पास से लाभ भी प्राप्त कर सकेंगे। आप कहीं घूमने जाने की योजना बना सकते हैं।

वृषभ - जो लोग नए काम की शुरुआत करना चाहते हैं या उसकी योजना बनाना चाहते हैं, उनके लिए दिन बहुत अच्छा है। आज आप नौकरी या व्यवसाय में लाभदायक परिणाम प्राप्त कर सकेंगे। पदोन्नति होगी।

मिथुन - समय आपके अनुकूल नहीं होने के कारण आपके काम पूरे होने में देर होगी। आपके शरीर में थकान का अनुभव रहेगा। किसी तकलीफ से परेशान हो सकते हैं। ऑफिस में अधिकारी के नकारात्मक व्यवहार का शिकार बनेंगे।

कर्क - नकारात्मक मानसिकता के कारण आज निराशा अनुभव करेंगे। बाहर खाने-पीने के कारण स्वास्थ्य खराब होने की आशंका बनी रहेगी। आपके गरम मिजाज पर अंकुश रखना होगा। परिजनों के साथ भी मतभेद हो सकता है।

सिंह - पति- पत्नी के बीच मामूली कारणों को लेकर मतभेद हो सकता है। जीवनसाथी का स्वास्थ्य चिंता का कारण होगा। सांसारिक विषयों में आपका मन नहीं लगेगा।

कन्या - आपका तन-मन स्वस्थ रहेगा। घर में सुख- शांति का वातावरण रहेगा। आपको खुशी, वित्तीय लाभ तथा कार्य में सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य में सुधार होगा। नौकरी में भी अच्छा लाभ प्राप्त कर सकेंगे।

तुला - आज आप अपनी सृजनशीलता और कल्पनाओं का बहुत अच्छी तरह उपयोग कर सकेंगे। संतान की प्रगति से खुशी का अनुभव करेंगे। किसी बात का अत्यधिक विचार करने से मन उदास रह सकता है।

वृश्चिक - आज आप तन-मन से अस्वस्थता महसूस करेंगे। छोटी- बड़ी चिंता आपको सता सकती है। कुटुंबजनों तथा सम्बंधियों के साथ मतभेद हो सकता है। मां का स्वास्थ्य खराब हो सकता है।

धनु - आप आध्यात्मिक विषयों तथा रहस्यमयी विद्याओं की तरफ आकर्षण महसूस करेंगे। कोई काम करना चाहते हों, तो समय आपके अनुकूल रहेगा। अपने घर में मित्रों तथा संबंधियों का स्वागत करके आनंद अनुभव करेंगे।

मकर - आपको वाणी और व्यवहार पर अंकुश रखना चाहिए। पारिवारिक सदस्यों के साथ मतभेद न हो इसका ध्यान रखें। शेयर बाजार में निवेश करने की योजना बना सकेंगे। आपको वित्तीय लाभ हो सकेगा।

कुंभ - आपका दिन उत्साह से भरपूर रहेगा। परिजनों, मित्रों और सगे- सम्बंधियों के साथ आपका घरेलू वातावरण सुखद रहेगा। आप स्वादिष्ट भोजन का आनंद लेंगे। घूमने जाने या प्रवास पर्यटन की योजना बन सकती है।

मीन - आर्थिक विषय और पूंजी निवेश में आपको विशेष ध्यान रखने पड़ेगा। आपका ध्यान विचलित होगा और बेचैनी अनुभव होगा। आध्यात्मिक काम के पीछे खर्च हो सकता है।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

# 2023 हिंसा के दोषियों को सख्त सजा दे कोर्ट : पाक सेना

**रावलपिंडी,** 30 मई (एजेंसियां)। पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर ने गुरुवार को 9 मई 2023 को सैन्य प्रतिष्ठानों पर हुए हमलों के दोषियों को न्याय के दायरे में लाने पर फिर से जोर दिया।

सेना प्रमुख ने रावलपिंडी स्थित जनरल मुख्यालय (जीएचक्यू) में आयोजित 83वें फॉर्मेशन कमांडर्स सम्मेलन में ये बयान दिया। इस सम्मेलन में कोर कमांडरों, प्रिंसिपल स्टाफ ऑफिसर्स और पाकिस्तानी सेना के सभी फॉर्मेशन कमांडर शामिल हुए। इंटर-सर्विस पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने कहा कि फोरम ने बीते वर्ष के दंगों और बर्बरता मामले में पारदर्शी न्याय व्यवस्था पर जोर दिया।आईएसपीआर के अनुसार, फोरम ने इस बात पर गौर किया कि 9 मई 2023 की हिंसा की प्लानिंग करने वालों, अपराधियों, उकसाने वालों और उनको सुविधा देने वालों को देश की सामूहिक भलाई के लिए न्याय के कटघरे में लाया जाना चाहिए। फोरम ने राजनीति से प्रेरित और निहित डिजिटल आतंकवाद का भी गंभीरता से संज्ञान लिया। आईएसपीआर ने कहा कि फोरम ने इस बात पर भी जोर दिया कि राजनीतिक रूप से प्रेरित और निहित डिजिटल आतंकवाद का स्पष्ट उद्देश्य पाकिस्तान में निराशा पैदा करना, संस्थाओं, विशेषकर सशस्त्र बलों और देश के लोगों के बीच झूठ, फर्जी खबरें और दुष्प्रचार फैलाकर मतभेद पैदा करना है। हालांकि, देश उनके गुप्त उद्देश्यों से पूरी तरह परिचित है।



फोरम ने बीते वर्ष के दंगों व बर्बरता मामले में पारदर्शी न्याय व्यवस्था पर जोर दिया : आईएसपीआर

# गाजा-मिस्र सीमा पर इजरायली सेना ने खोजी 20 सुरंग

**तेल अवीव,** 30 मई (एजेंसियां)। इजरायली सेना ने गाजा-मिस्र सीमा की प्रमुख सड़कों पर अपना नियंत्रण कर लिया है। इसे फिलाडेल्फी क्षेत्र के नाम से जाना जाता है।



साथ ही 20 सुरंगों की खोज भी की है, जिनका इस्तेमाल सीमा पार तस्करी के लिए किया जाता था। यह जानकारी इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) के प्रवक्ता रियर एडमिरल डैनियल हगारी ने बुधवार रात दी। उन्होंने कहा कि सीमा पर कई रॉकेट लांचर पाए गए। आईडीएफ प्रवक्ता ने कहा कि नई कब्जे वाली भूमि की पट्टी गाजा-मिस्र सीमा पर 14 किलोमीटर तक फैली हुई है। इसके जरिए हथियारों की तस्करी की जाती थी।

हगारी ने कहा कि खोजी गई 20 सुरंगों में से कुछ के बारे में इजरायली सेना को पहले से ही पता था, बाकी अन्य की खोज अभी की गई। प्रवक्ता ने कहा कि सुरंगों में जाने वाली 82 टनल शाफ्ट नए कब्जे वाले सीमा क्षेत्र में स्थित हैं।

## वर्ग पहेली 6571

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ३ | ■ | ४ | | ५ | |
| | ■ | | ■ | ६ | | | ■ | | ■ |
| ७ | | | ■ | | ■ | ८ | | | ९ |
| | ■ | | ■ | १० | | | ■ | ■ | |
| ■ | ११ | | १२ | | ■ | ■ | १३ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १४ | | | ■ | |
| १५ | | १६ | | ■ | | ■ | १७ | १८ | |
| | ■ | | ■ | १९ | | २० | ■ | | ■ |
| २१ | | | ■ | | ■ | २२ | | | २३ |
| | ■ | २४ | | | | ■ | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**

१. खुशामद पसंद
४. छाती, सीना
६. दूध देने या बोझ ढोने के काम आने वाले पालतू पशु (उर्दू)
७. कर्मचारी, नौकर (उर्दू)
८. इंद्र के बगीचे का एक वृक्ष जो भी मांगों वह देता है
१०. वह जिसे डैसले के लिए हाकिम के पास पेश किया गया हो (उर्दू)
१२. परिमाण, मात्रा, माप तौल (उर्दू)
१३. अच्छा, श्रेष्ठ, उत्तम
१४. बगावत
१५. दुर्दशाग्रस्त (उर्दू)
१७. अकस्मात
१९. व्यर्थ, बेकार, (उर्दू)
२१. एक प्रकार का वाद्य यंत्र
२२. मसाले और दवा के काम आने वाला एक सुगंधित फल (उर्दू)
२४. मुस्तैदी

**ऊपर से नीचे:-**

१. चमड़े का काम करने वाला, मोची
२. फायदेमंद
३. बुद्धिमान (उर्दू)
४. अपने वश में करना
५. रोका हुआ कुछ समय के लिए बढ़ाया हुआ, ढंका या छिपा हुआ
९. धन दौलत
११. भौंरा, भ्रमर
१२. प्रविष्ट (उर्दू)
१३. विवाद, हुज्जत
१४. शादी
१५. वर्षा
१६. वह गाना जो हास्य प्रधान हो
१८. शपथ (उर्दू)
१९. वह जख्म जो कभी न भरे (उर्दू)
२०. मृत्यु, नियति भाग्य (उर्दू)
२३. शर्म, हया

### वर्ग पहेली-6570

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ मा | न | २ दे | य | ■ | ■ | ३ सु | प्र | ४ सि | द्ध |
| न | ■ | व | ■ | ५ वि | क्षि | प्त | ■ | त | ■ |
| ६ व | च | ना | मृ | त | ■ | ७ ज | न | म | ८ त |
| ता | ■ | ग | ■ | ९ र | स | न | ■ | ■ | ह |
| ■ | १० प | री | ११ क्ष | क | ■ | ■ | १२ बे | बा | की |
| ■ | रं | ■ | म | ■ | १३ प | तो | हू | ■ | का |
| १४ आ | तु | १५ र | ता | ■ | वि | ■ | १६ दा | १७ व | त |
| त्म | ■ | ण | ■ | १८ पा | त्र | १९ ता | ■ | रू | ■ |
| २० ह | टा | ना | ■ | ल | ■ | २१ प | रि | ण | २२ य |
| त्या | ■ | २३ द | र्द | ना | क | ■ | ■ | ■ | दि |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

# रईसी की मौत के पीछे साजिश से ईरान का इनकार

**तेहरान,** 30 मई (एजेंसियां)। ईरान ने इब्राहिम रईसी की हेलीकॉप्टर दुर्घटना में मौत के पीछे किसी साजिश से इनकार किया है। गत 19 मई को हुए इस हादसे में रईसी और विदेश मंत्री हुसैन अमीर-अब्दुल्लाहियान समेत हेलीकॉप्टर में सवार सभी नौ लोगों की मौत हो गई थी।



आधिकारिक समाचार एजेंसी इरना के अनुसार, ईरानी सेना के जेनरल स्टाफ ने बुधवार को हेलीकॉप्टर दुर्घटना पर अपनी दूसरी रिपोर्ट जारी की। रिपोर्ट में कहा गया है कि हेलीकॉप्टर के मलबे की जांच, और फ्यूजलेज से जिस दूरी पर तथा जिस प्रकार मलबा बिखरा हुआ था, उससे उड़ान के दौरान या पहाड़ से हेलीकॉप्टर के टकराने से कुछ क्षण पहले साजिश के तहत विस्फोट की संभावना खारिज हो जाती है। इसमें कहा गया है कि दुर्घटनाग्रस्त हेलीकॉप्टर पर इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर का कोई निशान नहीं मिला है। हालांकि, ईस्ट अजरबैजान प्रांत की राजधानी तैबरीज की ओर वापसी के रास्ते में मौसम कैसा था, इसके लिए अभी और जांच की जरूरत है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने बताया कि रिपोर्ट में कहा गया है कि हेलीकॉप्टर पर यात्रियों और उपकरणों का कुल वजन उड़ान भरते समय तथा उड़ान के दौरान अधिकतम सीमा के अनुपात में था।

# उत्तर कोरिया ने दागीं कम दूरी की कई बैलिस्टिक मिसाइलें

**प्योंगयांग,** 30 मई (एजेंसियां)। उत्तर कोरिया ने गुरुवार तड़के जापान सागर की ओर कम दूरी की कई बैलिस्टिक मिसाइलें दागी जिससे क्षेत्र में तनाव व्याप्त हो गया है। जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने उत्तर कोरिया के इस कदम की कड़ी निंदा की है और अमेरिका तथा दक्षिण कोरिया के साथ सहयोग की उम्मीद जताई है। दक्षिण कोरियाई समाचार एजेंसी योनहाप ने दक्षिण कोरियाई संयुक्त चीफ ऑफ स्टाफ के हवाले से बताया कि प्योंगयांग ने आज जापान सागर की ओर कुल 10 छोटी दूरी की बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। रिपोर्ट में जापानी रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता के हवाले से बताया गया कि संदिग्ध बैलिस्टिक मिसाइलें जापान के विशेष आर्थिक क्षेत्र के बाहर गिरीं।

एनएचके ने श्री किशिदा के हवाले से कहा कि उत्तर कोरिया द्वारा बैलिस्टिक मिसाइलों का प्रक्षेपण संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रासंगिक प्रस्तावों का उल्लंघन करता है। मैं इसकी कड़ी निंदा करता हूं। हम जानकारी एकत्र करने और निगरानी बनाए रखने का काम जारी रखेंगे। हमें अमेरिका और दक्षिण कोरिया के साथ घनिष्ठ सहयोग बनाए रखने की उम्मीद है। जापानी समाचार एजेंसी क्योडो ने दक्षिण की सेना के हवाले से बताया कि मिसाइलें समुद्र में गिरने से पहले लगभग 350 किलोमीटर (217 मील) की दूरी तय कर चुकी थीं।



■ जापान के प्रधानमंत्री ने उत्तर कोरिया के इस कदम की कड़ी निंदा की

## आज का इतिहास

1577- मुगल सम्राट जहांगीर की पत्नी नूरजहां का जन्म।
1727- फ्रांस, ब्रिटेन तथा नीदरलैंड ने पेरिस संधि पर हस्ताक्षर किए।
1759- अमेरिका के पेंसिलवेनिया प्रांत में थियेटर के सभी कार्यक्रमों पर प्रतिबंध लगाया गया।
1774- भारत में पहला डाक सेवा कार्यालय खोला गया।
1867- बंबई में प्रार्थना समाज की स्थापना हुई।
1878- जर्मनी के युद्धपोत एसएमएस ग्रोसर करफर्स्ट के डूबने से 284 लोगों की मौत।
1889- अमेरिका में पेंसिलवेनिया प्रांत के जांसटाउन में भीषण बाढ़ से 2200 से अधिक लोगों की मौत।
1900- लार्ड राबर्टस के नेतृत्व में ब्रिटिश सैनिकों ने जोहान्सबर्ग पर कब्जा किया।
1907- अमेरिका के न्यूयार्क शहर में पहली टैक्सी सेवा शुरू।
1921- भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के झंडे को अंगीकार किया गया।
1935- पाकिस्तान के क्वेटा शहर में भीषण भूकंप से 50 हजार से अधिक लोगों की मौत।
1959- बौद्ध धर्म गुरु दलाई लामा को तिब्बत से निर्वासन के बाद भारत में शरण दी गई।
1977- भारतीय सेना के एक दल ने पहली बार दुनिया के तीसरे सबसे ऊंचे पर्वत शिखर कंचनजंगा पर चढ़ाई की।
1996- बेंजामिन नेतान्याहू इजरायल के प्रधानमंत्री बने।
1999- कृष्ण प्रसाद भट्टराई ने नेपाल के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली।
2008- धावक उसैन बोल्ट ने 100 मीटर दौड़ 9.72 सेकंड में पूरी कर विश्व रिकार्ड बनाया।
2009- अंग्रेज़ी और मलयालम की प्रसिद्ध लेखिका कमला दास का निधन।
2010- भारत में मान्यता प्राप्त हर प्राइवेट स्कूल में गरीब बच्चों के लिए 25 प्रतिशत सीटें आरक्षित करने का कानून बनाया गया।

**सहायता** *विश्व बैंक ने दी रोहिंग्या शरणार्थियों के लिए 70 करोड़ डॉलर की मंजूरी*

# बांग्लादेश में रह रहे हैं लगभग 10 लाख विस्थापित रोहिंग्या

**ढाका, 30 मई (एजेंसियां)। विश्व बैंक के कार्यकारी निदेशक मंडल ने बंगलादेश में मेजबान समुदायों और विस्थापित रोहिंग्या आबादी दोनों को बुनियादी सेवाएं प्रदान करने और आपदा और सामाजिक लचीलापन सुनिश्चित करने के लिए कुल 70 करोड़ अमेरिकी डॉलर की दो परियोजनाओं को मंजूरी प्रदान की है। वाशिंगटन स्थित विश्व बैंक ने कहा कि मेजबान समुदायों और विस्थापित रोहिंग्या जनसंख्या परियोजना के लिए 35 करोड़ अमेरिकी डॉलर की समावेशी सेवाएं और अवसर के लिए है।**

जबकि 35 करोड़ अमेरिकी डॉलर मेजबान और रोहिंग्या जीवन संवर्धन परियोजना के लिए बंगलादेशी मेजबान समुदायों और रोहिंग्या लोगों को एक साथ सहायता प्रदान करेंगे क्योंकि यह संकट अपने सातवें वर्ष में प्रवेश कर रहा है।

बयान के अनुसार, म्यांमार से लगभग 10 लाख विस्थापित रोहिंग्या लोग वर्तमान में बांग्लादेश में रह रहे हैं। बांग्लादेश और भूटान के लिए विश्व बैंक के कंट्री डायरेक्टर अब्दुलाय सेक ने कहा कि हम लगभग 10 लाख रोहिंग्या लोगों का समर्थन करने में बांग्लादेश सरकार की उदारता की सराहना करते हैं।

हम मेजबान समुदायों पर आए भारी दबाव को भी पहचानते हैं। उन्होंने कहा कि संकट अपने सातवें वर्ष में प्रवेश करने के साथ, दीर्घकालिक योजना और स्थायी समाधान महत्वपूर्ण हो गए हैं, जबकि अल्पकालिक, तत्कालिक आवश्यकताओं को भी संबोधित करते हैं। हम इस जटिल संकट से निपटने के लिए बांग्लादेश सरकार का समर्थन करने और रोहिंग्या और मेजबान समुदायों दोनों की भलाई का समर्थन करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं।

## सूडान में 70 लाख लोग आंतरिक रूप से विस्थापित हुए



**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि सूडान में आंतरिक रूप से विस्थापित लोगों की संख्या 70 लाख से अधिक हो गई है। संयुक्त राष्ट्र के एक प्रवक्ता ने बुधवार को 70 लाख आंतरिक रूप से विस्थापित लोगों में से आधे से अधिक बच्चे हैं। एंटोनियो गुटेरेस के मुख्य प्रवक्ता स्टीफन डुजारिक ने अंतरराष्ट्रीय प्रवासन संगठन के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि इसके अलावा लगभग 20 लाख लोग सीमा पार करके पड़ोसी देशों में भाग गए हैं। डुजारिक ने कहा कि अपनी ओर से, हम और हमारे मानवतावादी साझेदार देश भर में बढ़ती भूख और खाद्य असुरक्षा का जवाब देने के लिए प्रयास तेज कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफपी) की रिपोर्ट है कि दारफुर में लगभग 116,000 पुरुषों, महिलाओं और बच्चों के लिए 1,200 मीट्रिक टन खाद्य आपूर्ति रास्ते में है।

## दुनिया को जानें

# चार हजार साल पहले मिस्र के लोगों ने किया था कैंसर के इलाज का प्रयास

**नई दिल्ली,** 30 मई (एजेंसियां)। चार हजार साल पुरानी दो खोपड़ियों पर किए शोध में पता चला है कि प्राचीन मिस्र के लोगों ने कैंसर के इलाज की कोशिश की थी। मिस्र की सभ्यता दुनिया की सबसे पुरानी सभ्यताओं में से एक मानी जाती है। उस समय वहां के लोग बीमारियों और दर्दनाक चोटों की पहचान करने के साथ कृत्रिम अंग बनाने और दांतों को भरने के लिए जाने जाते हैं। प्राचीन मिस्र के लोगों की क्षमता को जानने के लिए शोधकर्ताओं की एक अंतरराष्ट्रीय टीम ने दो मानव खोपड़ियों का अध्ययन किया। ये दोनों खोपड़ियां हज़ारों साल पुरानी थी। इनमें से एक महिला और एक पुरुष की थी। फ्रंटियर्स इन मेडिसिन नामक पत्रिका में प्रकाशित शोधपत्र में उन्होंने कहा कि खोपड़ियों पर कटे के निशानों से प्राचीन मिस्रवासियों द्वारा किए जाने वाले दर्दनाक और ऑन्कोलॉजिकल उपचारों की सीमा का पता चलता है। स्पेन के सैंटियागो डी कम्पोस्टेला विश्वविद्यालय के पैलियोपैथोलॉजिस्ट एडगार्ड कैमरोस ने इस खोज को अद्वितीय और असाधारण साक्ष्य बताया, जिससे पता चलता है कि किस प्रकार प्राचीन मिस्र की चिकित्सा ने चार हजार साल से भी ज्यादा पहले कैंसर से निपटने या उसे जानने का प्रयास किया होगा।

# प्रादेशिकी

## मंडी लोकसभा बनी पूरे देश की महिला स्वाभिमान का विषय: कंगना

**मंडी।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) मंडी लोकसभा प्रत्याशी कंगना रनौत ने गुरुवार को अपने चुनावी अभियान के दौरान कहा कि देश में फिर एक बार कमल खिलाने को तैयार है और इसका प्रमाण जनता का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति प्यार और विश्वास हैं। सुश्री कंगना ने कहा कि मंडी की सीट पूरे देश भर में महिलाओं के लिए स्वाभिमान का विषय बन चुका है। भाजपा प्रत्याशी कंगना ने कहा भाजपा तीसरी बार मोदी के नेतृत्व में पूर्ण बहुमत से सरकार बनाने को तत्पर है और यही कारण है कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू अपनी हार के खौफ से इतना बौखला गए हैं की अपनी जन सभाओं में अनाप शनाप बयानबाज़ी करते नजर आ रहे हैं। सुश्री कंगना ने कहा कि जब से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हिमाचल में चुनाव प्रचार करके गए तब से कांग्रेस की रातों की नींद उड़ गई है और विपक्ष हक्का बक्का है। कांग्रेस का हाल इतना बेहाल है कि मुख्यमंत्री और उनकी छुटपुट सेना झूठे वादों की एक लंबी चौड़ी कतार लगाती नज़र आ रही है।

## बिका हुआ कमल नहीं खिलेगा, बिकाऊ चेहरे उतारने से भाजपा कार्यकर्ता मायूस : सुक्खू



- आर्थिक स्थिति ठीक होने पर बोर्ड-निगम के कर्मचारियों को भी मिलेगी ओपीएस
- अनुराग को झूठ बोलने का फोबिया, जयराम को सपने में दिख रही ओपीएस की फाइल

**धर्मशाला,** 30 मई (देशबन्धु) मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने चुनाव प्रचार के अंतिम दिन तूफानी दौरा कर देहरा के मुहाल, धर्मपुर के चलोथरा, सुजानपुर, कुटलैहड़ के समलाड़ा व कोट में जनसभाओं को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिका हुआ कमल नहीं खिलेगा। कांग्रेस के बिकाऊ विधायकों को टिकट देने से भाजपा के असली कार्यकर्ता मायूस हैं। लोकसभा के साथ छह विधानसभा सीटों पर भाजपा को मुंह की खानी पड़ेगी। उपचुनाव तो साढ़े तीन साल के लिए हो रहा है। भाजपा कार्यकर्ताओं का असल चुनाव तो 2027 में होगा। वे धनबल को हराने के लिए पार्टी विचारधारा से ऊपर उठकर वोट करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर को लू लग गई है। वह कुछ भी बोल रहे हैं, जयराम जुबान के पक्के नेता नहीं हैं। वह सुबह कुछ और शाम को कुछ बोलते हैं। हमारी सरकार ने कर्मचारियों को ओपीएस दी, जिस कर्मचारी को 5 हजार पेंशन मिलती थी उसे 50 हजार मिल रही है। इससे जयराम बौखला गए हैं। उन्हें ओपीएस की फ़ाइल सपने में दिख रही है, जयराम कह रहे हैं कि सरकार ओपीएस की पेंशन 30 प्रतिशत करने जा रही है। नेता प्रतिपक्ष को यह फ़ाइल कहां से सपने में दिख रही है, वह ही बता सकते हैं। लू लगने से जयराम अनाप शनाप बयानबाजी कर रहे हैं। सरकार आर्थिक स्थिति ठीक होने पर बोर्ड और निगमों के सभी कर्मचारियों को भी पेंशन दी जाएगी। उन्होंने कहा कि अनुराग ठाकुर को झूठ बोलने का फोबिया हो गया है। वह जोलसप्पड़ मेडिकल कॉलेज व रेलवे लाइन पर झूठ बोलते आ रहे हैं। खुद तो वह टेरिटोरियल आर्मी में लेफ्टिनेंट के बाद कैप्टन बन गए और युवाओं को अग्निवीर बना डाला। यह देश के युवाओं के साथ बहुत बड़ा धोखा है। इंडिया गठबंधन की सरकार बनते ही अग्निवीर योजना बंद कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा किस मुंह से यह चुनाव लड़ रही है, जिसने बिकाऊ विधायकों को अपना कमल बेच डाला। खुद को सबसे बड़ी पार्टी कहने वाली भाजपा की यह स्थिति हो गई है कि कमल बेचकर उम्मीदवार खड़े करने पड़ रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जयराम ठाकुर के समय 5 साल में मात्र 20000 नौकरियां निकली, वे भी हाईकोर्ट व सुप्रीम कोर्ट में अटकी रहीं। हमने 22000 नौकरियां एक साल में निकाली। मुख्यमंत्री ने कहा कि 1 जून को बिकाऊ विधायकों को सबक सिखाने का समय है। 6 कांग्रेस विधायकों के साथ 3 आजाद विधायक भी बिक गए। कांग्रेस के 34 विधायकों ने ईमानदारी का परिचय दिया, ईमान नहीं बेचा, उन पर नाज है। 1500 रुपये सभी महिलाओं के लिए हैं, यह कांग्रेस की महिलाओं को ही नहीं भाजपा वाली बहन, बेटियों व माताओं को भी मिलेगा। बिकाऊ विधायकों को रात को नींद नहीं आ रही। उन्हें भाजपा से मिले सामान के अटैचियों की चिंता हो रही है कि कोई उन्हें चुरा न ले। अगर बिकाऊ विधायक, उनके परिवार के लोग पैसे दें तो डबल लें, लेकिन वोट कांग्रेस को ही दें। मुख्यमंत्री ने जनता से अपील की है कि जनबल को जिताएं और धनबल को हराएं। अगर धनबल गलती से जीत गया तो जनता के वोट की ताकत खत्म हो जाएगी। जनता वोट देकर विधायक चुनेगी और भाजपा उन्हें खरीद लेगी। इसलिए वोट से चुने विधायक खरीदने वाली पार्टी को हराकर कड़ा संदेश दें कि हिमाचल में खरीद फरोख्त की राजनीति नहीं चलने वाली है।

## शिमला के जंगलों में आग का तांडव जारी, तारा देवी रेलवे ट्रैक तक पहुंची लपटें

**शिमला,** 30 मई (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश में वनाग्नि ने तांडव मचाया हुआ है और अब आग बस्तियों तक पहुंची गई है। गुरुवार को राजधानी शिमला के साथ सटे तारा देवी और समरहिल के जंगलों में आग लगने से शिमला कालका ट्रैक पर चलने वाली सारी ट्रेनों की आवाजाही पूरी तरह से बंद कर दी गई है। कुछ ट्रेन तारा देवी स्टेशन पर खड़ी है तो कुछ को सोलन से पीछे ही रोक दी है। रेलवे विभाग ने बताया कि शिमला के आसपास के जंगल भी तीन दिन से धधक रहे है। वहीं अब आग रिहाशयी इलाकों की तरफ़ आ रही है। आग की लपटें इतनी तेज है की ट्रेन भी नहीं गुजर पा रही है। कालका से निकली ट्रेनें तारा देवी स्टेशन पर रोक दी गई जहां पर यात्री भी काफी परेशान हो रहे हैं। चार घंटे से तारा देवी स्टेशन पर ही ट्रेन रुकी हुई है। वहीं, शिमला रेलवे स्टेशन पर भी कालका जाने वाली ट्रेनों को रोका गया है। आग को बुझाने के लिए कर्मचारी जुटे हैं, लेकिन सड़क न होने के चलते अग्निशमन की गाड़ियां वहां तक नहीं पहुंच पा रही है। जिससे आग पर काबू पाने में काफी मुश्किल हो रही है। पटरी के दोनों ओर से पेड़ जल रहे है। जिससे लाखों की वनसम्पदा जल कर राख हो रही है।

## एक देश एक नेता की पार्टी बन गई भाजपा : संजय अवस्थी



- मोदी ने जयराम ठाकुर का राजनीतिक कैरियर खत्म करने का किया प्रबंध
- कंगना जीती तो जयराम ठाकुर का राजनीतिक कैरियर खत्म

**शिमला,** 30 मई (देशबन्धु)। विश्व की सबसे बड़ी पार्टी होने का दावा करने वाली भाजपा एक नेता की पार्टी बनकर रह गई है। आज भाजपा एक देश एक नेता होने के संकल्प पर काम कर रही है। यह बात प्रदेश कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष संजय अवस्थी ने एक प्रेस बयान में कही। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा वह पार्टी बन गई है जहां अपने से आगे निकलने की होड़ पर एक- दूसरे का राजनैतिक कैरियर बर्बाद किया जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी और अमित शाह ने अपनी पार्टी के उन नेताओं का कैरियर चौपट कर दिया है जो उनसे बेहतर काम करते थे। अब यह स्थिति हिमाचल में भी पैदा कर दी है। एक ओर जहां जेपी नड्डा को पार्टी अध्यक्ष बनाकर धूमल खेमें समेत कई अन्य नेताओं का भविष्य बर्बाद किया तो अब लोकसभा चुनाव में हॉट सीट बनी मंडी सीट पर भी बॉलीवुड अभिनेत्री को प्रत्याशी बनाकर जयराम ठाकुर का राजनीतिक करियर खत्म करने की साजिश रची है। अवस्थी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने अपने ही नेताओं पर एक तीर से दो निशाने साधने का काम किया है। एक ओर जहां गन्दी और भद्दी गालियां देने वाली अभिनेत्री को अपना प्रत्याशी बनाकर उनके राजनीति में आने के सपने को चकनाचूर किया है तो दूसरी ओर जयराम ठाकुर के राजनीतिक जीवन को समाप्त करने का प्लान बनाया है। मंडी सीट पर वैसे तो कंगना जितने वाली नहीं है अगर गलती से जीत गई तो जयराम ठाकुर का राजनीतिक कैरियर खत्म हो जाएगा। इसलिए जयराम ठाकुर की आगे कुआं पीछे खाई वाली बात है। अगर कंगना को जिताएंगे तो भी राजनीतिक कैरियर खत्म अगर नहीं जीते तो भी कैरियर खत्म । अब मंडी संसदीय क्षेत्र की जनता को सोचना होगा कि उन्हें किसका कैरियर बनाना है।

उन्होंने कहा कि एक तरफ कांग्रेस का वह मजबूत प्रत्याशी है जिनका पुरखों से राजनीति और प्रदेश की जनता के लिए भलाई करने का काम किया है। दूसरी तरफ भाजपा की वह प्रत्याशी है जिसे न तो राजनीति का अ न ब पता है और न समझ वह तो सिर्फ वॉलीवुड फिल्में कर सकती हैं। भाजपा ने उसे अपना प्रत्याशी बनाया है जिसने जयराम ठाकुर के पीएसओ को हेलीकॉप्टर से बाहर उतार दिया और अपना मेकअप करने के लिए अपना मेकअप आर्टिस्ट साथ ले गईं। उन्होंने कहा कि कंगना हिमाचल में चुनाव लड़ने नहीं बल्कि फ़िल्म की शूटिंग करने आई हैं।

### सार संक्षेप

#### पेड़ों को सुखाने के बाद काटने की तैयारी

**देहरादून।** बसंत विहार क्षेत्र में पेड़ों को सुखाने का प्रकरण दृष्टिगोचर हुआ है, वैसे हद तो इस बात की है कि उच्च तकनीक के सीसीटीवी कैमरे होने के बाद यह सब हो रहा है, ऐसे में प्रकृति का सर्वनाश करने की जुगत में लगे और शहरवासियों की जान जोखिम में डालने वालों के प्रति उदासीन रवैया अख्तियार करने वालों पर वन विभाग का आर्शीवाद पूर्व की भांति इस बार भी बना हुआ प्रतीत जान पड़ता है, जिससे आने वाले समय में दूनवासी अपने जीवन को बचाने की जद्दोजहद में अपना सर्वस्व न्यौछावर करने के बाद भी खाली हाथ ही रह जाएंगें। हमेशा से एक बात चलन में है कि अगर हरे भरे पेड़ पर आरी चलानी हो तो उसे सूखा घोषित कर दो। उसके लिए लोग तरह तरह के हथकंडे अपनाते आए हैं, उनमें से एक हथकंडा सबसे अधिक प्रचलित है कि पेड़ को सुखाने के लिए उसकी जड़ों पर अत्यधिक नमक की मात्रा छिडकनी शुरू कर दो, जिससे पेड़ सूखने लगेगा और वन विभाग से उसको आसानी से काटने की अनुमति मिल जाएगी।

#### सीटू के स्थापना दिवस पर संगठन के उद्देश्यों पर की चर्चा

**रुद्रप्रयाग।** सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन (सीटू) के स्थापना दिवस व किसान दिवस सीटू व किसान सभा ने कंडारा में संयुक्त रुप से मनाया। इस मौके पर सीटू के गठन के उद्देश्यों पर विस्तार से चर्चा की गई। ग्राम पंचायत कंडारा के पंचायत भवन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य वक्ता वीरेंद्र गोस्वामी ने कहा कि सीटू की स्थापना 30 मई 1970 को कलकत्ता में हुई थी। स्थापना के समय सीटू के संविधान में अपने उद्देश्य व लक्ष्यों को स्पष्ट रुप से अंकित किया है। सीटू को विश्वास है कि मजदूर वर्ग को शोषण से मुक्ति दिलाने का एकमात्र यही रास्ता है। उन्होंने कहा कि समाज के उत्पादन के साधनों, वितरण एवं विनिमय का सामाजिकरण करने के लिए समाजवादी राज्य की स्थापना की जाए।

#### शिमला में फ्लैट बेचने के नाम पर 25 लाख की ठगी

**शिमला।** शिमला में फ्लैट बेचने के नाम पर एक व्यक्ति से 25 लाख रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। शिकायतकर्ता ने सदर पुलिस थाना शिमला में आज शिकायत दर्ज करवाई है। सदर पुलिस थाना शिमला में शिकायतकर्ता मोहम्मद दिलशाद राणा ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि वर्ष 2018 में अजय नाम के एक व्यक्ति जो प्रॉपर्टी डीलर का काम करता है उक्त व्यक्ति ने उन्हें होटल डिप्लोमेट लक्कड़ बाजार शिमला के बेसमेंट में खाली दो फ्लैटों की संपत्ति के बारे में जानकारी दी। शिकायतकर्ता ने बताया कि आरोपी ने उन्हें संपत्ति के मालिक के पति जुगल किशोर से मिलवाया, जिन्होंने बताया कि संपत्ति उनकी पत्नी मीना रानी और उनके भाई गुरनाम अरोड़ा के नाम पर है।

#### सुडोकू 6571 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | 9 | 7 | 4 | 2 | 5 | 8 | 1 |
| 2 | 7 | 5 | 8 | 1 | 9 | 3 | 4 | 6 |
| 4 | 8 | 1 | 5 | 6 | 3 | 9 | 7 | 2 |
| 7 | 5 | 8 | 4 | 9 | 1 | 6 | 2 | 3 |
| 9 | 4 | 2 | 6 | 3 | 5 | 8 | 1 | 7 |
| 1 | 6 | 3 | 2 | 8 | 7 | 4 | 9 | 5 |
| 3 | 2 | 4 | 9 | 7 | 6 | 1 | 5 | 8 |
| 8 | 1 | 7 | 3 | 5 | 4 | 2 | 6 | 9 |
| 5 | 9 | 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 3 | 4 |

## हिमाचल की जनता फिर रोकेगी भाजपा का रथ : नरेश चौहान

### मुख्यमंत्री सुक्खू और स्टार प्रचारकों की जनसभाओं में उमड़ी अप्रत्याशित भीड़




- चौका- छक्का लगाकर प्रदेश की सभी सीटें जीतेगी कांग्रेस

> प्रदेश की जनता का जिस तरह सहयोग और फीडबैक मिला रहा है उससे यह सुनिश्चित है कि मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व में कांग्रेस सरकार ने बेहतरीन कार्य किए : नरेश चौहान

**शिमला,** 30 मई (देशबन्धु)। एक जून को होने वाले लोकसभा चुनाव में प्रदेश की जनता कांग्रेस के पक्ष में मतदान करेगी। एक माह के चुनाव प्रचार के दौराम जिस तरह का समर्थन कांग्रेस को जनसभाओं में मिला है। उससे साफ पता चलता है कि 4 जून को केंद्र और प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनेगी। यह बात शिमला में आयोजित एक पत्रकार वार्ता के दौरान कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष नरेश चौहान ने कही। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता का जिस तरह सहयोग और फीडबैक मिला है। उससे यह सुनिश्चित है कि सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में कांग्रेस सरकार ने बेहतरीन कार्य किए हैं। नरेश चौहान ने कहा कि चुनाव प्रचार के दौरान पार्टी के स्टार प्रचारकों और सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू और डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री ने रिकॉर्ड तोड़ चुनावी सभाएं की हैं। उन्होंने बताया कि स्टार प्रचारकों में एआईसीसी राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने एक ,पार्टी राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने 7, वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने दो जनसभाएं कर जनता से वोट देने की अपील की तो वहीं पार्टी के वरिष्ठ नेता व स्टार प्रचारक सचिन पायलट, भूपेंद्र सिंह हुड्डा, भूपेश बघेल, शशिथरूर जैसे बड़े नेताओं ने चुनाव प्रचार किया। तो वहीं सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू ने 110-15 मीटिंग से ऊपर हर विधानसभा क्षेत्र में की है। सीएम ने प्रदेश के दूरगामी और जनजातीय क्षेत्रों लाहुल-स्पिति,पांगी -भरमौर, डोडरा-क्वार में जाकर लोगों की समस्याओं को सुना है और जनता से कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की है। उसी तरह डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री और पार्टी प्रदेशाध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने भी पार्टी के पक्ष में चुनाव प्रचार कर कांग्रेस प्रत्याशियों को जिताने की अपील की है।

नरेश चौहान ने कहा कि देश बदलाव की ओर बढ़ रहा है। जहां इंडिया गठबंधन को पूर्ण बहुमत मिल रहा है। उन्होंने पीएम मोदी और भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि दस साल से शासन करने के बाद भी रिपोर्ट कार्ड देने की बजाय देश को बरगलाने का काम कर रहे हैं।

## मोदी सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास व सबका प्रयास के विकास मंत्र को लेकर चले हैं : बिंदल




- देश में इंशा अल्लाह जैसे टुकड़े-टुकड़े गैंग के साथ कांग्रेस के नेता खड़े हुए दिखाई देते हैं

**शिमला,** 30 मई (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिन्दल ने कहा कि 1 जून, 2024 को होने वाला चुनाव नरेन्द्र मोदी को देश का तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का चुनाव है। एक ओर राष्ट्रभक्त मोदी है जिन्होनें गरीब कल्याण, किसान कल्याण, महिला उत्थान व रोजगार सृजन किया है व भारत की सेना को, वायुसेना को, स्पेस साईंस को मजबूत किया है। दूसरी ओर इंडी गठबंधन और कांग्रेस है जो अपने परिवार के कल्याण की लड़ाई लड़ रही है और अपने बच्चों को देश की सत्ता सौंपना चाहती है।

डॉ. बिन्दल ने कहा कि एक ओर नरेन्द्र मोदी हैं जो सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास व सबका प्रयास के विकास मंत्र को लेकर चले हें दूसरी ओर कांग्रेस पार्टी है जो अल्पसंख्यक तुष्टीकरण करके अल्पसंख्यकों को आरक्षण देने का वायदा करके जाति, धर्म, संप्रदाय के आधार पर देश को बांटने का षड्यंत्र कर रहे हैं। एक ओर नरेन्द्र मोदी हैं जिन्होनें देश को 5वीं सबसे बड़ी आर्थिक महाशक्ति बनाया और तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनाने और भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की लड़ाई लड़ रहे हैं। दूसरी ओर इंडी गठबंधन सनातन को समाप्त करने की, श्रीराम जन्म स्थान पर राम मंदिर को ताला लगाने की और भ्रष्टाचारियों को बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं। नरेन्द्र मोदी ने 500 वर्ष के संघर्ष के बाद श्रीराम जन्म स्थान पर भव्य राम मंदिर बनाने का रास्ता प्रशस्त किया और भारत की सोई हुई आत्मा को जागृत किया, दूसरी ओर कांग्रेस पार्टी पाकिस्तान के साथ खड़ी हुई दिखाई देती है। वो लोग जिन्होनें जेएनयू में नारे लगाये भारत तेरे टुकड़े होंगे इंशा अल्लाह-इंशा अल्लाह जैसे टुकड़े-टुकड़े गैंग के साथ कांग्रेस के नेता खड़े हुए दिखाई देते हैं। मोदी जी देश को मजबूत राष्ट्र बनाना चाहते हैं और कांग्रेस देश को कमजोर करने में जुटी हुई है।

## मिलावटखोरी: छह दुकानदारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**देहरादून,** 30 मई (देशबन्धु)। चारधाम यात्रा मार्गों में खाद्य सामग्री में मिलावटखोरी के खिलाफ चलाए गए विशेष अभियान में खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने छह दुकानदारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। तीन अन्य के खिलाफ



कार्रवाई की तैयारी चल रही है।अब तक 325 दुकानों का निरीक्षण कर 155 सैंपल जांच के लिए भेजे गए। इसके अलावा बदरीनाथ-केदारनाथ यात्रा मार्ग पर मोबाइल टेस्टिंग वैन से 500 सैंपलों की जांच की गई। गंगोत्री और यमुनोत्री यात्रा मार्ग पर मोबाइल टेस्टिंग वैन चलाई जाएगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर चारधाम यात्रा मार्गों पर मिलावटखोरी के खिलाफ अभियान जारी है। उपायुक्त गढ़वाल राजेंद्र सिंह रावत के नेतृत्व में टीमों का गठन कर यात्रा मार्गों पर होटल, रेस्टोरेंट और ढाबों में बेची जा रही खाद्य पदार्थों के नमूने लेकर जांच की जा रही है। स्वास्थ्य सचिव व आयुक्त खाद्य संरक्षा औषधि प्रशासन डॉ. आर. राजेश कुमार ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि अभियान में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी।अपर आयुक्त खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ताजबर सिंह जग्गी ने बताया कि उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली जिले में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। चारधाम यात्रा मार्गों पर मिलावटी या एक्सपायरी डेट के खाद्य सामग्री बेचने वाले दुकानदारों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## डीसीआरयूएसटी में प्रारंभ हुई प्रवेश प्रक्रिया 20 जून तक कर सकते हैं ऑनलाइन आवेदन: प्रोफेसर श्रीप्रकाश सिंह

■ अमित नेहरा



- हरियाणा के छात्रों के लिए आवश्यक है परिवार पहचान पत्र

**सोनीपत,** 30 मई (देशबन्धु)। दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मुरथल में स्नातक व स्नानतकोत्तर के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। विश्वविद्यालय में आवेदन की अंतिम तिथि 20 जून होगी। हरियाणा के छात्रों के लिए परिवार पहचान पत्र आवश्यक होगा।प्रवेश सूचना विज्ञापन के अनुसार इस प्रक्रिया के अंतर्गत 10 एम.टेक.प्रोग्राम, एम प्लानिंग, 5 विषयों में एम.एससी प्रोग्राम व 6 विषयों में ड्यूल डिग्री प्रोग्राम एम.ए, एमबीए, हॉस्पिटल मैनेजमेंट में स्नानतकोत्तर व बीसीए के स्नातक प्रोग्रामों के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। यहां यह भी विशेष रूप से उल्लेखित है कि विश्वविद्यालय के बी.टेक व बी.आर्क में प्रवेश प्रक्रिया हरियाणा सरकार के तकनीकी शिक्षा विभाग (एचएसटीईसी) के माध्यम से ही क्रियान्वित की जाएगी। विश्वविद्यालय के सूत्रों के अनुसार पिछले विगत कुछ वर्षों में प्लेसमेंट व शोध कार्यों में संस्थान उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। वर्ष 2023-24 में अब तक लगभग 125 प्लेसमेंट हो चुके हैं और लगातार और अधिक प्लेसमेंट हो रही हैं, इस वर्ष का अधिकतम पैकेज 9 लाख का है। नैक रिपोर्ट के अनुसार विश्वविद्यालय शिक्षकों व शोधकर्ताओं द्वारा 1300 से अधिक शोधपत्र प्रकाशित किए गए हैं। शोध कार्य, शिक्षकों व संस्थान को सैकड़ों पारितोषिक प्राप्त हुए हैं। डीसीआरयूएसटी, मुरथल में शैक्षणिक स्तर 2024- 25 के लिए आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। विश्वविद्यालय में स्नातक व स्नातकोत्तर प्रवेश के इच्छुक को ऑन लाइन माध्यम से आवेदन करना होगा। आवेदन की प्रक्रिया पूर्णतया ऑनलाइन रहेगी। विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर विस्तृत जानकारी उपलब्ध है। आवेदन करने की अंतिम तिथि 20 जून है।

## 4 जून को होने वाली मतगणना के लिए 846 कार्मिकों को दिया प्रशिक्षण

**कोटद्वार,** 30 मई (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव के तहत आगामी 4 जून को होने वाली मतगणना के लिए प्रेक्षागृह पौड़ी में मास्टर ट्रेनरों द्वारा पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से मतगणना कार्मिकों को ईवीएम व पोस्टल बैलेट की मतगणना के बारे में प्रशिक्षण दिया किया। 846 कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें ईवीएम के 436 व पोस्टल बैलेट के 410 कार्मिक शामिल थे। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने कहा कि डाक मत पत्रों की मतगणना 8 बजे से शुरू की जाएगी। इसके 30 मिनट के पश्चात ईवीएम में प्राप्त मतों की गणना प्रारंभ की जाएगी। उन्होंने सभी कार्मिकों को कहा कि ईवीएम और पोस्टल बैलेट का प्रशिक्षण पूर्ण मनोयोग से प्राप्त करें, जिससे मतगणना के दिन किसी भी समस्या का सामना न करना पड़े। उन्होंने यह भी कहा कि मतगणना संबंधी उपलब्ध कराए गए प्रारूप के समस्त कालम स्पष्ट शब्दों में साफ-साफ भरे जाएं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने समस्त मतगणना कार्मिकों को निर्देशित किया कि मतगणना के दिन सुबह 6 बजे अपने परिचय पत्र तथा ड्यूटी आदेश के साथ मतगणना स्थल पर पहुंचना सुनिश्चित करें।

## यात्रियों के लिए देवदूत बन रहे ड्यूटी में तैनात जवान

- बीमार एवं घायल तीर्थ यात्रियों का त्वरित रेस्क्यू कर बचा रहे जान



**रुद्रप्रयाग,** 30 मई (देशबन्धु)। केदारनाथ यात्रा में ड्यूटी निभा रहे रेस्क्यू टीम के जवान यात्रियों के लिए किसी देवदूत से कम नहीं हैं। खासतौर पर बीमार एवं चोटिल यात्रियों को रेस्क्यू करने एवं उपचार दिलाने के लिए कार्य कर रही रेस्क्यू टीम केदारनाथ यात्रा का अहम हिस्सा है। डीडीएमए, यात्रा मैनेजमेंट फोर्स, पीआरडी जवान, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ एवं पुलिस बल के संयुक्त प्रयासों से रेस्क्यू टीम विभिन्न पड़ावों पर कार्य कर रही है। मध्य प्रदेश से केदारनाथ धाम में दर्शनों को पहुंची 69 वर्ष उर्मिला देवी का पैर फ्रैक्चर होने पर सूचना मिलते ही रेस्क्यू टीम मौके के लिए रवाना हुई। टीम ने पहले घायल यात्री को विवेकानंद अस्पताल में उपचार के लिए पहुंचाया। प्लास्टर लगने के बाद हेलीपैड पहुंचाकर उपचार को लेकर हेली से रवाना कराया। वहीं तेलांगाना से यात्रा पर पहुंची 36 वर्षीय डुंडा लाहरी भीमबली के समीप घोड़े से नीचे गिर गई। डीडीआरएफ की रेस्क्यू टीम ने भीमबली एमआरपी में उपचार के लिए ले जाया गया। जहां से मिठ्ठी पानी, जंगलचट्टी, चीरबासा से गौरीकुण्ड तक विभिन्न पड़ावों की रेस्क्यू टीम ने उन्हें सुरक्षित पहुंचाते हुए उपचार के लिए रुद्रप्रयाग रवाना किया। बता दें कि यात्रा प्रारंभ होने से अब तक ओपीडी एवं इमरजेंसी के माध्यम से 46,335 श्रद्धालुओं का उपचार किया जा चुका है। इसके अलावा 2,790 श्रद्धालुओं को ऑक्सीजन की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। वहीं आपात स्थिति के तहत 4024 श्रद्धालुओं का उपचार किया जा

## केदारनाथ यात्रा में नियमों के उल्लंघन पर 146 का चालान



**रुद्रप्रयाग,** 30 मई (देशबन्धु)। भगवान शिव के आशीर्वाद से केदार यात्रा अभूतपूर्व रूप से संचालित हो रही है। गौरीकुंड-केदारनाथ पैदल मार्ग पर सुव्यवस्थित यात्रा कराना जिला प्रशासन के लिए भी एक बड़ी चुनौती है। इसके लिए सेक्टर मजिस्ट्रेट, पुलिस प्रशासन, यात्रा मैनेजमेंट फोर्स सहित अन्य संबंधित अधिकारी लगातार पैदल मार्ग पर प्रतिदिन निरीक्षण कर रिपोर्ट तैयार कर व्यवस्था दुरुस्त करने में लगे हैं, जिससे देश-विदेश से बाबा केदारनाथ के दर्शनों को पहुंच रहे श्रद्धालुओं को असुविधा का सामना ना करना पड़े। केदारनाथ पैदल मार्ग पर घोड़ा-खच्चर संचालन का मैनेजमेंट सबसे कठिन चुनौतियों में से एक है। घोड़ा-खच्चरों के कारण यात्रा बाधित न हो, इसके लिए इस वर्ष रोटेशन के आधार पर अधिकतम पांच हजार घोड़े एक बार में यात्रा मार्ग पर संचालित कराए जा रहे हैं। जिसमें से एक हजार घोड़े माल ढोने के लिए रिजर्व रखे गए हैं। मुख्य मार्ग पर जाम की स्थिति पैदा न हो, इसके लिए जिला प्रशासन ने घोड़े-खच्चरों के मुख्य मार्ग पर विश्राम पर पूर्णत: प्रतिबंध लगाया हुआ है। अब तक यात्रा मार्ग पर 2,461 घोड़े का स्वास्थ्य परीक्षण करने के साथ बीमार व चोटिल होने पर 685 घोड़े-खच्चरों का उपचार किया जा चुका है। अनियमितता एवं नियमों के उल्लंघन पर 146 घोड़े-खच्चरों का चालान कर उन्हें ब्लॉक भी किया जा चुका है।

# प्रादेशिकी

## संदिग्ध हालत में वृद्धा नें तोड़ा दम, विरोध के बाद रोंकी शव यात्रा

**फर्रुखाबाद,** 30 मई (देशबन्धु)। स्वजनों के पास रह रही वृद्धा की अचानक संदिग्ध मौत हो गई। परिजन शव यात्रा को लेकर चले तो मोहल्ले के लोगों नें विरोध कर दिया। जिसके बाद पुलिस नें मौके पर जाकर जांच की। शहर कोतवाली के शिव गली गंगा नगर निवासी 60 वर्षीय छाया पत्नी ज्ञान चन्द्र शुक्ला घर में अकेली घर पर रहती थी। बीते दिन उनकी अचानक मौत हो गई। मौत की खबर पर मौके पर शहर के मोहल्ला नई बस्ती निवासी मायके पक्ष के लोग आ गए। परिजन शव यात्रा की तैयारी शुरू कर दी। जिसके बाद लोगों नें मौत पर शक होंने पर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस मौके पर पंहुची और जांच की। देर शाम तक शव यात्रा रुकी रही। कादरी गेट चौकी प्रभारी अनिल सिकरवार ने बताया कि सूचना मिली थी। तहरीर मिलने पर कार्यवाही होगी।

# उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण के प्रचार का शोर थमा

- प्रदेश की 13 लोकसभा सीटों के लिए कल डाले जाएंगे वोट
- चुनाव प्रचार के अंतिम दिन प्रत्याशियों ने झोंकी ताकत
- प्रधानमंत्री मोदी, कई केंद्रीय मंत्रियों समेत 144 उम्मीदवारों की किस्मत होगी ईवीएम में कैद



**लखनऊ,** 30 मई (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव के सातवें और आखिरी चरण में 13 सीटों के लिए प्रचार गुरुवार शाम थम गया। इन सीटों के लिये मतदान एक जून को सुबह सात बजे से शाम छह बजे के बीच संपन्न होगा। मतगणना चार जून को होगी। चुनाव के इस चरण में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल,रविकिशन, अजय राय और स्वामी प्रसाद मौर्य समेत 144 उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला होगा। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि सातवें चरण में 144 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं, जिनमें 134 पुरूष तथा 10 महिला प्रत्याशी हैं। वहीं, सोनभद्र जिले की दुद्धी (सु) विधानसभा उप निर्वाचन के लिए छह प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। उन्होंने बताया कि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मतदान सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक होगा। रिणवा ने बताया कि चुनाव के अंतिम चरण में 11 जिलों की 13 लोकसभा सीटों में वोट डाले जाएंगे जिनमें 11 सीटें सामान्य श्रेणी की और दो सीटें अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं। इस चरण में महराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, बांसगांव (अजा), घोसी, सलेमपुर, बलिया, गाजीपुर, चन्दौली, वाराणसी, मिर्जापुर, राबर्ट्सगंज (अजा) सीटों के लिए मतदान होगा। यह सीटें महराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, मऊ, बलिया, गाजीपुर, चन्दौली, वाराणसी, मिर्जापुर, सोनभद्र जिलों में हैं जबकि दुद्धी (अजजा) विधानसभा सोनभद्र जिले में हैं। गौरतलब है कि मोदी ने 2019 और 2014 में अजय राय को भारी अंतर से हराया था, जब आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने पीएम के खिलाफ चुनाव लड़ा था और दूसरे स्थान पर रहे थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गृहनगर गोरखपुर में भोजपुरी फिल्मों के सुपर स्टार और सांसद रवि किशन भाजपा के टिकट से भोजपुरी फिल्मों की नायिका काजल निषाद को चुनौती दे रहे हैं। मिर्जापुर सीट पर अनुप्रिया पटेल की टक्कर सपा के राजेंद्र एस बिंद और बसपा के मनीष त्रिपाठी से है। जम्मू-कश्मीर के लेफ्टिनेंट गर्वनर मनोज सिन्हा का मुकाबला मुख्तार अंसारी के भाई अफजाल अंसारी से है।

### सातवें चरण के 13 लोस क्षेत्रों में 2.49 करोड़ मतदाता

उप्र प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने कहा कि सातवें चरण के 13 लोकसभा क्षेत्रों में 2.49 करोड़ मतदाता हैं, जिनमें से 1.32 करोड़ पुरुष मतदाता और 1.17 करोड़ महिला मतदाता हैं। उन्होंने कहा कि 14 हजार 183 मतदान केंद्र और 25 हजर 658 पोलिंग बूथ पर मतदान की प्रक्रिया सुबह सात बजे से शाम छह बजे के बीच संपन्न कराई जाएगी। सातवें चरण में देश दुनिया की निगाह वाराणसी में होगी जहां पीएम मोदी और कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के बीच सीधी टक्कर है। मोदी इससे पहले 2014 और 2019 का चुनाव यहां से जीत चुके हैं। वाराणसी को भाजपा का गढ़ माना जाता है। 2004 को छोड़ दिया जाये तो भाजपा 1996 के बाद से यहां से कभी नहीं हारी है।

## विनायक विद्यापीठ व ट्रैकबॉन्स के बीच हुआ समझौता

**मेरठ,** 30 मई (देशबन्धु)। विनायक विद्यापीठ ने छात्रों के हित में एक महत्वपूर्ण कदम और बढ़ाया है, विनायक विद्यापीठ एवं ट्रैक बॉन्स के बीच एक समझौते पर हस्ताक्षर हुए । समझौते के दौरान विनायक विद्यापीठ की प्राचार्या एवं रुद्रा ग्रुप की एकेडमिक निदेशक डॉ. अनुप्रीता शर्मा, निदेशक इंजी. विकास कुमार, ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर प्रवीन शर्मा एवं ट्रैक बोनस की ओर से



ट्रैकबॉन्स की फाउंडर एवं नवज्योति इंडिया फाऊंडेशन, दिल्ली की कोऑर्डिनेटिंग मैनेजर सोनी जैन उपस्थित रहे। विनायक विद्यापीठ की प्राचार्या एवं रुद्रा ग्रुप की एकेडमिक निदेशक डॉ. अनुप्रीता शर्मा ने बताया कि इस समझौते को करने का हमारा मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को विभिन्न प्रकार के कौशल कार्यक्रम के अंतर्गत उनके कौशल को बढ़ाना है, जिससे छात्र-छात्राओं को प्लेसमेंट के लिए अधिक संघर्ष नहीं करना पड़ेगा। इसी के साथ इंजी. विकास कुमार ने बताया कि इस समझौते के तहत छात्र-छात्राओं को सर्टिफिकेशन कोर्स भी कराए जाएंगे जिनका उन्हें भविष्य में लाभ मिलेगा ।

## पक्के इरादे व विशेषज्ञ की सलाह से छूटेगी तंबाकू की लत : डॉ.निखिल

**मेरठ,** 30 मई (देशबन्धु)। विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय के सुभारती डेन्टल कॉलेज के प्रधानाचार्य व डीन डॉ.निखिल श्रीवास्तव ने देशवासियों के हित में जागरूकता प्रदान की है। उन्होंने कहा कि प्रतिवर्ष 31 मई को विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया जाता है। इसका उद्देश्य तंबाकू के हानिकारक प्रभावो के बारे में जन जागरूकता एवं इसे छोड़ने के लिए लोगों को प्रेरित करना है। तंबाकू सेवन एक विश्वव्यापी समस्या है। हर वर्ष करीब 60 लाख लोग इस तंबाकू नामक जहर के सेवन से न सिर्फ बीमार हो रहे हैं बल्कि मृत्यु भी हो रही हैं (सिर्फ कैंसर से ही नहीं, हृदय रोग, फेफड़े खराब होना, स्ट्रोक इत्यादि) भारत में यह समस्या और भी गम्भीर है क्योंकि भारत में लगभग 26.7 करोड़ लोग तंबाकू का नियमित सेवन करते हैं। गेट्स इंडिया 2017 की रिपोर्ट के अनुसार लगभग 29 प्रतिशत भारतीय वयस्क इस बुरी आदत से ग्रसित हैं, इनमें से 15 प्रतिशत 13-15 साल के बच्चे हैं। उन्होंने कहा कि अन्य देशों में धूम्रपान ज्यादा प्रचलित है, पर भारत में खैनी एवं बीडी के रूप में तंबाकू का सेवन ज्यादा प्रचलित है। तंबाकू के 250 प्रकार हैं और किसी भी प्रकार के तंबाकू में 5-7 हजार तक हानिकारक रासायनिक तत्व मौजूद होते हैं जिनमें से 30 से 70 रसायन कैंसर करने की क्षमता रखते हैं। उन्होंने कहा कि तंबाकू और शराब किसी भी प्रकार के कैंसर के सबसे बड़े कारण हैं एवं लगभग 90 प्रतिशत कैंसर के मरीजो में इनका निरन्तर सेवन करना पाया गया है। यदि सिर्फ मुख के कैंसर की बात करें तो भारत में सभी प्रकार के कैंसर में मुख का कैंसर तीसरे नम्बर पर आता है एवं अधिकांश मामलो में मुख के कैंसर का काफी देर से पता चलने के कारण इसका सफल इलाज करना सम्भव नही होता है। उन्होंने बताया कि मुख के कैंसर के प्रमुख कारण कुछ इस प्रकार हैं तंबाकू सेवन (80 प्रतिशत), शराब, ह्यूमन पैपिलोमा वायरस, अत्यधिक मसालेदार पदार्थो का सेवनं, नुकीले दांत या कृत्रिम जबड़ों से लगातार होने वाले मुख के घाव। मुख के कैंसर के लक्षण कुछ इस प्रकार हैं। मुख के अन्दर गाल पर लाल धब्बा, सफेद दाग, घाव या छाला जो तीन हफ्ते से ठीक नहीं हो रहा है।



- अपने लिए नहीं, अपनों के लिए तम्बाकू सेवन छोड़े

## सार संक्षेप

### नगर पालिका ने किया मीठे जल का वितरण



**मवाना।** गुरूवार को नगर पालिका द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत जीरो वेस्ट इंवेन्ट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पालिका के अध्यक्ष अखिल कुमार कौशिक व अधिशासी अधिकारी राजीव कुमार द्वारा पालिका कर्मचारियों के साथ भीषण गर्मी को देखते हुए नागरिकों को शीतल जल व शरबत का वितरण कराया गया। कार्यक्रम प्रतिबन्धित प्लास्टिक के बिना व बिन फ्री किया गया। शीतल शरबत के वितरण से रोड पर आने-जाने वाले नागरिको को काफी राहत प्राप्त हुई। पालिका अध्यक्ष ने नागरिकों से कहा कि सभी नागरिक प्रतिबन्धित पॉलिथीन का प्रयोग न करे, ओर न किसी की करने दे, पर्यावरण को बचाए व सभी नागरिक अपने-अपने घरों को खाली पड़े स्थानों पर वृक्षारोपण अवश्य करें, तथा नगर को सुन्दर व स्वच्छ बनाने में अपना सहयोग प्रदान करें। कार्यक्रम में पालिका वरिष्ठ लिपिक लाखन सिंह, व पालिका के समस्त कर्मचारीगण आदि उपस्थित रहें।

### छेड़छाड़ के आरोप में मनचले को किया गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद।** छात्रा से आते-जाते छेड़छाड़ करना मनचले को मंहगा पड़ गया। भीड़ ने मनचले की जमकर खातिरदारी कर दी। मौके पर पंहुची पुलिस ने आरोपी को दबोच लिया। शहर कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी छात्रा कोचिंग के लिए जाती थी। उसे लाल दरवाजे पर एक शोहदा परेशान करता था। बुधवार को छात्रा अपने भाई के साथ आई मौका देखकर मनचले ने युवती से छेड़छाड़ कर दी। जिसके बाद छात्रा व उसके भाई के साथ रहागिरों ने मनचले की पिटाई कर दी। पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया व थाने ले आई। मनचला युवक मोहम्मदाबाद के ग्राम मौधा का बताया गया है।

### विद्युत समस्याओं के निवारण को सोशल मीडिया महत्वपूर्ण प्लेटफार्म : ईशा

**मेरठ।** पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि. सोशल मीडिया उपभाक्ताओं की बिजली संबंधी समस्याओं के निवारण में अहम भूमिका निभा रहा है। उपभोक्ताओं का सोशल मीडिया के प्रति रुझान बढ़ने से सोशल मीडिया पर प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध प्रभावी निस्तारण अधिकारियों द्वारा किया जा रहा है। प्रबन्ध निदेशक ईशा दुहन ने बताया कि उपभाक्ताओं की विद्युत सम्बन्धी समस्याओं के निवारण का सोशल मीडिया महत्वपूर्ण प्लेटफार्म साबित हो रहा है। उपभोक्ताओं की सोशल मीडिया पर प्राप्त विद्युत सम्बन्धी समस्या का शीघ्र निदान किया जा रहा है पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि. के सभी सम्मानित उपभोक्ताओं से अनुरोध है कि पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि. के व्हाट्सअप नं. 7859804803, के माध्यम से उपभोक्ता विद्युत व्यवधान से सम्बन्धित शिकायत सुझाव दर्ज करा सकते हैं इस व्हाट्सअप नंबर पर उपभोक्ता बिजली बिल संबंधी, विद्युत आपूर्ति संबंधी एवं अपने विद्युत संयोजन के बिल एवं भुगतान की जानकारी प्राप्त करा लाभान्वित हो रहे हैं।

## संस्कारवान देश हैं भारत व जापान : कोजी सातो

**मेरठ,** 30 मई (देशबन्धु)। वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय में जापान फाउंडेशन के महानिदेशक श्री कोजी सातो ने भारत और जापान देश की संस्कृति के बारे में व्याख्यान दिया। इसके साथ ही फ्रांस से भारत तक साइकिल द्वारा 14 देशों की यात्रा करते हुए पहुंचे यात्री फ्रॉस्वा हैनॉट ने सभी को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कुलपति कार्यालय में सुभारती विश्वविद्यालय के कुलपति मेजर जनरल डॉ.जी.के.थपलियाल ने जापान फाउंडेशन के महानिदेशक कोजी सातो एवं फ्रांस से साइकिल द्वारा आए यात्री फ्रॉस्वा हैनॉट का स्वागत किया। उन्होंने सुभारती विश्वविद्यालय द्वारा भारतीय संस्कृति एवं बोद्ध धर्म के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने सुभारती विवि के शिक्षा, सेवा, संस्कार एवं राष्ट्रीयता के मंत्र से भी रूबरू कराया। सम्राट अशोक सुभारती स्कूल ऑफ बुद्धिस्ट स्टडीज के ध्यान केंद्र में आयोजित कार्यक्रम में स्वागत भाषण बौद्ध विद्वान डॉ.चन्द्रकीर्ति भंते ने दिया। जापान फाउंडेशन के महानिदेशक कोजी सातो ने कहा कि भारत और जापान संस्कारवान देश है। उन्होंने जापान की संस्कृति के बारे में बताया कि जापान के लोग समाज सद्भाव, सम्मान और कड़ी मेहनत को महत्व देते है। जापान विकसित देश होने के साथ अपनी संस्कृति के संरक्षण हेतु हमेशा सजग रहता है।



## ट्रांस्फार्मर को अवैध रूप से स्थानांतरित करने का मामला सामने आया

### स्थानांतरित करने की एवज में मोटी रकम वसूलने की आशंका

**मेरठ,** 30 मई (देशबन्धु)। एक तरफ जहां पीवीवएनएल की एमडी ईशा दुहन प्रश्चिमांचल क्षेत्र में बिजली व्यवस्था ठीक करने के लिए लगातार प्रयासरत हैं। वहीं भ्रष्टाचार करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों पर भी सख्त तेवर बनाए हुए देखी जा रही है। हाल ही में प्रबंध निदेशक ने लापरवाही करने वालों अधिकारियों, कर्मचारियों पर कार्यवाही भी की थी। इसके बावजूद पीवीवीएनएल के क्षेत्र में काजीपुर का बिजली घर ऐसा भी है जिसे एमडी का कोई खौफ नहीं हैं। इस बिजलीघर के क्षेत्र में आए दिन कोई न कोई अवैध कार्य प्रकाश में आ ही जाता है। जानकारी के अनुसार विद्युत वितरण खण्ड ग्रामीण प्रथम के काजीपुर बिजली घर के प्राईवेट लाइनमैन द्वारा क्षेत्र में लगे ट्रांस्फार्मर को अवैध रूप से स्थानांतरित करने का मामला सामने आया है। बता दें कि बिजली घर का एक ट्रांस्फार्मर पुदीना वाला खेत स्थित एक मकान के सामने खंबे के जोड़े पर रखा हुआ था, जिसे अवैध रूप से उतारकर प्राईवेट लाईनमैन की टीम ने करीब 100 मीटर की दूरी पर बनी ट्यूबवैल के पास स्थानांतरित कर दिया। स्थानांतरित करने की एवज में मोटी रकम भी वसूली गई है। क्योंकि जब कोई उपभोक्ता अपने परिसर पर लगे ट्रांस्फार्मर को किसी अन्य स्थान पर स्थानांतरित कराता है तो उसे विभागीय प्रक्रिया से गुजरना होता है। उपभोक्ता को पहले विभाग से स्थानांतरित कराने की अनुमति लेनी होती है। अनुमति मिलने के बाद उसमें होने वाले खर्च का एस्टीमेट तैयार होता है जो उपभोक्ता को विभाग के खाते में जमा करना होता है, लेकिन यहां ऐसी कोई प्रक्रिया को अमल में नहीं लाया गया और विभाग की आंखो में धूल झोंककर अवैध रूप से ट्रांस्फार्मर को स्थानांतरित कर दिय गया।





यदि ऐसा कुछ हुआ है तो मामले की जांच कराई जाएगी, जो दोषी होगा उसके खिलाफ विभाग की ओर से सख्त कार्यवाही की जाएगी।

**-राघवेन्द्र यादव, मुख्य अभियंता, पीवीवीएनएल।**

## भारत सरकार की पांच सदस्यीय टीम मवाना खुर्द डायट पहुंची

**मवाना,** 30 मई (देशबन्धु)। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान मवाना खुर्द (डायट)में गुरुवार को सेंटर ऑफएक्सीलेंस संबंधित शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार की पांच सदस्यीय टीम ने प्रशासनिक भवन, लाइब्रेरी, विज्ञान प्रयोगशाला, कक्षा कक्ष एवं समस्त परिसर का भ्रमण किया। प्राचार्य डायट अशोक कुमार सिंह, उपप्राचार्य डायट मनोज कुमार आर्य, वरिष्ठ प्रवक्ता गीता चौधरी व वरिष्ठ प्रवक्ता वत्सल ने टीम को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। डायट प्राचार्य अशोक कुमार सिंह ने केंद्रीय टीम के समक्ष जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान मवाना खुर्द के सेन्टर ऑफ एक्सीलेंस बनने से संबंधित मुख्य रूप से अनेक बिन्दुओं पर पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन किया। इनमें सेंटर ऑफ एक्सीलेंस डिक्लेयर होने के बाद डायट में विभागीय संसाधनों से किए जाने वाले कार्य, उच्च शिक्षा संस्थानों से एमओयू, राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवम् प्रशिक्षण परिषद के निर्देशन में किया जाने वाले शोध कार्य एवं नवाचार संबंधी भ्रमण, जनपद मेरठ में किए जाने वाले विशिष्ट कार्य शामिल रहे। केन्द्रीय टीम ने प्राचार्य, उप प्राचार्य , वरिष्ठ प्रवक्ताओं व डायट के अन्य स्टाफ के साथ समावेशी शिक्षा, व्यावसायिक शिक्षा, सहयोगात्मक पर्यवेक्षण एवं निरीक्षण, बाल वाटिका बिन्दुओं पर विस्तारपूर्वक वार्ता की।

## भारत शिक्षा एक्सपो का शिक्षा मेले का आयोजन नवम्बर में

**मेरठ,** 30 मई (देशबन्धु)। भारत शिक्षा एक्सपोजिसन मार्ट लिमिटेड एवं ग्रेटर नौएडा ऑथेरिटि के संयुक्त तत्वावधान में 14 नवम्बर से 16 नवम्बर 2024 तक दो दिवसीय एजुकेशन फेयर का का आयोजन किया जाना है। जिसके चलते आज ग्रेटर नौएडा ऑथेरिटि द्वारा एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें प्रदेश के विभिन्न जिलों से प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया। गर्व का विषय है कि मेरठ जिले से वैंक्टेश्वरा ग्रुप के परिसर निदेशक डॉ.प्रताप सिंह जी को कमेटी के कोर मैम्बर के रूप मे नियुक्त किया गया है। बैठक में बताया गया कि इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं विशिष्ठ अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उपस्थित रहेंगे। बैठक में कोर कमेटी के सदस्य के रूप में प्रतिनिधित्व करते हुए डॉ. प्रातप सिंह ने अपने विचार रखते हुए कहा कि प्रदेश ही नही अपितु देश के हर शहर, हर गांव एवं हर घर तक शिक्षा का प्रचार प्रसार होना आवश्यक है उन्होंने कहा कि देश की तरक्की के लिए हर एक व्यक्ति का शिक्षित होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि इस आयोजन के सफल होने के लिए इसमें ग्रामीण क्षेत्र के शिक्षक एवं छात्रों की भगीदारी भी जरूरी है। साथ ही आयोजनकर्ता इस बात का भी ध्यान रखे की इस आयाजन की जानकारी ग्रामीण क्षत्रों तक पहुंचे। बैठक में उपस्थित सभी प्रतिनिधियों ने अपने विचार व्यक्त किए।




- डॉ.प्रताप सिंह कमेटी के कोर मैम्बर नियुक्त

## शोभित विवि के छात्रों को मिली इंटर्नशिप की अनुमति

**मेरठ,** 30 मई (देशबन्धु)। शोभित विश्वविद्यालय के विधि संकाय (स्कूल ऑफ लॉ एण्ड कॉन्स्टिट्यूशनल स्टडीज) के पांच छात्रों हंसिका चावला, एम. विजया चौतन्या, अभिनव कुमार, वरुण यादव और अंशु गोस्वामी को केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, दिल्ली में ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षुता (इन्टर्नशिप) की अनुमति प्रदान की गई है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण संगठन है, इस बोर्ड का मुख्य उद्देश्य देश में प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण के लिए मानक स्थापित करना, प्रदूषण की निगरानी करना, और आवश्यक अनुसंधान कार्य करना है। सम्पूर्ण भारत देश मे प्रदूषण नियंत्रण हेतु कार्यरत भारत सरकार के इस प्रतिष्ठित संस्थान मे इन्टर्नशिप के लिए अद्भुत अवसर प्रदान करने के लिए चयनित छात्रों ने कुलाधिपति कुंवर शेखर विजेंद्र, कुलपति प्रोफेसर डा. विनोद कुमार त्यागी, विधि संकाय के निदेशक, प्रोफेसर प्रमोद कुमार गोयल , कुलसचिव डॉक्टर गणेश भारद्वाज तथा अपर कुलसचिव वी.डी. शर्मा के प्रति अपना आभार व्यक्त किया है।



## अवैध खनन के आरोप में दो ट्रैक्टर ट्रॉली पकड़ी

- डीएम की फटकार के बाद हरकत में आए खनन अधिकारी

**फर्रुखाबाद,** 30 मई (देशबन्धु)। जिलाधिकारी की कड़ी फटकार के बाद अब खनन विभाग के अधिकारियों को अबैध खनन होता नजर आने लगा है। लिहाजा अब खुद पर कार्रवाई से बचने के लिए खनन कारोबारियों पर हंटर चल रहा है। गुरुवार को भी खनन विभाग व जिला प्रशासन के अधिकारियों नें अवैध खनन में ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़कर पुलिस को सौंपी। मजे की बात यह ही कि खनन क्षेत्र में लगातार होता रहता है लेकिन कार्रवाई के नाम पर केवल कागजों का पेट ही भरा जाता है। गुरुवार को थाना अमृतपुर क्षेत्र के ग्राम हुसैनपुर में अवैध मिट्टी खनन कर लिए जा रहे ट्रैक्टर ट्राली को पड़कर नायब तहसीलदार अतुल कुमार ने थाना पुलिस को सौंप दिया। नायब तहसीलदार का कहना है कि जिलाधिकारी के निर्देश पर खनन करनें वालों पर शिकंजा कसा जा रहा है। अब सवल यह उठता है कि यदि जिलाधिकारी निर्देश ना देते तो शिकंजा कसने की जगह ढीला रखा जाता। फिलहाल नायब तहसीलदार के साथ ही पुलिस भी जानकर अंजान बनी रहती है। यदि पुलिस को खबर नहीं तो यह पुलिस का अपना फेलुअर है। यदि पता है तो कार्यवाही के लिए उच्च अधिकारीयों का इंतजार क्यों रहता है। फिलहाल आपको बता दें कि नायब तहसीदार का दावा है कि खनन माफिया एक ट्रैक्टर की परमिशन बनवाकर चार-चार ट्रैक्टर चलवा रहें हैं।

**बैठक** *बिजली आपूर्ति व्यवस्था को लेकर यूपीपीसीएल अध्यक्ष ने उच्चाधिकारियों के साथ की बैठक*

# विद्युत आपूर्ति बाधित हुई तो बिजली उपभोक्ताओं को तुरंत मिलेगा अपडेट

**लखनऊ, 30 मई (देशबन्धु)। राजधानी लखनऊ की विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को लेकर गुरुवार को शक्ति भवन में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष गोयल ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि भंयकर गर्मी को देखते हुए जहां कहीं भी विद्युत आपूर्ति बाधित हो वहां उपभोक्ताओं, जन प्रतिनिधियों तथा मीडिया को सूचित किया जाए कि किन कारणों से आपूर्ति बाधित हुई है और विद्युत बहाली में कितना समय लगेगा। 1912 पर भी इसकी सूचना दी जाए और जब तक विद्युत आपूर्ति बहाल न हो जाए।**

तब तक 1912, स्थानीय जनप्रतिनिधि तथा मीडिया को अपडेट किया जाए। अध्यक्ष ने बताया कि ऐसा करने से उपभोक्ताओं को समस्या की सही जानकारी रहेगी। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़े तो लाउडस्पीकर से भी अनाउंस कराने के लिए निर्देश दिए गए हैं। यही नहीं उच्चाधिकारियों से कहा गया है कि वह भी आवश्यकतानुसार मौके पर पहुंचें और परिस्थितियों को संभालने में स्थानीय कार्मिकों का सहयोग करें।

अध्यक्ष ने निर्देशित किया कि क्षतिग्रस्त ट्रांसफार्मर कम से कम समय में बदलें जाएं, इसके लिए ट्रांसफार्मर बदलने के लिए प्रयुक्त होने वाले वाहन वर्कशॉप में तैयार रहें। उन पर सभी आवश्यक उपकरण भी मौजूद रहें, जिससे ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्तता की सूचना पर कम से कम समय में दूसरा ट्रांसफार्मर वहां पहुंचा दिया जाए। ट्राली ट्रांसफार्मर और गैंग की कही कोई कमी न हो। अध्यक्ष द्वारा अधिकारियों से संसाधनों की उपलब्धता के बारे में जानकारी प्राप्त की गई तथा यह भी निर्देशित किया कि संसाधन पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। अत: आपूर्ति में व्यवधान न हो इसके लिए युद्धस्तर पर कार्य करें। अध्यक्ष ने कहा कि अभी गर्मी और डिमान्ड बढ़ने की संभावना है इसलिये सभी को ज्यादा सतर्क रहना पड़ेगा। अनुरक्षण कार्यो में लगे ठेकेदारों से बेहतर काम लीजिये जिससे कि कम से कम समय में लोकल फाल्ट या क्षतिग्रस्त ट्रांसफार्मर या उपकरण बदले जा सकें। अध्यक्ष ने यह भी निर्देशित किया कि देर रात्रि तक अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में रहें, फोन उठाएं तथा उपभोक्ताओं को सही जानकारी दें।


उन्होंने निर्देशित किया कि सभी कार्मिक अपने अपने तैनाती स्थल पर ही रहें। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील करते हुए कहा है कि पावर कारपोरेशन निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए संकल्पबद्ध है। अत्यधिक भीषण तापमान और गर्मी के कारण कुछ समस्याएं आती है जिनका तत्काल निराकरण कराने के निर्देश दिए गए है। अत: उपभोक्ताओं से आगृह है कि विद्युत कार्मिकों का सहयोग करें और ऐसा कोई कार्य न करें जिससे विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को सुचारू रखने में समस्या उत्पन्न हो। बैठक में प्रबन्ध निदेशक पंकज कुमार तथा निदेशक वितरण जीडी द्विवेदी, प्रबन्ध निदेशक मध्यांचल भवानी सिंह खगरौत सहित डिस्कॉम के निदेशक तथा लेसा अन्तर्गत मुख्य अभियन्ता तथा अधीक्षण अभियन्ता उपस्थित थे। इस बैठक में 1912 से सम्बन्धित अधिकारियों को भी बुलाया गया था।



- लखनऊ की विद्युत आपूर्ति व्यवस्था में सुधार के लिए लिया गया महत्वपूर्ण निर्णय

### भीषण गर्मी में भी बेहतर बिजली आपूर्ति में जुटा विभाग

उपभोक्ताओं को बेहतर विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष तथा प्रबंध निदेशक तथा डिस्कॉम के प्रबंध निदेशक द्वारा दैनिक आधार पर लगातार आपूर्ति की समीक्षा की जा रही है। जहां कहीं भी स्थानीय दोषों की सूचना प्राप्त होती है वहां पर उसे तत्काल ठीक करके आपूर्ति सामान्य करने के लिए युद्ध स्तर पर प्रयास किया जाता है । उच्च अधिकारियों को भी मौके पर पहुंचने के निर्देश दिए गए हैं। हालांकि भीषण गर्मी का कहर प्रदेश के विद्युत तंत्र तथा उत्पादन इकाइयों की क्षमता को निरंतर चुनौती दे रहा है। आंकड़ों को देखे तो 26 मई 2024 को सबसे ज्यादा डिमांड 29058 मेगावाट पावर कॉरपोरेशन द्वारा आपूर्ति की गई जो की 26 मई 2022 वा 23 की अधिकतम दैनिक डिमांड क्रमश 22572 तथा 21502 मेगावाट से लगभग 29 प्रतिशत एवं 35त्न अधिक थी।



मतदाताओं के आत्मा की बात को टटोलना कठिन नहीं तो आसान भी नहीं

# गोड्डा में कांग्रेस व भाजपा में कांटे की टक्कर

■ भाजपा का गोड्डा में विकास की नई गाथा गढ़ने का दावा ■ चौथी बार कमल खिलाने की निशिकांत दूबे की अग्निपरीक्षा

**गोड्डा,** 30 मई (एजेंसियां)। झारखंड में गोड्डा संसदीय लोकसभा क्षेत्र के मतदाताओं के आत्मा की बात को टटोलना कठिन नहीं तो आसान भी नहीं है। इस बार इस क्षेत्र से हैट्रिक लगा चुके भाजपा के निशिकांत दूबे को इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी प्रदीप यादव से कड़ी चुनौती मिल रही है। चौथी बार इस क्षेत्र कमल खिलाने के लिए भाजपा के निशिकांत दूबे को खूब पसीना बहाना और नाराज लोगों को मान मनौव्वल करना पड़ रहा है। देवभूमि बाबा बैद्यनाथ धाम और फौजदारी बाबा बासुकीनाथ भी इसी क्षेत्र में विराजते हैं। जहां सालों भर शिव भक्त श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है। आजादी के 60 वर्षों तक गोड्डा विकास से महरूम रहा। लेकिन पिछले 15 वर्षों से इस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले भाजपा के निशिकांत दूबे इस क्षेत्र विकास की नई गाथा गढ़ने का दावा करते हैं।

वहीं कांग्रेस के प्रत्याशी प्रदीप यादव भाजपा के विकास के दावे को खारिज करते हुए वे गोड्डा का नेता नहीं, गोड्डा का बेटा बन कर इस क्षेत्र के जनता की आवाज संसद में बुलंद करने को लेकर जनता का आशीर्वाद मांग रहे हैं। संताल परगना का गोड्डा लोकसभा क्षेत्र तीन जिलों में फैला है। इस क्षेत्र में छह विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं। इसमें गोड्डा जिला के महगामा सीट पर कांग्रेस की दीपिका पांडे सिंह, गोड्डा सदर पर भाजपा के अमित मंडल और पोड़ैयाहाट पर कांग्रेस के प्रत्याशी प्रदीप यादव का कब्जा है। जबकि देवघर जिले के देवघर सीट से भाजपा के नारायण दास और मधुपुर सीट से झामुमो के हफीजुल अंसारी विधायक हैं। वहीं दुमका जिले के जरमुंडी सीट से कांग्रेस के बादल पत्रलेख विधायक हैं।

इस तरह इस लोकसभा क्षेत्र के तीन विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस और दो पर भाजपा एवं एक पर झामुमो का कब्जा है। इस बार तीन जिलों में रहने वाले 20,28,145 मतदाता एक जून को अपने मताधिकार का उपयोग कर मैदान में उतरे 19 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे । इसमें 10,50,328 पुरुष,9,77,809 महिला और 19 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं। आजादी के बाद अब तक हुए कई चुनावों में इस क्षेत्र के मतदाता कभी कभी चौंकाने वाला फैसला देते रहे हैं। उदाहरण के तौर पर इस क्षेत्र की जनता पूर्व में कांग्रेस के दिग्गज नेता धरती पुत्र भागवत झा आजाद और देश - दुनिया में होटल उद्योग को नयी पहचान दिलाने वाले आबराय होटल ग्रुप के संस्थापक मोहन सिंह आबराय को भी खारिज कर चुकी हैं। संताल परगना में तीन



लोकसभा क्षेत्रों में गोड्डा ही एक मात्र सामान्य सीट है। गोड्डा लोकसभा क्षेत्र 1962 में अस्तित्व में आया।

आजादी के बाद 1951-52 में प्रथम लोकसभा के चुनाव में गोड्डा संतालपरगना - सह -पूर्णिया संसदीय क्षेत्र से जुड़ा था। जहां से सामान्य और अजजा से एक-एक सदस्य सांसद चुने जाते थे। इस चुनाव में सामान्य जाति से कांग्रेस के दिग्गज नेता भागवत झा आजाद सांसद चुने गये थे जबकि अजजा से झारखंड पार्टी के प्रत्याशी निर्वाचित हुए। 1957 में द्वितीय लोकसभा के चुनाव में गोड्डा को दुमका लोकसभा क्षेत्र से जोड़ दिया गया। लेकिन इस बार भी यहां से दो सदस्यों के चुनाव का प्रावधान किया गया। इस चुनाव में सामान्य जाति से झारखंड पार्टी के टिकट पर सुरेश चंद्र चौधरी और देवी सोरेन निर्वाचित हुए और कांग्रेस के दिग्गज नेता भागवत झा आजाद और अजजा प्रत्याशी भी पराजित हो गए। इसके बाद भागवत झा आजाद कांग्रेस के टिकट पर भागलपुर से सांसद चुने जाते रहे।

वर्ष 1984 के आम चुनाव में भी कांग्रेस के शमीमुद्दीन ही इस सीट से सांसद चुने गये। लेकिन शपथ ग्रहण के पूर्व ही उनका निधन हो गया। इसके बाद 1985 में इस क्षेत्र में उपचुनाव कराया गया। जिसमें कांग्रेस के प्रोफेसर सलाउद्दीन ने बीजेपी के जनार्दन यादव को हराकर सांसद चुने गए। लेकिन 1989 में पासा पलट गया और भाजपा के जनार्दन यादव ने 3.08 लाख वोट बटोर कर कांग्रेस से यह सीट छीन ली। 1991 में झारखंड अलग राज्य का आंदोलन परवान पर था। इस चुनाव में झामुमो के कद्दावर नेता सूरज मंडल भाजपा के जनार्दन यादव को लगभग एक लाख मतों के अंतर से हरा कर पहली बार इस क्षेत्र में झामुमो का विजय पताका फहराने में कामयाब हुए। लेकिन 1996 में झामुमो के सूरज मंडल भाजपा के जगदंबी प्रसाद यादव से पराजित हो गए। यहां तक कि इस चुनाव में सूरज मंडल तीसरे स्थान पर पहुंच गये। जगदंबी प्रसाद यादव त्रिकोणीय मुकाबले में अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी जनता दल के प्रोफेसर सलाउद्दीन को हराकर संसद पहुंचे।

## चार दशक तक गोड्डा संसदीय क्षेत्र रहा कांग्रेस का गढ़

आजादी के बाद करीब चार दशक तक गोड्डा संसदीय क्षेत्र कांग्रेस का गढ़ जरूर रहा। लेकिन इस अवधि में कांग्रेस को जयपाल सिंह के नेतृत्व वाली झारखंड पार्टी से कड़ी चुनौती मिलती रही है। वहीं आजादी के बाद जनसंघ सहित अन्य गैर कांग्रेस दल के प्रत्याशी भी इस क्षेत्र में अपने भाग्य की आजमाइश करते रहे। 1980 के बाद भाजपा इस क्षेत्र में भी अपना प्रभाव बढ़ाना शुरू किया। लेकिन 1989 से तो भाजपा ने इस सीट को अपना गढ़ बना लिया । 1962 में स्वतंत्र रूप से अस्तित्व में आये गोड्डा लोकसभा सीट पर कांग्रेस ने आजादी की लड़ाई में सक्रिय भूमिका निभाने वाले तथा वकालत की पेशा से अपनी पहचान बनाने वाले प्रभु दयाल हिम्मतसिंहका को उम्मीदवार बनाया। इनके खिलाफ कामख्या नारायण सिंह की पार्टी छोटानागपुर- संताल परगना जनता पार्टी के प्रत्याशी के रूप देश के प्रख्यात ओबराय होटल ग्रुप के संस्थापक मोहन सिंह आबराय अपने भाग्य की आजमाइश करने मैदान में उतरे थे। लेकिन कांग्रेस के प्रभु दयाल हिम्मत सिंह का के हाथों देश के उद्योग जगत के प्रख्यात मोहन सिंह आबराय पराजित हो गए। इस चुनाव में इस क्षेत्र मैदान में उतरे कांग्रेस के प्रभु दयाल हिम्मतसिंहका को 78,558 और उनके प्रतिद्वंद्वी सीएसजेपी के प्रत्याशी मोहनसिंह आबराय को 58 हजार 993 वोट मिले और कांग्रेस प्रत्याशी प्रभु दयाल हिम्मत सिंह का 19,585 मतों के अंतर से मोहन सिंह आबराय को हराकर सांसद चुने गए। कांग्रेस के प्रभु दयाल हिम्मतसिंहका 1967 में जनसंघ के शंकर तुलस्यान को भी 12 प्रतिशत मतों के अंतर से हराया और दूसरी बार संसद चुने गए। बाद में प्रभु दयाल हिम्मतसिंहका मोरारजी देसाई के नेतृत्व में गठित संगठन कांग्रेस में शामिल हो गए लेकिन चुनावी राजनीति से संन्यास ले लिया।

## महागठबंधन के साझा उम्मीदवार से राह आसान नहीं

18 वीं लोकसभा के लिए आसन्न चुनाव में भाजपा ने निशिकांत दूबे को चौथी बार इस सीट पर अपना उम्मीदवार बनाया है। वहीं यह सीट महागठबंधन में शामिल कांग्रेस के कोटे में आया है। इस बीच कांग्रेस ने शुरूआती दौर में इस सीट पर महगामा से कांग्रेस की विधायक दीपिका पांडे सिंह को उम्मीदवार बनाया लेकिन बाद में दीपिका से टिकट वापस लेकर कांग्रेस का टिकट प्रदीप यादव को थमा दिया। कांग्रेस की ओर से इस सीट पर प्रदीप यादव यादव को प्रत्याशी बनाये जाने की वजह से बीजेपी प्रत्याशी निशिकांत दूबे गोड्डा संसदीय क्षेत्र में रेल सुविधा,एम्स, एयरपोर्ट, डेयरी इंजीनियरिंग कॉलेज, कृषि महाविद्यालय आदि विकास धारा को तेज गति को जमीन पर उतारने तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकास की गारंटी के मुद्दे पर अपनी जीत को लेकर आश्वस्त दिख रहे हैं। वहीं कांग्रेस प्रत्याशी प्रदीप यादव इस बार कांग्रेस, जेएमएम और राजद के महागठबंधन में शामिल दलों के साझा उम्मीदवार रहने की वजह से भाजपा विरोधी मतदाताओं को गोलबंद कर किसानों की समस्या, बेरोजगारी और महंगाई के मुद्दों के बल पर भाजपा से यह सीट छीनने के लिए एड़ी-चोटी एक कर रहे हैं। इस तरह आजादी के बाद इस क्षेत्र में सम्पन्न उपचुनाव एवं आम चुनावों में इस क्षेत्र से आठ बार भाजपा और सात बार कांग्रेस जीत दर्ज कर चुकी हैं।

# एक जून के मतदान को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम : के. रवि कुमार

**रांची,** 30 मई (एजेंसियां)। झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा है कि सातवें चरण के चुनाव के तहत एक जून को गोड्डा, राजमहल और दुमका में होने वाले मतदान के लिए आज शाम प्रचार थम गया।

कुमार ने गुरुवार को निर्वाचन सदन, धुर्वा में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि चुनाव प्रचार आदि कार्यों को लेकर बाहर से उस क्षेत्र में गये लोगों का वहां से निकलना भी शुरू हो चुका है। निष्पक्ष और भयमुक्त मतदान के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गए हैं। किसी भी अनहोनी से निपटने के लिए बाइक सवार क्विक रिसपांस टीम की भी तैनाती की गई है। पूर्व में कुछ क्षेत्रों में नक्सली गतिविधि थी, लेकिन वर्तमान में इलाके में नक्सली गतिविधि का कोई खुफिया इनपुट नहीं है। दुमका के तीन बूथों को बदला गया है। मतदानकर्मी शुक्रवार को मतदान केंद्रों के लिए रवाना होंगे और शनिवार को मतदान के बाद सभी मतदानकर्मी वापस लौट जाएंगे। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि इस बार दिनभर मतदान होगा, इसलिए सभी मतदाता मतदान जरूर करें।

उन्होंने बताया कि तीन संसदीय निर्वाचन क्षेत्र गोड्डा, राजमहल और दुमका में कुल मतदाताओं की संख्या 53,23,886 है। उनमें 27,00,538 पुरुष, 26,23,315 महिला समेत 33 ट्रांसजेंडर मतदाता हैं। वहीं कुल बूथों की संख्या 6258 है। इनमें से 489 बूथ शहरी इलाके में और 5769 बूथ ग्रामीण क्षेत्र में हैं। 241 बूथों की कमान महिलाओं के हाथों में होगी। जबकि 7 बूथों पर दिव्यांग और 11 पर युवा मतदान की सारी व्यवस्था संभालेंगे। 18 बूथ यूनिक हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि राजमहल (अनुसूचित जनजाति के लिए सुरक्षित) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में कुल 17,04,671 मतदाता एक जून को मतदान में हिस्सा लेंगे। इनमें 8,51,165 पुरुष, 8,53,496 महिला और 10 थर्ड जेंडर के मतदाता हैं। इस संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में कुल 2020 मतदान केंद्र हैं। इनमें से 127 शहरी क्षेत्र में और 1893 बूथ ग्रामीण क्षेत्र में हैं। इस निर्वाचन क्षेत्र में 166 मतदान केंद्र पूरी तरह महिलाओं के द्वारा संचालित होंगे। इसी तरह 3 बूथ दिव्यांगों द्वारा और 6 बूथ युवाओं द्वारा संचालित किये जाएंगे। यहां के 5 बूथ यूनिक कैटेगरी में हैं। दुमका (अनुसूचित जनजाति के लिए सुरक्षित) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में कुल 15,91,061 मतदाता मतदान में हिस्सा लेंगे। इनमें 7,99,045 पुरुष, 7,92,010 महिला और 6 थर्ड जेंडर के मतदाता हैं। इस संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में कुल 1891 मतदान केंद्र हैं। इनमें से 105 शहरी क्षेत्र में और 1786 बूथ ग्रामीण क्षेत्र में हैं।इस निर्वाचन क्षेत्र में 70 मतदान केंद्र पूरी तरह महिलाओं के द्वारा संचालित होंगे। इसी तरह 1 बूथ दिव्यांगों द्वारा और 3 बूथ युवाओं द्वारा संचालित किये जाएंगे। यहां के 11 बूथ यूनिक कैटेगरी में हैं।

■ 166 मतदान केंद्र पूरी तरह महिलाओं के द्वारा संचालित होंगे

गोड्डा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में कुल 20,28,154 मतदाता मतदान में हिस्सा लेंगे। इनमें 10,50,328 पुरुष, 9,77,809 महिला और 17 थर्ड जेंडर के मतदाता हैं। इस संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में कुल 2347 मतदान केंद्र हैं। इनमें से 257 शहरी क्षेत्र में और 2090 बूथ ग्रामीण क्षेत्र में हैं। इस निर्वाचन क्षेत्र में 5 मतदान केंद्र पूरी तरह महिलाओं के द्वारा संचालित होंगे। इसी तरह 3 बूथ दिव्यांगों द्वारा और 2 बूथ युवाओं द्वारा संचालित किये जाएंगे। यहां के 2 बूथ यूनिक कैटेगरी में हैं।

# पंजाब को बाहरी लोगों की साजिशों से बचाने की आवश्यकता : बादल



**मानसा,** 30 मई (एजेंसियां)। शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल ने गुरुवार को कहा कि उनकी पार्टी केवल पंजाब और पंजाबियों के लिए खड़ी रही है और उनके हितों के लिए हमेशा लड़ेगी। बादल ने कहा कि पंजाब को बाहरी लोगों की साजिशों से बचाने की आवश्यकता है, जो किसी न किसी बहाने से राज्य को सरकारी दमन के काले युग में धकेलना चाहते हैं। उन्होने पंजाबियों और पंजाब को दिल्ली स्थित पार्टियों से बचाने की अपील की जो इसके संसाधनों को लूटना चाहते हैं और बांटने वाली राजनीति करना चाहते हैं। उन्होने जोर देकर कहा कि पंजाब तभी समृद्ध हो सकता है जब 'भाईचारक सांझ' हो। अकाली दल अध्यक्ष ने लोगों को संघर्ष के काले युग की वापसी से सावधान रहने और उचित कदम उठाने की चेतावनी दी ताकि ऐसा दोबारा न हो। उन्होने कहा कि हमारी वफादारी पंजाब के साथ है, किसी पार्टी यां गठबंधन के साथ नही है। हम किसी अन्य पार्टी यां गठबंधन के एजेंडे पर चलने के बजाय अपने लोगों के लिए अपने एजेंडे पर टिके रहेंगें। हमारे लिए किसी भी गठबंधन से ज्यादा पंजाब और पंजाबियों के गौरव के हितों की रक्षा करना मायने रखता है।

पार्टी उम्मीदवार हरसिमरत कौर बादल के समर्थन में चुनाव प्रचार के अंतिम दिन सरदूलगढ़, बुढ़लाडा और मानसा में विशाल रैलियों को संबोधित करते हुए अकाली दल अध्यक्ष ने कहा कि आज पार्टी के चुनाव प्रचार के दौरान उमड़े जनसैलाब ने स्पष्ट कर दिया है कि कि अकाली दल के समर्थन में साफ तौर पर लहर है, जो न केवल संसदीय चुनावों में जीत हासिल करेगी, बल्कि राज्य में अगली सरकार बनाने की ओर अग्रसर है। बादल ने कहा कि लोग कांग्रेस और भाजपा सहित दिल्ली की पार्टियों से अपने आपको ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। कैप्टन अमरिंदर सिंह की कांग्रेस सरकार ने वादे के मुताबिक खेती का कर्जा माफ करने से इंकार कर दिया, जबकि केंद्र की भाजपा सरकार ने बंदी सिंहों को रिहा करने के अलावा एमएसपी को किसानों का कानूनी अधिकार बनाने के अपने वादे से पीछे हट गई है।

# विश्व के सबसे ऊंचे मतदान केंद्र ताशीगंग को बनाया आदर्श मतदान केंद्र : जैन

**केलांग,** 30 मई (एजेंसियां)। सहायक निर्वाचन अधिकारी राहुल जैन ने कहा कि विश्व का सबसे ऊंचा मतदान केंद्र ताशीगंग को आदर्श मतदान केंद्र बनाया गया है। ताशीगंग और गयू मतदान केंद्र संवेदनशील केंद्र है यहां पर अलग से सुरक्षा व्यवस्था की गयी है। जैन ने गुरुवार को कहा कि स्पीति खंड में लोकसभा आम चुनाव के तहत मंडी संसदीय सीट और लाहुल स्पीति विधानसभा उप चुनाव के लिए पोलिंग पार्टियों को अंतिम पूर्वाभ्यास करवाया गया। इसके बाद 29 पोलिंग मतदान केंद्रों के लिए पोलिंग पार्टियां भेजी गई हैं। इसके अलावा 11 पोलिंग पार्टियां रिजर्व रखी गई है।

ताशीगंग और गयू मतदान केंद्र संवेदनशील केंद्र

उन्होंने कहा कि स्पीति में इस बार तीन महिला मतदान केंद्र बनाए गए है जहां पर सारी पोलिंग पार्टी स्टाफ में महिलाओं को तैनाती की गई है। इनमें खुरिक, कीह और क्यूलिंग मतदान केंद्र शामिल है। वहीं विश्व का सबसे ऊंचा मतदान केंद्र ताशीगंग को आदर्श मतदान केंद्र बनाया गया है। इसके साथ ही ताशीगंग और गयू मतदान केंद्र संवेदनशील केंद्र है यहां पर अलग से सुरक्षा व्यवस्था बनाई गई है। इस पूरे चुनाव में 168 के करीब पुलिस और पैरामिल्ट्री फोर्स शामिल है। पोलिंग पार्टियों को आठ एचआरटीसी और तीन टेंपो ट्रेवलर के माध्यम से मतदान केंद्र के लिए भेजा गया है।

जैन ने स्पीति वासियों से आग्रह किया है अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने के लिए 1 जून को मतदान केंद्रों के पहुंचे। पोलिंग पार्टियों को संबोधित करते हुए सहायक निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव करवाने में उनकी भूमिका सर्वाधिक महत्वपूर्ण होगी। इसलिए वे मतदान से जुड़ी पूरी प्रक्रिया को अच्छी प्रकार से समझें और सभी नियमों की पूरी जानकारी प्राप्त कर लें।

उन्होंने कहा कि चुनाव को शांतिपूर्वक एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न करवाने को लेकर भी उपस्थित अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि पोलिंग पार्टियों की मतदान के दौरान जरा सी चूक पूरी व्यवस्था की विफलता मानी जाएगी।

# बंगाल में नौ संसदीय सीटों के मतदाता चुनेंगे अपने प्रतिनिधि

**कोलकाता,** 30 मई (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल में नौ संसदीय सीटों के लिए शनिवार को होने वाले सातवें और अंतिम चरण के चुनाव के लिए चुनाव प्रचार का कोलाहल गुरुवार शाम छह बजे थम जाएगा। अंतिम चरण की सीटों में डायमंड हार्बर, दमदम, बारासात, बशीरहाट, जयनगर, मथुरापुर, जादवपुर, कोलकाता दक्षिण और कोलकाता उत्तर शामिल हैं। दक्षिणी एवं उत्तरी 24-परगना और कोलकाता के दो जिलों में फैले नौ संसदीय क्षेत्रों में 80,20,326 महिलाओं समेत कुल 1,63,40,365 मतदाता हैं। ये मतदाता 17,470 मतदान केंद्रों पर अपने मताधिकार के जरिए 72 उम्मीदवारों में से अपने प्रतिनिधि चुनेंगे। नौ संसदीय सीटों के साथ ही बारानगर विधानसभा उपचुनाव के लिए भी इसी दिन मतदान होगा। निर्वाचन अधिकारियों के मुताबिक मतदान सुबह सात बजे शुरू होगा और शाम सात बजे तक चलेगा। स्वतंत्र और निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करने के लिए केंद्रीय बलों की करीब 967 कंपनियां और राज्य पुलिस के करीब 33,000 जवान तैनात रहेंगे। संदेशखली की घटनाओं के मद्देनजर उत्तरी 24 परगना के बशीरहाट में सबसे ज्यादा 116 कंपनी केंद्रीय सशस्त्र बल तैनात रहेंगे। वहीं इस सप्ताह रेमल तूफान से प्रभावित सुंदरबन में केंद्रीय बलों की 114 कंपनियां तैनात रहेंगी।

चुनावों में मुख्य मुकाबला सत्तारुढ़ तृणमूल कांग्रेस और प्रमुख विपक्षी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बीच देखा जा रहा है। राज्य की 42 लोकसभा सीट में से 30 सीटों पर जीत का लक्ष्य रखने वाली भाजपा के लिए आखिरी चरण का चुनाव सबसे अहम माना जा रहा है।

तृणमूल कांग्रेस में नंबर-2 नेता माने जाने वाले अभिषेक बनर्जी डायमंड हार्बर सीट से तीसरी बार जीत का परचम लहराने के लिए संकल्पित हैं। यहां उनके खिलाफ भाजपा के अभिजीत दास उर्फ बॉबी और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के प्रतिकुर रहमान चुनाव मैदान में हैं।

बशीरहाट में तृणमूल कांग्रेस के हाजी नूरुल इस्लाम का मुकाबला भाजपा की रेखा पात्रा से है। सुश्री पात्रा ने उत्तर 24 परगना के संदेशखली में विद्रोह का झंडा बुलंद कर रखा था। जयनगर में तृणमूल कांग्रेस की निवर्तमान सांसद प्रतिमा मंडल का मुकाबला भाजपा के अशोक कंडारी और आरएसपी के समरेन्द्र नाथ मंडल से होगा।




मथुरापुर में तृणमूल कांग्रेस ने इस बार मोहन जटुआ को दोबारा मौका नहीं दिया और बापी हलधर को अपना उम्मीदवार बनाया है जिनके खिलाफ भाजपा के अशोक पुरकैत और माकपा के शरत चंद्र हलधर चुनाव मैदान में हैं। इसी प्रकार जादवपुर सीट से निवर्तमान तृणमूल कांग्रेस सांसद मिमि चक्रवर्ती को पार्टी ने दूसरी बार टिकट नहीं दी और उनके स्थान पर सयानी घोष को प्रत्याशी बनाया है। सुश्री सयानी के मुकाबले भाजपा के अनिर्बान गांगुली और माकपा के श्रीजन भट्टाचार्य चुनाव मैदान में हैं। कोलकाता दक्षिण में तृणमूल कांग्रेस की निवर्तमान सांसद माला रॉय , भाजपा की देवाश्री चौधरी और माकपा की सायरा शाह हलीम के बीच त्रिकोणीय संघर्ष है। कोलकाता उत्तर में तृणमूल कांग्रेस सांसद सुदीप बनर्जी की भाजपा के तापस रॉय और कांग्रेस के प्रदीप भट्टाचार्य से भिड़ंत है। श्री राय लोकसभा चुनाव से पहले पहले तृणमूल कांग्रेस छोड़कर भाजपा शामिल हो गये थे। पश्चिम बंगाल की 42 लोकसभा सीटों और एक विधानसभा सीट के लिए मतगणना 04 जून को होगी।

■ नौ संसदीय क्षेत्रों में 80,20,326 महिलाओं समेत कुल 1,63,40,365 मतदाता

## दमदम सीट पर तृणमूल कांग्रेस उम्मीदवार जीत की चौकड़ी बनाने के लिए तैयार

दमदम सीट पर तृणमूल कांग्रेस उम्मीदवार इस बार अपनी जीत की चौकड़ी बनाने के लिए चुनाव मैदान में हैं जहां उनका मुकाबला भाजपा के सिलभद्र दत्ता और माकपा के सुजान चक्रवर्ती से है। इसी तरह बारासात सीट पर तृणमूल कांग्रेस की काकोली घोष दस्तीदार को भाजपा के स्वपन मजूमदार और आल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक के संजीब चटर्जी चुनौती दे रहे हैं।

# हिमाचल में थमा चुनाव प्रचार का शोर

■ हिमकिरण मांटा

**शिमला,** 30 मई (देशबन्धु)। हिमाचल में चार लोकसभा और विधानसभा की छह सीटों पर होने वाले उपचुनाव के लिए आज चुनावी प्रचार का शोर थम गया। जिसके साथ ही अब प्रत्याशी घर-घर जाकर वोट की अपील करेंगे। शाम 6 बजे के बाद अब कोई भी राजनीतिक दल पब्लिक मीटिंग नहीं की। हिमाचल में आए राजनीतिक दलों के स्टार प्रचारकों को भी शाम छह बजे तक प्रदेश से बाहर जाना पड़।

### ड्राई डे शुरू

इसी तरह से हिमाचल में आज शाम 6 बजे से ड्राई डे रहेगा। ऐसे में अब 1 जून को मतदान खत्म नहीं होने तक शराब के ठेके बंद रहेंगे। इसी तरह से होटल रेस्टोरेंट और ढाबों में भी शराब और बीयर नहीं परोसी जा सकेगी। प्रदेश के मतगणना के दिन 4 जून को भी शराब के ठेके बंद रहेंगे। हिमाचल में चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष व शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो, इसके लिए प्रदेशभर में धारा 144 लागू हो गई। जिसके तहत एक स्थान पर 5 से ज्यादा लोग इकट्ठे खड़े नहीं हो सकेंगे। इसकी इजाजत केवल मतदान केंद्र के 100 मीटर के दायरे में ही होगी, वह भी केवल वोटिंग के लिए लाइनों में खड़े लोगों और कानून एवं व्यवस्था में तैनात कर्मियों को होगी।

### रवाना हुई 1383 पोलिंग पार्टियां

हिमाचल में दूरदराज के क्षेत्रों में स्थित मतदान केंद्रों के लिए 1383 पोलिंग पार्टियां रवाना हो गई। इसी तरह से बैजनाथ निर्वाचन क्षेत्र में स्थित अति दुर्गम क्षेत्र में स्थित बड़ा भंगाल के लिए 29 मई को पोलिंग पार्टी रवाना हुई थी। ये मतदान केंद्र प्रदेश के दुर्गम क्षेत्रों में स्थित है। यहां तक पहुंचने के लिए मतदान कर्मियों को सड़क मार्ग से 3 दिन लगते हैं। इस मतदान केंद्र में मतदाताओं की संख्या 65 है। वहीं, प्रदेश के 6608 मतदान केंद्रों के लिए 6608 पोलिंग पार्टियां 31 मई को रवाना होंगी। हिमाचल में कुल मतदान केंद्रों की संख्या 7,992 है। इसमें 608 मतदान केंद्र उन छह विधानसभा क्षेत्रों में स्थित हैं, जहां पर 6 सीटों के लिए उपचुनाव हो रहे हैं। मतदान की प्रक्रिया को निपटाने के लिए 55 हजार के करीब अधिकारी और कर्मचारी अपनी सेवाएं दे रहे हैं।



■ प्रदेश में 1 जून को लोकसभा चुनाव व विधानसभा उपचुनाव के लिए वोटिंग होगी

■ चुनाव प्रचार पर लगी रोक अब घर-घर जाकर मांगेंगे वोट

### अब तक 41,252 मतदाता डाल चुके हैं वोट

हिमाचल में चारों संसदीय क्षेत्रों में 28 मई तक 12डी प्रपत्रों के माध्यम से प्राप्त कुल 44,562 आवेदनों में से 41,252 मतदाता अपना वोट डाल चुके हैं। वहीं, 6 विधानसभा क्षेत्रों के उपचुनावों के लिए अब तक 12डी प्रपत्रों के माध्यम से कुल 3651 आवेदनों में से 3380 डाक मतपत्र विभाग को प्राप्त हुए हैं। चारों संसदीय क्षेत्रों में अब तक 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के कुल 31,122 मतदाताओं ने प्रपत्र 12डी के माध्यम से आवेदन किया था, जिनमें से 29,619 मतदाताओं ने घर से अपना वोट किया है। इसी प्रकार दिव्यांग वोटरों से प्रपत्र 12डी के माध्यम से 11,007 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिसमें से 10,526 ने डाक मतपत्र से अपना वोट डाला। इसके अलावा मतदान के दिन 2433 अनिवार्य सेवाओं पर तैनात कर्मियों में से 1107 ने अपने गृह विधानसभा क्षेत्र में स्थापित पोस्टल वोटिंग सेंटर (पीवीसी) में अपना वोट डाला। वहीं, छह विधानसभा क्षेत्रों में अब तक 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के कुल 2747 मतदाताओं ने प्रपत्र 12डी के माध्यम से आवेदन किया था, जिनमें से 2575 मतदाताओं ने डाक मतपत्र के माध्यम से वोट किया है। इसी प्रकार दिव्यांगजन मतदाताओं से प्रपत्र 12डी के माध्यम से 820 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिसमें से 772 ने डाक मतपत्र के माध्यम से अपना वोट डाला। इसके अलावा मतदान दिवस के दिन 84 अनिवार्य सेवाओं पर तैनात कर्मियों में से 33 ने अपने गृह विधानसभा क्षेत्र में स्थापित पीवीसी में अपना वोट डाला है।

## हिमाचल में 62 प्रत्याशियों के बीच मुकाबला

हिमाचल में चार संसदीय सीटों और विधानसभा के छह सीटों के लिए होने वाले उपचुनाव में 62 प्रत्याशियों के बीच मुकाबला होगा। इसमें प्रदेश की चार संसदीय सीटों में 37 उम्मीदवारों के बीच चुनावी रण होगा। वहीं विधानसभा की 6 सीटों में होने वाले उपचुनाव में 25 प्रत्याशियों के बीच चुनावी घमासान होने वाला है। नामांकन वापसी का आखिरी दिन लोकसभा के लिए 3 और विधानसभा उपचुनाव के लिए 4 उम्मीदवारों ने नामांकन वापस लिया था। ऐसे में अब कांगड़ा संसदीय सीट पर 10 उम्मीदवार चुनाव मैदान में है। हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से किसी भी प्रत्याशी ने नाम वापस नहीं लिया है। ऐसे में अब हमीरपुर संसदीय क्षेत्र 12 उम्मीदवारों के बीच चुनावी रण होगा। मंडी संसदीय सीट पर 10 प्रत्याशी चुनाव मैदान में है। वहीं, शिमला संसदीय क्षेत्र में सबसे कम 5 प्रत्याशियों के बीच में चुनावी मुकाबला होगा।

# [ अर्थ जगत ]

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित



**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।

### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| आईसीआईसीआई बैंक | 1.14 प्रतिशत |
| एक्सिस बैंक | 1.00 प्रतिशत |
| एचडीएफ़सी बैंक | 0.45 प्रतिशत |
| एसबीआई | 0.38 प्रतिशत |
| एलटी | 0.22 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| टाटा स्टील | 5.74 प्रतिशत |
| टाइटन | 3.17 प्रतिशत |
| टेक महिंद्रा | 3.15 प्रतिशत |
| विप्रो | 3.09 प्रतिशत |
| बजाज फिनसर्व | 2.91 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 74,220 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 74400 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौंड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 2600-2700 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3740-3840 |
| चीनी एम | 4000-4100 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 6100-6200 |
| दाल चना | 7100-7200 |
| मसूर काली | 7550-7650 |
| उड़द दाल | 10600-10700 |
| मूंग दाल | 9850-9950 |
| अरहर दाल | 11700-11800 |

# वित्त वर्ष 24-25 में 7 प्रतिशत रहेगी वृद्धि दर : आरबीआई

■ **भारतीय रिजर्व बैंक ने जारी की वार्षिक रिपोर्ट**

**मुंबई,** 30 मई (एजेंसियां)। भारतीय अर्थव्यवस्था का आउटलुक काफी अच्छा है और वित्त वर्ष 2024-25 में वृद्धि दर 7 प्रतिशत रह सकती है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा गुरुवार को जारी की गई वार्षिक रिपोर्ट में ये जानकारी दी गई। रिपोर्ट में बताया गया कि वैश्विक स्तर पर चुनौतियों के बावजूद भी वित्त वर्ष 2023-24 में भारत की रियल जीडीपी में 7.6 प्रतिशत की दर से वृद्धि हुई है, जो कि पिछले साल 7 प्रतिशत पर थी। यह लगातार तीसरा वर्ष है, जब अर्थव्यवस्था की वृद्धि 7 प्रतिशत से ऊपर रही है। रिपोर्ट में आगे कहा गया कि मजबूत आधार, अच्छे वित्तीय आंकड़े और कॉरपोरेट सेक्टर के अच्छे प्रदर्शन के कारण वित्त वर्ष 2024-25 में अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ेगी।

सरकार का पूंजीगत व्यय पर जोर रहेगा। साथ ही खपत बढ़ने से निवेश को सहारा मिलेगा। इसके अलावा रिपोर्ट में बताया गया कि एल नीनो के कम प्रभाव से दक्षिण पश्चिम मानसून सामान्य से अच्छा रह सकता है। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सहारा मिलेगा।



वित्त वर्ष 2024-25 में अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ेगी, सरकार का पूंजीगत व्यय पर जोर रहेगा : आरबीआई

प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना को पांच वर्ष के लिए बढ़ाने से देश की खाद्य सुरक्षा को बढ़ावा मिलेगा। अंतरिम केंद्रीय बजट 2024-25 में कृषि क्षेत्र के समर्थन लिए सरकार ने आत्मनिर्भर तिलहन अभियान पर फोकस किया है। इसमें सभी कृषि-जलवायु क्षेत्रों में पर्यावरण की दृष्टि से टिकाऊ नैनो डायम्मोनियम फास्फेट (डीएपी) के विस्तार और एक नई जैव-विनिर्माण और जैव-फाउंड्री योजना के माध्यम से जैव-अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने पर होगा।

केंद्र सरकार की ओर से राज्यों को वित्त वर्ष 2024-25 में पूंजीगत व्यय करने के लिए 1.3 लाख करोड़ की मदद दी जाएगी। सकल बाजार उधारी के बजट में कमी की गई है। यह वित्त वर्ष 2023-24 में 5.3 प्रतिशत था, जो कि वित्त वर्ष 2024-25 में 4.3 प्रतिशत रहने का अनुमान है। इससे निजी निवेश को सहारा मिलेगा। रिपोर्ट में बताया गया कि कर संग्रह के तरीके का डिजिटलीकरण होने के कारण वित्त वर्ष 2024-25 में प्रत्यक्ष कर संग्रह जीडीपी का 6.7 प्रतिशत रहने की संभावना है और यह पिछले तीन दशकों में सबसे उच्चतम स्तर होगा।

## आरबीआई का खुदरा महंगाई 4.5 प्रतिशत रहने का अनुमान

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक ने इस साल औसत से ज्यादा मानसूनी बारिश और आपूर्ति श्रृंखला की बाधा दूर होने से वित्त वर्ष 2024-25 में औसत खुदरा महंगाई 4.5 प्रतिशत रहने का अनुमान व्यक्त किया है। आरबीआई ने गुरुवार को जारी अपनी वार्षिक रिपोर्ट में कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 में ओवरऑल महंगाई दर 1.3 प्रतिशत कम होकर 5.4 प्रतिशत पर आ गई। आपूर्ति श्रृंखला पर दबाव कम होने, कोर (गैर खाद्य-गैर ऊर्जा) मुद्रास्फीति में वृहद आधार पर नरमी और सामान्य से ज्यादा मानसूनी बारिश 2024-25 में मुद्रास्फीति के परिदृश्य के लिए अच्छे संकेत हैं। रिपोर्ट में हालांकि यह भी कहा गया है कि जलवायु संबंधी संकट खाद्य मुद्रास्फीति और ओवरऑल खुदरा महंगाई पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकते हैं। जलाशयों में निम्न जलस्तर, खासकर दक्षिणी राज्यों में, और 2024-25 के शुरुआती महीनों में सामान्य से ज्यादा तापमान पर नजदीकी नजर रखने की जरूरत है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव, जारी भू-राजनीतिक तनाव और वैश्विक वित्तीय बाजारों में उथल-पुथल के कारण मुद्रास्फीति बढ़ने की आशंका है। इन कारकों को ध्यान में रखते हुए वित्त वर्ष 2024-25 में खुदरा महंगाई के 4.5 प्रतिशत पर रहने का अनुमान है। आरबीआई ने मुद्रास्फीति को नियंत्रण में रखने के लिए मौजूदा मौद्रिक रुख बनाए रखने की जरूरत पर बल दिया है। आरबीआई को खुदरा महंगाई को दीर्घावधि में चार प्रतिशत के आसपास और आम तौर पर दो प्रतिशत से छह प्रतिशत के बीच रखने की जिम्मेदारी दी गई है।

# वार्षिक प्रत्यक्ष विदेशी निवेश 2023-24 में 3.5 प्रतिशत घटा

**नई दिल्ली,** 30 मई (एजेंसियां)। भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई ) इस साल 31 मार्च को समाप्त हुए वित्त वर्ष 2023-24 में 44.42 अरब डॉलर से कुछ अधिक रही जो इससे पिछले वर्ष की तुलना में 3.49 प्रतिशत कम है। वित्त वर्ष 2022-23 में कुल एफडीआई 46.03 अरब डॉलर के बराबर था।

उद्योग एवं आंतिरक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीईआईटी) के आंकड़ों से प्राप्त जानकारी के अनुसार मार्च 2024 में देश में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश 3.74 अरब डॉलर के बराबर था। सरकारी आंकड़ों के हिसाब से 2023-24 की चौथी तिमाही (जनवरी-मार्च 2024) के दौरान एफडीआई (शेयर पूंजी निवेश) करीब 12.39 अरब डॉलर रहा। इस तिमाही के दौरान शेयर पूंजी के साथ यदि लाभ का पुनर्निवेश तथा अन्य पूंजी निवेश को मिला कर देखें तो एफडीआई 19.05 अरब डालर रहा।

रुपए के हिसाब से गत जनवरी-मार्च तिमाही में विदेशी शेयर पूंजी निवेश भारतीय मुद्रा में 1,02,869 करोड़ रुपए रहा। रुपए के हिसाब से वर्ष 2023-24 में एफडीआई में 0.13





■ **वित्त वर्ष 2022-23 में कुल एफडीआई 46.03 अरब डॉलर के बराबर था**

प्रतिशत की वृद्धि रही। गत मार्च में समाप्त वर्ष में एफडीआई रुपए के हिसाब से 3,67,435 करोड़ रुपए के बराबर था जबकि इससे पिछले वित्त वर्ष में यह 3,67,899 करोड़ रुपए के बराबर था।

सरकारी आंकड़ों के मुताबिक 2000-24 के दौरान देश में संचयी प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) 990.97 अरब डॉलर से अधिक है। इसमें विदेशी हिस्सेदारी वाली कंपनियों द्वारा किया गया लाभ का पुनर्निवेश और उनका अन्य पूंजी निवेश भी शामिल है। इस अवधि में शेयर पूंजी के हिसाब से संचयी एफडीआई 678.86 अरब डॉलर से अधिक (43,47,001 करोड़ रुपए) के स्तर पर पहुंच चुका है।

# अराहास यूनिडो के एआईएम ग्लोबल में शामिल

**नई दिल्ली,** 30 मई (एजेंसियां)। भारतीय जियोएआई विशेषज्ञ कंपनी अराहास उद्योग और विनिर्माण में कुशल एआई को बढ़ावा देने के लिए यूनिडो के एआईएम ग्लोबल कार्यक्रम में शामिल की गई है।

कंपनी ने कहा कि इस पहल के साथ अराहास वैश्विक एआई ब्रांडों के एलिट क्लब में प्रवेश किया, जिसमें सैमसंग, हुआवे, एचपी और जेनेट शामिल हैं।

एआईएम ग्लोबल संयुक्त राष्ट्र औद्योगिक विकास संगठन द्वारा चलाया जाने वाला एक कार्यक्रम है। यह उद्योग और विनिर्माण में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के सुरक्षित, टिकाऊ और समावेशी उपयोग को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है। संयुक्त राष्ट्र औद्योगिक विकास संगठन (यूनिडो) द्वारा निर्देशित, एआईएम ग्लोबल एआई और नई तकनीकों के जिम्मेदार एवं कुशल विकास और उपयोग को बढ़ावा देता है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव के सामान्य एजेंडा के अनुसार, एआईएम ग्लोबल एक ऐसा डिजिटल भविष्य बनाने के लिए काम कर रहा है जो सभी के लिए खुला, सुरक्षित और फायदेमंद हो। एआईएम ग्लोबल निजी और सार्वजनिक क्षेत्रों के सहयोग का केंद्र है। यह ज्ञान का आदान-प्रदान, शोध में अच्छी प्रथाओं का विकास, कौशल को बढ़ावा देने और उद्योगों में एआई के उपयोग के लिए नैतिक दिशानिर्देश तैयार करने में मदद करता है।

# इंडिया रेटिंग्स ने अडाणी ग्रीन एनर्जी को किया अपग्रेड

**नई दिल्ली,** 30 मई (एजेंसियां)। इंडिया रेटिंग्स और रिसर्च (आईएनडी-आरए) की ओर से गुरुवार को अडाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एजीईएल) की लंबी अवधि की रेटिंग को 'आईएनडी ए+' से बढ़ाकर 'आईएनडी एए-' कर दिया गया है। साथ ही कहा कि कंपनी का आउटलुक स्थिर है।

एजीईएल की रेटिंग बढ़ाने की वजह भारत की सबसे बड़ी रिन्यूएबल एनर्जी कंपनी होना है। इसके साथ संचालन के मापदंड पर भी कंपनी का प्रदर्शन काफी अच्छा है। वहीं, कंपनी के प्रवर्तकों की ओर से लक्ष्य को पूरा करने के लिए समय-समय पर इक्विटी डाली जा रही है।



कंपनी की ओर से क्षमता का भी लगातार विस्तार किया जा रहा है। कंपनी के पास मध्यम अवधि में 4 गीगावाट से लेकर 5 गीगावाट प्रति वर्ष क्षमता जोड़ने की क्षमता है, जो कि पहले 2.5 से लेकर 3.5 गीगावाट थी। अपग्रेड की अन्य वजह कंपनी की ओर से विविधता लाना है। साथ ही प्राप्तियों में भी कमी आ रही है। इससे कंपनी पहले की अपेक्षा काफी मजबूत स्थिति में है। रेटिंग एजेंसी के मुताबिक, अपग्रेड होल्डिंग कंपनी के

■ **कंपनी लगातार कर रही क्षमता का विस्तार**

लाभ के संबंध में एजीईएल की नीति में बदलाव को भी दर्शाता है, क्योंकि कंपनी ने अब 750 मिलियन डॉलर के होल्ड-को बांड के पुनर्भुगतान के लिए फंड्स को निर्धारित कर दिया है।

एनालिस्ट ने कहा कि अपग्रेड करने के अन्य कारणों में एजीईएल की ओर से टोटल एनर्जी एसई के साथ एक प्लेटफॉर्म बनाना है। इसके जरिए कंपनी कंसोलिडेशन फायदों को रखते हुए अपनी एसेट्स का मोनेटाइजेशन कर सकती है। वारंट के जरिए प्रवर्तकों की ओर से इक्विटी डाली जा रही है और 25 प्रतिशत राशि कंपनी के पास आ चुकी है।

# शेयर बाजार में लगातार पांचवें दिन गिरावट

**मुंबई,** 30 मई (एजेंसियां)। एशियाई बाजार की गिरावट के दबाव में स्थानीय स्तर पर कमोडिटीज, धातु, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, आईटी और टेक समेत उन्नीस समूहों में हुई बिकवाली से आज शेयर बाजार लगातार पांचवें दिन गिरकर बंद हुआ।


■ **सेंसेक्स 0.83 प्रतिशत का गोता लगाकर 73,885.60 अंक पर**

■ **निफ्टी 0.95 प्रतिशत टूटकर 22,488.65 अंक पर बंद**

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 617.30 अंक अर्थात 0.83 प्रतिशत का गोता लगाकर 73,885.60 अंक पर आ गया। साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 216.05 अंक यानी 0.95 प्रतिशत टूटकर 22,488.65 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 1.21 प्रतिशत की गिरावट लेकर 42,827.11 अंक और स्मॉलकैप 1.33 प्रतिशत कमजोर होकर 46,908.16 रह गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 3917 कंपनियों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2622 में बिकवाली जबकि 1190 में लिवाली हुई वहीं 105 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 40 कंपनियों में गिरावट जबकि शेष 10 में तेजी रही।

बीएसई में बैंकिंग समूह की 0.53 प्रतिशत की बढ़त को छोड़कर शेष 19 में गिरावट रही। इस दौरान कमोडिटीज 2.05, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 2.05, धातु 2.67, सीडी 1.14, ऊर्जा 1.21, एफएमसीजी 1.04, हेल्थकेयर





1.64, आईटी 1.97, यूटिलिटीज 1.13, ऑटो 1.37, टेक 1.54, सर्विसेज़ 1.25, इंडस्ट्रियल्स 0.87, दूरसंचार 0.73, तेल एवं गैस 0.85, और पावर समूह के शेयर 0.84 प्रतिशत कमजोर रहे।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मुलजुला रुख रहा। इससे ब्रिटेन का एफ़टीएसई 0.28 और जर्मनी का डैक्स 0.04 प्रतिशत मज़बूत रहा जबकि जापान का निक्केई 1.30, हांगकांग का हैंगसेंग 1.34 और चीन का शंघाई कम्पोजिट 0.62 प्रतिशत गिर गया।

शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 137 अंक टूटकर 74,365.88 अंक पर खुला लेकिन लिवाली होने से यह थोड़ी देर बाद ही 74,493.55 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं, बिकवाली होने से यह कारोबार के अंतिम चरण में 73,668.73 अंक के निचले स्तर तक गिर गया। अंत में पिछले दिवस के 74,502.90 अंक के मुकाबले 0.83 प्रतिशत की गिरावट के साथ 73,885.60 रह गया। इसी तरह निफ्टी भी 87 अंक उतरकर 22,617.45 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 22,705.75 अंक के उच्चतम जबकि 22,417.00 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 22,704.70 अंक की तुलना में 0.95 प्रतिशत का गोता लगाकर 22,488.65 अंक पर बंद हुआ।

इस दौरान सेंसेक्स की नुकसान उठाने वाली प्रमुख कंपनियों में टाटा स्टील 5.74, टाइटन 3.17, टेक महिंद्रा 3.15, विप्रो 3.09, बजाज फिनसर्व 2.91, बजाज फाइनेंस 2.86, पावरग्रिड 2.83, नेस्ले इंडिया 2.28, टाटा मोटर्स 2.07, टीसीएस 1.83, इंफ़ोसिस 1.78, मारुति 1.62, एचसीएल टेक 1.50, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.50, एनटीपीसी 1.26, रिलायंस 1.09, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.96, सन फार्मा 0.84 और इंडसइंड बैंक 0.45, शामिल रही।

वहीं, आईसीआईसीआई बैंक 1.14, एक्सिस बैंक 1.00, एचडीएफ़सी बैंक 0.45, एसबीआई 0.38, एलटी 0.22, कोटक बैंक 0.14 और भारती एयरटेल के शेयर 0.01 प्रतिशत लाभ में रहे।

# किडजानिया ने लॉन्च किया टॉडलर प्ले जोन : नेबरहुड

**नई दिल्ली,** 30 मई (देशबन्धु)। इंट्रैक्टिव फैमिली ऐंटरटेनमेंट और लर्निंग के क्षेत्र में कार्यरत किडजानिया ने भारत में अपने सबसे पहले टॉडलर प्ले जोन 'किडजानिया नेबरहुड' को लॉन्च करने की घोषणा की है।

कंपनी ने कहा कि यह नया ज़ोन किडज़ानिया के दिल्ली/एनसीआर सेंटर में लांच किया गया। यह ज़ोन 1 जून 2024 से काम करना शुरु कर देगा। 'किडज़ानिया नेबरहुड' को खास तौर पर नन्हे-मुन्नों के लिए विकसित किया गया है। इसके भीतर सड़कें, बैटरी-चालित वाहन, इमारतें, कामकाजी अर्थव्यवस्था, उसकी अपनी करेंसी मौजूद हैं और इन सभी को 1 से 6 साल के बच्चों के लिए तैयार किया गया है। इन अभिनव जोन का लक्ष्य है छोटे बच्चों को एक विशेष, इमर्सिव वातावरण प्रदान किया जाए जहां वे रोल-प्ले और किस्सागोई के जरिए सीख सकें। किडज़ानिया इंडिया के मुख्य विपणन अधिकारी राहुल धमधेरे ने कहा कि इस वक्त किडज़ानिया 24 देशों के 27 शहरों में मौजूद है और अब भारत का पहला एवं ब्रांड का 12वां किडज़ानिया नेबरहुड पेश करते हुए हम बहुत रोमांचित हैं। हमारे 60 प्रतिशत आगंतुक ऐसे परिवार हैं जो अपने नन्हे बच्चों के लिए सर्वश्रेष्ठ की तलाश में आते हैं। इतने वर्षों में हमने यह जाना है कि छोटे बच्चों के साथ आने वाले अभिभावक चाहते हैं कि उनके बच्चे भी मजे से साथ सीखने के हमारे इस विशिष्ट तरीके से जुड़ पाएं। धमधेरे ने कहा कि किडजानिया नेबरहुड में हाइजीन शीर्ष प्राथमिकता है। यहां विभिन्न इनोवेटिव समाधानों के जरिए साफ व सुरक्षित परिवेश सुनिश्चित किया गया है।

## सार संक्षेप

### शरत सिन्हा एयरटेल बिजनेस का सीईओ नियुक्त

**नई दिल्ली।** दूरसंचार सेवा प्रदाता भारती एयरटेल ने शरत सिन्हा को एयरटेल बिजनेस का मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया है। कंपनी ने कहा कि सिन्हा भारती एयरटेल के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ गोपाल विट्ठल को रिपोर्ट करेंगे और एयरटेल प्रबंधन बोर्ड का हिस्सा होंगे। श्री सिन्हा चेकपॉइंट सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजीज लिमिटेड से एयरटेल बिजनेस में शामिल हुए, जहां उन्होंने एशिया प्रशांत के अध्यक्ष के रूप में कार्य किया। एक अनुभवी प्रौद्योगिकी पेशेवर सिन्हा ने विभिन्न नेतृत्व भूमिकाओं में पालो ऑल्टो नेटवर्क, सिस्को और वीएम वेयर के साथ भी काम किया है। एरिक्सन और वीएसएनएल में उनके शुरुआती अनुभवों ने उन्हें एक अच्छी दूरसंचार पृष्ठभूमि भी दी है। नियुक्ति की घोषणा करते हुए विट्टल ने कहा कि मुझे विश्वास है कि दुनिया की कई प्रमुख प्रौद्योगिकी कंपनियों में उत्पाद प्रबंधन और व्यावसायिक नेतृत्व में श्री सिन्हा का व्यापक वैश्विक अनुभव कनेक्टिविटी और आस-पास के क्षेत्रों में हमारे पोर्टफोलियो को तेजी से बढ़ाने में एयरटेल की महत्वाकांक्षाओं को जबरदस्त ताकत प्रदान करेगा।

### लिबास ने जुटाए 150 करोड़ रुपए


**नई दिल्ली।** फास्ट फ़ैशन ओमनीचैनल एथनिक वियर ब्रांड लिबास ने 150 करोड़ रुपए की पूंजी जुटाई है। कंपनी ने आज यहां कहा कि आई.ए.एफ. सीरीज 5 द्वारा 150 करोड़ रुपए के निवेश के साथ पहला बाहरी फंडिंग राउंड सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है, जो आई.सी.आई.सी.आई.सी.आई. वेंचर द्वारा प्रबंधित फंड है। लिबास ने ऑनलाइन फ़ैशन सेगमेंट में अग्रणी शक्ति बनने के लिए अपने विकास को तेज़ किया है, अपने गतिशील उत्पाद रेंज और अभिनव डिजिटल टचपॉइंट्स के साथ ग्राहकों को आकर्षित किया है। नवीनतम फंडिंग राउंड लिबास के उल्लेखनीय वित्तीय प्रदर्शन के बाद आया है, जिसमें बूटस्ट्रैप्ड ब्रांड ने सिद्धांत केशवानी और सुनील केशवानी के नेतृत्व में वित्त वर्ष 24 में 500 करोड़ रुपए के राजस्व के आंकड़े को पार कर लिया है।

### जूमकार की 20 हजार अतिरिक्त कारें जोड़ने की योजना

**बेंगलुरु।** जूमकार होल्डिंग्स इंक की 2025 तक 20 हजार अतिरिक्त कारें जोड़ने की योजना है। कंपनी ने कहा कि उसने स्थानीय कार होस्ट की मदद के लिए अपने प्रयास तेज कर दिए हैं ताकि जूमकार पर अपने सूक्ष्म व्यवसायों को बढ़ाने के लिए अधिक कारों को जोड़ा जा सके। कार्स 24, एको ड्राइव, स्पिनी और ड्रूम जैसे साझेदारी के माध्यम से जूमकार, कार खरीदी और फाइनेंसिंग पर अनुकूलित ऑफर के साथ कार शेयरिंग को अधिक सुविधाजनक और लागत प्रभावी बना रहा है। जूमकार के कार-शेयरिंग बिजनेस मॉडल ने कार मालिकों के लिए सूक्ष्म उद्यमिता के अवसर खोल दिए हैं, जहां वे अपनी कार को जूमकार पर साझा करके तुरंत आय अर्जित करने के लिए होस्ट कर सकते हैं।

# खाद्य तेलों में टिकाव चीनी-गुड़ सस्ता, चना व मसूर दाल महंगी

**नई दिल्ली,** 30 मई (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों में गिरावट के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर पड़ने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा जबकि चीनी



और गुड़ सस्ता रहा वहीं चना, चना दाल और मसूर दाल के भाव चढ़ गए।

**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में जून का पाम ऑयल वायदा 23 रिंगिट उतरकर 4005 रिंगिट प्रति टन रह गया। इसी तरह जून का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.75 सेंट की गिरावट लेकर 45.13 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में गिरावट रही। इस दौरान चीनी 50 रुपए और गुड़ 50 रुपए प्रति क्विंटल गिर गया।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन बाजार में चना 200 रुपए डाल चना 200 रुपए और मसूर दाल में 150 रुपए प्रति क्विंटल की तेजी को छोड़कर अन्य दालों में स्थिरता रही। इस दौरान मूंग दाल उड़द दाल और अरहर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पिछले स्तर पर पड़ी रही।

**अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान चावल और गेहूं के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ।

# कश्मीर में इस साल आ सकते हैं रिकॉर्ड पर्यटक

**श्रीनगर,** 30 मई (एजेंसियां)। इस साल कश्मीर में पर्यटकों की संख्या सभी पिछले रिकॉर्ड तोड़ सकती है। घाटी में अब तक 12.5 लाख से अधिक से अधिक पर्यटक आ चुके हैं।

पर्यटन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि अब तक यहां 12.5 लाख से अधिक पर्यटक आ चुके हैं। पर्यटकों के लगातार आगमन को देखते हुए इस साल सभी पिछले रिकॉर्ड टूट सकते हैं। श्रीनगर के होटल, गुलमर्ग के स्की रिसॉर्ट और पहलगाम व सोनमर्ग के हिल स्टेशनों के सभी होटलों की बुकिंग जून के मध्य तक हो चुकी है। एक अधिकारी ने बताया कि कश्मीर स्थिति गेस्ट हाउस, होमस्टे, डल और निगीन झीलों के हाउसबोट और ठहरने के अन्य स्थान भर चुके हैं। कानून-व्यवस्था की स्थिति में सुधार और शांति के कारण इस साल यहां आने



■ **बागवानी के बाद कश्मीर में दूसरा मुख्य उद्योग है पर्यटन**

■ **जून के मध्य तक हो चुकी सभी होटलों की बुकिंग**

वाले विदेशी पर्यटकों की संख्या में भी भारी वृद्धि हुई है।

कश्मीर के होटल एसोसिएशन के एक सदस्य ने कहा कि विदेशी पर्यटकों के कश्मीर आने से हमें विदेशी मुद्रा की प्राप्ति होती है। इसके अलावा, वे घरेलू पर्यटकों की तुलना में अधिक खर्च करते हैं। घाटी में स्थित सभी पांच सितारा होटलों की बुकिंग हो चुकी है। बुकिंग कराने वाले अधिकतर घरेलू पर्यटक हैं।

आम तौर पर वार्षिक अमरनाथ यात्रा की शुरुआत के साथ तीर्थयात्रियों की भारी भीड़ के कारण घाटी में पर्यटकों की संख्या में कमी आनी शुरू हो जाती है। तीर्थयात्री समुद्र तल से 3888 मीटर ऊपर कश्मीर हिमालय पर स्थित गुफा मंदिर में दर्शन के लिए आते हैं। इस साल अमरनाथ यात्रा 29 जून से शुरू हो रही है और 52 दिनों के बाद 19 अगस्त को समाप्त होगी।

होटल व्यवसायियों का मानना है कि वर्तमान में जारी बुकिंग को देखते हुए, आगामी अमरनाथ यात्रा से पर्यटकों की संख्या प्रभावित होने की संभावना बहुत कम है। चार दशकों से ज़्यादा समय से कारोबार कर रहे एक स्थानीय टूर और ट्रैवल ऑपरेटर ने कहा कि हालांकि देश में शिमला, दार्जिलिंग और नैनीताल जैसे दूसरे हिल स्टेशन भी हैं, लेकिन कश्मीर का आकर्षण अलग है। फिलहाल, मुख्य रूप से गुजरात, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और महाराष्ट्र से पर्यटक घाटी में आ रहे हैं। स्थानीय टूर और ट्रैवल ऑपरेटरों का कहना है कि दिल्ली और पंजाब के पर्यटकों का आगमन अगले महीने के मध्य से शुरू होगा। गौरतलब है कि बागवानी के बाद कश्मीर में पर्यटन दूसरा मुख्य उद्योग है। माना जाता है कि बागवानी से स्थानीय अर्थव्यवस्था में हर साल दस हजार करोड़ रुपए का योगदान होता है, जबकि पर्यटन उद्योग से सालाना आठ हजार करोड़ रुपए की आय होती है। बागवानी से होने वाली आय जहां बागवानों तक ही सीमित होती है, वहीं पर्यटन से होटल व्यवसायी, हाउसबोट मालिक, डल झील पर शिकारावाले एवं अन्य को रोजगार मिलता है।

# खेल जगत

## भारत-पाकिस्तान मैच से पहले न्यूयॉर्क में स्टेडियम की बढ़ाई गई सुरक्षा

**न्यूयॉर्क।** टी-20 विश्वकप में हमले के खतरे को देखते हुए भारत और पाकिस्तान के बीच नौ जून को होने वाले मुकाबले के लिए आइजनहावर पार्क स्टेडियम की सुरक्षा बढ़ा दी गई। न्यूयार्क प्रांत के गवर्नर कार्यालय द्वारा जारी किए गए एक बयान में कहा गया है कि वे इस पूरे मामले की निगरानी कर रहे हैं। हालांकि अभी तक उन्हें इस संदर्भ में भी कोई भी पुख्ता सबूत नहीं मिल सका है। प्रांत की गवर्नर कैथी होचुल ने कहा कि मैंने न्यूयॉर्क राज्य पुलिस को उन्नत सुरक्षा उपायों में संलग्न होने का भी निर्देश दिया है, जिसमें कानून प्रवर्तन (लॉ इनफोर्समेंट) पुलिस की मौजूदगी में वृद्धि, उचित एवं उन्नत निगरानी और गहन स्क्रीनिंग प्रक्रियाएं शामिल हैं। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक सुरक्षा मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता है और हम यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि सभी लोगों के लिए क्रिकेट विश्व कप एक सुरक्षित, आनंददायक अनुभव हो।



# विराट की कोशिश टी-20 विश्वकप में रन बनाने में शीर्ष पर बने रहने की



■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 30 मई (देशबन्धु)। भारत के 35 बरस के धुरंधर बल्लेबाज विराट कोहली ने 2012 से 2022 तक अब तक लगातार पांच टी-20 विश्व कप खेल इसके इतिहास में 27 मैचों में 81.50 की औसत और 131.30 की स्ट्राइक रेट से सबसे ज्यादा कुल 14 अर्द्बशतकों और सबसे ज्यादा 1141 रन बनाए हैं। वहीं भारत के कप्तान रोहित शर्मा 2007 से 2022 तक सभी आठ टी-20 विश्व कपों में शिरकत कर 36 मैचों में 9 अर्धशतक सहित 973 रन बनाकर चौथे स्थान पर हैं। चेज मास्टर' के नाम से ख्यात विराट के नाम टी-20 विश्व कप सबसे ज्यादा सात बार मैन ऑफ द' मैच का अवॉर्ड पाने का रिकॉर्ड भी है। 2022 के टी-20 विश्व कप में विराट की पाकिस्तान के खिलाफ रन के खिलाफ रनों का पीछा करते हुए 82* रन की पारी उनकी सबसे यादगार पारियों में से एक हैं। विराट की कोशिश 2 जून से शुरू हो रहे नौवें संस्करण में भी बल्ले से दमदार प्रदर्शन कर टी-20 विश्व कप में रन बनाने में शीर्ष पर बने रहने की होगी। हालांकि विराट और रोहित को अब तक टी-20 विश्व कप में अपने पहले शतक का इंतजार है। भारत के लिए टी-20 विश्व कप के इतिहास में अकेला शतक 2010 के संस्करण जड़ने में सुरेश रैना ने यह वेस्ट इंडीज में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ जड़ ग्रुप सी में भारत को 14रन से जिताया था। न तो कोई भारतीय बल्लेबाज रैना से पहले और न ही उनके बाद टी-20 विश्व कप में अब तक शतक जड़ पाया है।

■ **विराट और रोहित को टी-20 विश्व कप में अपने पहले शतक का इंतजार**

### रोहित बन जाएंगे नौ टी-20 विश्व कप खेलने वाले दुनिया के पहले खिलाड़ी



साथ ही विराट कोहली के नाम एक अकेले टी-20 विश्व कप में 2014 में बांग्लादेश में छह मैचों में चार अर्द्धशतक सहित सबसे ज्यादा कुल 319 रन बनाने का भी रिकॉर्ड है। तब विराट के धमाकेदार प्रदर्शन से 2007 के चैंपियन भारत ने दूसरी बार टी-20 विश्व कप फाइनल में स्थान पाया था। भारत के कप्तान रोहित शर्मा जब 5 जून को न्यूयॉर्क में टी-20 विश्व कप में आयरलैंड के खिलाफ ग्रुप ए में पहले मैच में खेलने उतरेंगे तो इसके लगातार सबसे ज्यादा नौ संस्करणों में खेलने वाले दुनिया के पहले बल्लेबाज बन जाएंगे वहीं बांग्लादेश के शाकिब अल हसन भी ग्रुप डी में डलास में श्रीलंका के खिलाफ अपनी टीम के पहले मैच में खेलने उतरने के साथ उनकी बराबरी कर लेंगे।

### सूर्य में है गेल के सबसे कम गेंदों में शतक जड़ने के रिकॉर्ड को तोड़ने का दम



टी-20 विश्व कप के इतिहास में सबसे कम गेंदों में सबसे तेज शतक बॉस' के नाम से ख्यात वेस्ट इंडीज के क्रिस गेल ने मात्र 45 गेंद खेल कर पूरा। गेल टी-20 विश्व कप के इतिहास में दो शतक जड़ने वाले दुनिया के इकलौते बल्लेबाज हैं और उन्होंने इसमें अपना दूसरा शतक मात्र 50 गेंद खेल कर पूरा किया है। गेल का यह रिकॉर्ड उनके घर वेस्ट इंडीज और अमेरिका में अगले महीने शुरू हे हो रहे टी-20 विश्व कप में टूट सकता है। भारत के 360 डिग्री बल्लेबाज सूर्य कुमार यादव जिस तरह मुंबई इंडियंस के लिए रंग में दिखे उससे उनमें उनमें गेल के सबसे कम गेंदों में टी-20 विश्व कप में शतक जड़ने के रिकार्ड को तोड़ने का दम है।

### डिविलियर्स के सबसे ज्यादा कैच को तोड़ने की होड़ में रोहित भी

दक्षिण अफ्रीका के एबी डिविलियर्स के नाम टी-20 विश्व कप में बतौर फील्डर सबसे ज्यादा 23 कैच लपकने का रिकॉर्ड है। ऑस्ट्रेलिया के डेविड वॉर्नर (21कैच) उनके बाद दूसरे नंबर पर हैं जबकि भारत के कप्तान रोहित शर्मा (16 कैच) और ऑस्ट्रेलिया के ग्लेन मैक्सवेल (16कैच) तीसरे नंबर पर हैं और होड़ में जरूर है। ऑस्ट्रेलिया के डेविड वॉर्नर की कोशिश नौंवे टी-20 विश्व कप में डिविलियर्स का सबसे ज्यादा कैच लपकने का रिकॉर्ड तोड़ने की कोशिश होगी।

### ऑस्ट्रेलिया की श्रेष्ठता को चुनौती देने का मौका

पैट कमिंस की कप्तानी में ऑस्ट्रेलिया ने ट्रेविज हेड के शतक से जून, 2023 में लंदन में पहले रोहित शर्मा की अगुआई वाली भारतीय टीम को आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में भारत को 20830 रन से हराकर खिताब जीता। नवंबर में कमिंस की कप्तानी में एक बार फिर हेड के ही शतक से ऑस्ट्रेलिया ने नवंबर ,2023 में लगातार दस जीत के रोहित की कप्तानी में साथ आईसीसी वन डे क्रिकेट विश्व कप फाइनल में पहुंचने वाली मेजबान भारतीय टीम को अहमदाबाद में छह विकेट से हराकर चैंपियन बनने का गौरव पाया। अब ऑस्ट्रेलिया के पास अमेरिका और वेस्ट इंडीज में होने वाले टी-20 विश्व कप को जीत कर क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट का विश्व कप जीतने वाली पहली टीम बनने का मौका है।

### क्या कोई भारतीय ही तोड़ेगा युवी के सबसे तेज अर्द्धशतक का रिकॉर्ड



भारत को 2007 में पहला आईसीसी टी-20 विश्व कप जिताने में बेहतरीन ऑलराउंडर और टीम के उपकप्तान युवराज सिंह का बल्ले और गेंद दोनों से खासा अहम रोल था। टी-20 विश्व कप के इतिहास में सबसे कम मात्र 12 गेंदों में सबसे तेज अर्द्धशतक युवराज सिंह ने 2007 में पहले संस्करण में इंग्लैंड के खिलाफ किंग्समीड में जड़ा था। युवराज ने इस दौरान इंग्लैंड के स्टुअर्ट ब्रॉड के एक ही ओवर में उनकी लगातार छह गेंदों पर युवराज ने लगातार छह छक्के अपना यह अर्द्धशतक जड़ा था। 2021 के टी-20 विश्व कप में भारत के केएल राहुल ने स्कॉटलैंड के खिलाफ मात्र 18 गेदों में अर्द्धशतक जड़ा था। यह देखना दिलचस्प होगा कि अमेरिका और वेस्ट इंडीज में होने वाले नौवें संस्करण में क्या इसके तोड़ने वाला बल्लेबाज भारतीय होगा?

### महेला के सबसे ज्यादा चौके जड़ने का रिकॉर्ड तोड़ सकते हैं विराट

विराट कोहली अब तक लगातार पांच टी-20 विश्व कप खेल कर 25 मैचों में 103 चौके जमा इसके इतिहास में सबसे ज्यादा चौके जड़ने में श्रीलंका के महेला जयवर्द्धने (111 चौके) के बाद दूसरे नंबर पर हैं जबकि कप्तान रोहित शर्मा 36 मैच खेल कर 91 चौकों के साथ चौथे नंबर पर है। विराट कोहली के भारत के आयरलैंड के खिलाफ नौवें संस्करण में पहले ही मैच में श्रीलंका के महेला जयवर्द्धने के रिकॉर्ड को तोड़ खुदं सबसे ज्यादा चौके जड़ने में शीर्ष पर पहुंचने की उम्मीद है।

## विराट मानसिक रूप से बहुत मजबूत : वॉटसन

**नई दिल्ली,** 30 मई (एजेंसियां)। एक खिलाड़ी के जीवन में उसका मानसिक रूप से मजबूत रहना काफी महत्वपूर्ण है। इसी का जिक्र करते हुए पूर्व ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर शेन वॉटसन ने कहा कि भारतीय क्रिकेट के दिग्गज विराट कोहली और एमएस धोनी उनकी नजर में मानसिक रूप से सबसे मजबूत खिलाड़ी हैं।

विराट कोहली के लिए आईपीएल 2024 शानदार रहा। उन्होंने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए इस सीजन 741 रन बनाए और ऑरेंज कैप पर अपना कब्जा भी जमाया। अब वे 1 जून से शुरू होने वाले आगामी पुरुष टी20 विश्व कप में भारत के लिए खेलते नज़र आएंगे। हार्पर कॉलिन्स पब्लिशर्स इंडिया द्वारा लॉन्च की गई अपनी नई किताब 'द विनर्स माइंडसेट' के मौके पर आईएएनएस के साथ एक विशेष साक्षात्कार में वॉटसन ने कहा कि जिन लोगों के साथ मैंने खेला है, मैं किसी एक का नाम नहीं लूंगा लेकिन मुझे यह पता है कि जिन उच्च-गुणवत्ता वाले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटरों के साथ मैंने काम किया है, जैसे कि दिल्ली कैपिटल्स में मैंने जो चीजें देखी हैं। हर मैच में आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने की उनकी क्षमता और यह जानना कि उनका सर्वश्रेष्ठ संस्करण कैसा दिखता है, इसलिए वे हर बार उसी के अनुसार आगे बढ़ते हैं। वॉटसन ने विराट कोहली का जिक्र करते हुए कहा कि एक विराट कोहली हैं, जो मानसिक रूप से बहुत मजबूत हैं। वह पूरी तरह से समझते हैं कि खुद का सर्वश्रेष्ठ कैसे लाया जाए, लगभग हर मैच में वह जो तीव्रता लाते हैं, वह सराहनीय है। वास्तव में ऐसे कुछ ही अन्य लोग हैं जिनके साथ मैंने खेला है या जिनके खिलाफ खेला है, जिनके पास हर मैच के हर पल में लगातार तीव्रता थी। इसलिए विराट के बारे में यह कुछ ऐसा है, जिसे हमने इस आईपीएल में देखा है, कि वह कितने व्यस्त हैं। इसी वजह से वह इतने लंबे समय तक इतना अच्छा प्रदर्शन करने में सक्षम रहे हैं। दूसरी ओर, अनुभवी विकेटकीपर-बल्लेबाज एमएस धोनी ने इस सीजन आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए 14 पारियों में 161 रन बनाए, जिसमें 14 चौके और 13 छक्के लगाकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध करना शामिल है एमएस धोनी, विराट से उस तीव्रता के विपरीत हैं। उन्हें अपनी तीव्रता के स्तर के साथ 10 में से 9 की तरह होने की जरूरत नहीं है; उन्हें लगभग छह पर होने की जरूरत है। लेकिन उन्हें उस तरह की क्लास में रहने की जरूरत है जहां वह अभी भी पूरी तरह से लगे हुए हैं और अपनी रणनीति पर भरोसा कर रहे हैं क्योंकि यह पहले से कहीं ज्यादा अच्छा है।

■ **1 जून से शुरू होने वाले आगामी पुरुष टी20 विश्व कप में भारत के लिए खेलते नजर आएंगे**



## पोंटिंग की भविष्यवाणी, टी-20 विश्वकप में सबसे ज्यादा विकेट लेंगे बुमराह

**नई दिल्ली,** 30 मई (एजेंसियां)। टी20 विश्व कप 2024 का शंखनाद जल्द होने वाला है। टूर्नामेंट के आगाज से पहले पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर रिकी पोंटिंग ने एक बड़ी भविष्यवाणी की है।

■ **बुमराह पीठ की चोट के कारण ऑस्ट्रेलिया में खेले गए टी-20 विश्वकप 2022 से बाहर थे**

उन्होंने कहा कि यूएसए और वेस्टइंडीज में खेले जाने वाले इस मेगा-इवेंट में भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज होंगे। जसप्रीत बुमराह पीठ की चोट के कारण ऑस्ट्रेलिया में खेले गए टी20 विश्व कप 2022 से बाहर थे। इसके बाद उनकी एक सर्जरी भी हुई। टी20 फॉर्मेट की बात करे तो, जसप्रीत बुमराह आईपीएल 2024 में मुंबई इंडियंस के लिए 13 मैचों में 6.48 की इकॉनमी रेट के साथ 20 विकेट लेने के बाद इस मेगा इवेंट में शामिल हुए हैं। पोंटिंग ने आईसीसी रिव्यू शो में कहा कि मेरे हिसाब से टी20 विश्व कप में सबसे ज़्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज जसप्रीत बुमराह होंगे। मुझे लगता है कि वह कई सालों से बेहतरीन प्रदर्शन कर रहे हैं। उनका प्रदर्शन आईपीएल 2024 में भी शानदार रहा है। वह नई गेंद को स्विंग कराते हैं, उनकी सीम अच्छी है और बुमराह नई गेंद से क्या कर सकते हैं, यह सबको पता है। आईपीएल के अंतिम दिनों में उनका इकॉनमी रेट सात रन प्रति ओवर से भी कम था। वह विकेट लेते हैं। जब आप टी-20 क्रिकेट में एक मुश्किल ओवर फेंकते हैं, तो आपको विकेट लेने का मौका मिलता है। उनका यह भी मानना है कि ऑस्ट्रेलिया के बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड आगामी टूर्नामेंट में सबसे ज़्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हो सकते हैं। पिछले साल के वनडे विश्व कप फाइनल में प्लेयर ऑफ द मैच रहे ट्रेविस हेड ने आईपीएल 2024 में सनराइजर्स हैदराबाद के लिए 15 मैचों में 191.55 की स्ट्राइक-रेट से 567 रन बनाए। हालांकि टूर्नामेंट के आखिरी दौर में उन्हें रनों के लिए संघर्ष करना पड़ा। पोंटिंग ने आगे कहा कि मेरे अनुमान के मुताबिक सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी ट्रेविस हेड होंगे। मुझे लगता है कि पिछले कुछ वर्षों में उन्होंने जो भी किया है।





## भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने शूटआउट में जर्मनी को हराया


**ब्रेडा (नीदरलैंड),** 30 मई (एजेंसियां)। भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने जर्मनी के खिलाफ शूटआउट में जीत दर्ज की, जबकि जूनियर महिला टीम ने ओरांजे रूड के खिलाफ ड्रॉ के साथ अपना यूरोप दौरा समाप्त किया। यह मुकाबला 1-1 से बराबर रहने के बाद पुरुष टीम ने पेनल्टी शूटआउट में 3-1 से जीत हासिल की। इससे पहले नियमित समय में मुकेश टोप्पो ने 33वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर रिबाउंड पर गोल किया। जूनियर महिला टीम के लिए, संजना होरो (18%) और अनीशा साहू (58%) ने डच क्लब ओरांजे रूड के साथ 2-2 से बराबरी पर गोल किये। पहले हाफ तक न तो भारतीय जूनियर पुरुष और न ही जर्मनी गोल करने में सफल रहे। हालांकि, मुकेश टोप्पो (33%) ने तीसरे क्वार्टर की शुरुआत में पेनल्टी कॉर्नर पर रिबाउंड पर गोल किया। भारतीयों ने अपनी बढ़त तब तक बनाए रखी जब तक कि जर्मनी ने चौथे क्वार्टर में चार मिनट बाद बराबरी नहीं कर ली, जिससे मैच में रोमांच बढ़ गया। दोनों टीमों के बढ़त लेने के प्रयासों के बावजूद, निर्धारित समय के अंत में स्कोर बराबरी पर रहा, जिसके कारण पेनल्टी शूटआउट हुआ। भारत ने शूटआउट 3-1 से जीता, जिसमें गुरजोत सिंह, दिलराज सिंह और मनमीत सिंह ने गोल किए। उन्होंने अपने अंतिम मैच में जीत के साथ यूरोप के अपने दौरे का समापन किया। इस बीच, जूनियर महिला टीम ने ओरांजे रूड के खिलाफ एक धीमा पहला क्वार्टर खेला। दूसरे क्वार्टर की शुरुआत में संजना (18%) ने भारत के लिए गोल कर गतिरोध को तोड़ा। ओरांजे रूड ने दो पेनल्टी कॉर्नर अर्जित करते हुए अच्छा जवाब दिया, लेकिन भारतीय डिफेंस ने मजबूती से पकड़ बनाए रखी और पहला हाफ भारत के पक्ष में 1-0 से समाप्त हुआ। तीसरे क्वार्टर में ओरांजे रूड ने पहल की। गोल की तलाश में ओरांजे रूड ने भारत को बैकफुट पर धकेला और तीन पेनल्टी कॉर्नर अर्जित किए और दो बार गोल करके 2-1 की बढ़त हासिल की। भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने आखिरी क्वार्टर में स्कोर बराबर करने का प्रयास किया, लेकिन अंतिम क्षणों में अनीशा (58%) ने गोल करके मैच को 2-2 से बराबर कर दिया।



■ **भारतीयों ने अपनी बढ़त तब तक बनाए रखी] जब तक कि जर्मनी ने चौथे क्वार्टर में चार मिनट बाद बराबरी नहीं कर ली**

## सिंगापुर ओपन : सिंधू दूसरे दौर में मारिन से हारकर बाहर

**सिंगापुर,** 30 मई (एजेंसियां)। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता भारत की पीवी सिंधू का सिंगापुर ओपन में अभियान पुरानी प्रतिद्वंद्वी स्पेन की कैरोलिना मारिन से गुरूवार को दूसरे दौर में हार के साथ समाप्त हो गया। विश्व में 12वें नंबर की खिलाड़ी सिंधु को बीडब्लूएफ सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में दूसरे दौर में कड़े संघर्ष में 21-13,11-21, 20-22 से हार का सामना करना पड़ा। इससे पहले भारतीय खिलाड़ी ने विश्व की 21वें नंबर की खिलाड़ी डेनमार्क की लाइन होजमार्क कजेर्सफेल्ट को पहले राउंड में 21-12, 22-20 से हराकर पूर्व ओलंपिक चैंपियन मारिन से भिड़ने का अधिकार पाया था। सिंधु और मारिन ने 2016 के रियो ओलंपिक के फ़ाइनल में एक-दूसरे का आमना-सामना किया था जिसमें मारिन विजेता रही थीं। गुरूवार की इस जीत के साथ मारिन ने सिंधु के खिलाफ अपना रिकॉर्ड 12-5 कर लिया है।



## बॉक्सिंग वर्ल्ड क्वॉलीफायर : सचिन, संजीत पेरिस में जगह पक्की करने के करीब

**बैंकॉक,** 30 मई (एजेंसियां)। भारत के सचिन सिवाच (57 किग्रा) और संजीत कुमार (92 किग्रा) ने पेरिस ओलंपिक क्वालीफायर की ओर एक और कदम बढ़ाया। उन्होंने गुरवार को बॉक्सिंग वर्ल्ड क्वालीफायर के अगले दौर में पहुंचने के लिए अपने-अपने प्रतिद्वंद्वियों पर जीत दर्ज की। सिवाच ने प्री-क्वालीफायर राउंड में तुर्की के ओलंपियन बटुहान सिफ्टी पर 5-0 की शानदार जीत के साथ भारत के लिए शुरुआत की। इसके बाद संजीत ने राउंड ऑफ 32 में वेनेजुएला के लुइस सांचेज के खिलाफ एकतरफा जीत दर्ज की। 57 किग्रा वर्ग में केवल तीन मुक्केबाज ही पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर पाएंगे, इसलिए सिवाच को अपनी जगह बनाने के लिए दो और मुकाबले जीतने होंगे, जबकि संजीत का लक्ष्य भी यही होगा। अनुभवी मुक्केबाज के खिलाफ, सिवाच ने राउंड 1 में पूरी ताकत से मुकाबला किया और यह रणनीति भारतीय मुक्केबाज के लिए सफल हुई क्योंकि उन्होंने बहुत जल्दी ही मुकाबले पर नियंत्रण हासिल कर लिया। उन्होंने राउंड 2 में भी सर्वसम्मति से जीत हासिल की। हालांकि तीसरे और अंतिम राउंड में सिफ्टी ने वापसी करने की कोशिश की, लेकिन भारतीय मुक्केबाज अंत में बहुत सहज थे। संजीत और सांचेज के बीच 92 किग्रा का मुकाबला भी इसी तरह का रहा, क्योंकि 2021 एशियाई चैंपियनशिप के स्वर्ण पदक विजेता ने राउंड 1 में अपने वेनेजुएला के प्रतिद्वंद्वी को एक भी मौका नहीं दिया। सांचेज ने राउंड 2 और 3 में कुछ चमक दिखाई, लेकिन अनुभवी संजीत ने उन्हें दूर रखा और काउंटर अटैक पर अपने मुक्कों से आसानी से जीत हासिल की।

■ **सिवाच ने प्री-क्वालीफायर राउंड में तुर्की के ओलंपियन बटुहान सिफ्टी पर शानदार जीत की शुरुआत की**




## सार संक्षेप

### बायर्न म्यूनिख ने विंसेंट कोम्पनी को मुख्य कोच नियुक्त किया

**बर्लिन।** बायर्न म्यूनिख ने बेल्जयम के पूर्व फुटबॉलर विंसेंट कोम्पनी को अपना नया मुख्य कोच नियुक्त किया है। क्लब ने बुधवार को अपनी आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से इसकी पुष्टि की है। बायर्न म्यूनिख क्लब ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से बताया कि पूर्व फुटबॉलर 38 वर्षीय कोम्पानी तीन साल जून 2027 तक बायर्न म्यूनिख के साथ जुड़े रहेंगे। बायर्न ने कहा कि कॉम्पनी ने तीन साल के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं। बायर्न के अध्यक्ष जान-क्रिश्चियन ड्रेसेन ने कहा कि क्लबहम सभी इस बात पर सहमत हैं कि विंसेंट कोम्पानी एफसी बायर्न के लिए बहुत ही मुनासिब कोच हैं और हम उनके साथ काम करने के लिए बहुत उत्सुक हैं। मैक्स एबरल और क्रिस्टोफ़ फ़्रेंड ने कभी हार नहीं मानी और एक ऐसे कोच को खोज निकाला है, जो बायर्न को सफलता की ऊंचाई की ओर ले जा सकते हैं।

### स्क्वैश : रथिका सीलन हांगकांग पीएसए चैलेंज कप के क्वार्टरफाइनल में

**हांगकांग।** रथिका सीलन ने स्थानीय खिलाड़ी का ह्युन लियुंग को 3-2 से हराकर हांगकांग पीएसए चैलेंज कप-चौथे चरण के क्वार्टरफाइनल में प्रवेश कर लिया है। छठी सीड भारतीय खिलाड़ी को पहले दौर में बाई मिली और दूसरे दौर में उन्होंने लियुंग को 4-11, 5-11, 11-4, 11-4, 11-7 से पराजित किया। तमिलनाडु की खिलाड़ी, जिसने अपना पहला प्रोफेशनल टूर खिताब पिछले सप्ताह इंदौर में एचसीएल स्क्वैश टूर में जीता था, का क्वार्टरफाइनल में तीसरी वरीयता प्राप्त मलेशिया की सहवित्रा कुमार से मुकाबला होगा।

### फ्रेंच ओपन में बारिश से पड़ी बाधा, अल्काराज तीसरे दौर में

**पेरिस।** वर्ष के दूसरे ग्रैंड स्लैम फ्रेंच ओपन में बुधवार को लगातार बारिश से बाधा पड़ी जबकि तीसरी वरीयता प्राप्त स्पेन के कार्लोस अल्काराज ने डच क्वालीफायर जेसपर डी जोंग की कड़ी चुनौती को क़ाबू कर तीसरे दौर में प्रवेश कर लिया। मैच केवल दो कोर्ट- कोर्ट फिलिप चैटरियर और कोर्ट सुजान लेंग्लेन- पर ही संभव हो पाए क्योंकि ये कोर्ट छत से कवर्ड हैं। अल्काराज बुधवार को खेले गए तीन पुरुष एकल मैचों में से एक को जीतने में कामयाब रहे। लेकिन यह विश्व के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी के लिए मुश्किल मुकाबला रहा जिन्हे तीसरे दौर में प्रवेश करने के लिए चार सेटों 6-3, 6-4, 2-6, 6-2 तक जोर लगाना पड़ा।